फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 75 संख्याः 213 प्रभात जयपुर, बुधवार 05 मार्च, 2025 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.75 रु.

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू


# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

ARBIT




**Sholay Playing At Raj Mandir**

This historic screening of *Sholay* is not just a tribute to a film that redefined storytelling, action, and cinema itself, but also a homage to *Raj Mandir*

**Becoming Conservative**

Becoming a parent may have psychological effects that you don't expect

# नेपाल में सीता की जन्म स्थली जनकपुर व राम के जन्म स्थान अयोध्या को रेल लाइन से जोड़ा जायेगा

## पिछले वर्ष जब नेपाल के प्र.मंत्री दिल्ली आये थे, तब प्र.मंत्री मोदी ने इस प्रोजैक्ट पर बात की थी तथा सहमति बनी थी कि शीघ्र ही रेलवे लाइन को बिछाने का काम शुरु किया जाए

-रेणु मित्तल-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 4 मार्च। प्रधानमंत्री मोदी पूरी तरह अपने हिन्दुत्व एजेंडा पर जमे हुये हैं। राम, भाजपा और मोदी - दोनों के ही केन्द्र बिन्दु बने हुये हैं। इस सरकार ने राम को जितना अधिक काम में लिया है, उतना दावा कोई अन्य सरकार नहीं कर सकती।

मोदी की लिस्ट में नवीनतम लक्ष्य है- नेपाल के जनकपुर (सीता की जन्मस्थली) शहर तथा उत्तर प्रदेश में अयोध्या (राम की जन्मस्थली) को रेल लाइन से जोड़ना।

सीता और राम को जोड़ने वाली इस रेलवे लाइन काम काम शुरु हो गया है तथा इस प्रकार राम के आख्यान की शृंखला में एक और कड़ी जोड़ी जा रही है।

- **यह भी तय हुआ है कि भारत इस रेलवे लाइन के पूरे प्रोजैक्ट को "फंड" करेगा।**
- **स्वाभाविक ही है, मोदी ही इस रेल लिंक का उद्घाटन भी करेंगें।**
- **इससे पूर्व, 2018 में जब प्र.मंत्री मोदी नेपाल गये थे तो उन्होंने अपनी नेपाल यात्रा का शुभारम्भ जनकपुर के ऐतिहासिक शहर से किया था। जैसा कि विदित ही है, जनकपुर में सीता का मंदिर है और मोदी ने जनकपुर में अपना भाषण "जय सियाराम" के उद्घोष से किया था।**
- **2018 में ही प्र.मंत्री मोदी की यात्रा के दौरान, जनकपुर से भारत के लिये सीधी बस सेवा शुरु करने की घोषणा भी की गई थी।**

नरेन्द्र मोदी मई 2018 में जब नेपाल यात्रा पर गये थे, तब उन्होंने अपनी यात्रा का शुभारंभ ऐतिहासिक नगरी जनकपुर से किया था और वहाँ स्थित सीता मंदिर गये थे। वहाँ उन्होंने अपना भाषण "जय सिया राम" से शुरु किया था। 2018 में, एक बस सेवा शुरु करने की भी घोषणा की गई थी।

गत वर्ष, जब नेपाल के प्रधानमंत्री दिल्ली आये थे, तो प्रधानमंत्री मोदी ने जनकपुर और अयोध्या के बीच रेल-सेवा शुरु करने की चर्चा की थी तथा इस पर दोनों के बीच सहमति बन गई थी और रेल-लाइन का काम शुरु कर दिया गया था। रेलवे लाइन का पूरा खर्च भारत सरकार वहन कर रही है।

यह भी तर्कसंगत ही है कि जब इसका पूरा वित्तीय भार भारत सरकार वहन कर रही है तो मोदी इसका उद्घाटन करना भी चाहेंगे और इस प्रकार उनका राम-एजेंडा और आगे बढ़ेगा।

आर.एस.एस. प्रमुख पहले ही कह ही चुके हैं कि भारत को आजादी 1947 में नहीं मिली, बल्कि उस दिन मिली, जब 22 जनवरी 2023 को राममंदिर का उद्घाटन हुआ।

अभी हाल ही में, भारत और नेपाल के बीच हुई प्रतिनिधिमण्डल स्तर की वार्ता में जनकपुर -अयोध्या रेलवे लाइन को लेकर चर्चा हुई थी, क्योंकि इस लाइन का काम भारतीय रेलवे के अन्य सम्बंधित प्रोजेक्टों के साथ शुरु हो चुका है।

## हाईवे के किनारे अवैध शराब दुकान पर जवाब क्यों नहीं

जयपुर, 4 मार्च। राजस्थान हाईकोर्ट ने हाइवे के किनारे अवैध शराब दुकान संचालन मामले में राज्य सरकार की ओर से अदालत में जवाब पेश नहीं करने को गंभीर माना है। इसके साथ ही, अदालत ने राज्य सरकार को जवाब के लिए 18 मार्च तक का समय दिया है। अदालत ने कहा है कि यदि तब तक जवाब पेश नहीं किया जाता तो आबकारी विभाग आयुक्त हाजिर होकर स्पष्टीकरण दें कि उन्होंने जवाब क्यों नहीं दिया? जस्टिस इन्द्रजीत सिंह व भुवन गोयल की खंडपीठ ने यह आदेश नितेश शर्मा की जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया।

- **हाई कोर्ट का निर्देशः 18 मार्च तक जवाब नहीं दिया तो आबकारी आयुक्त हाज़िर होकर जवाब दें।**

सुनवाई के दौरान विभाग के अधिवक्ता ने जवाब के लिए दो सप्ताह का समय मांगा, जिसका विरोध करते हुए याचिकाकर्ता के अधिवक्ता ने कहा कि लंबा समय बीतने के बाद भी विभाग ने जवाब पेश नहीं किया है। इस पर अदालत ने उन्हें समय तो दे दिया, लेकिन जवाब पेश नहीं होने पर आयुक्त को पेश होने के लिए कहा है।

मामले से जुड़े अधिवक्ता जीके जोशी ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट व राजस्थान आबकारी अधिनियम के अनुसार, हाइवे किनारे ग्रामीण क्षेत्र में 500 मीटर व नगर पालिका क्षेत्र में 220

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# अगले वर्ष के विधानसभा चुनाव की "थीम" तमिलनाडु बनाम केन्द्र बनाना चाहते हैं स्टालिन

## पहले "डीलिमिटेशन" फिर तीन भाषा वाला शिक्षा नीति का मामला और अब श्रीलंका व भारत के बीच समुद्र में पैट्रोलियम व गैस के केन्द्रीय प्रोजैक्ट को तमिलनाडु बनाम केन्द्र इशू बना रहे हैं स्टालिन

-लक्ष्मण वैंकट कुची-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 4 फरवरी। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री केन्द्र सरकार के साथ दो-दो हाथ करने के मामले में बहुत अधीर हो रहे हैं। परिसीमन और त्रिभाषा फॉर्मूला का मसला उठाने के बाद, अब उन्होंने भारत और श्रीलंका के पश्चिमी तट के बीच स्थित गल्फ ऑफ मन्नार (मन्नार की खाड़ी) में प्रस्तावित पैट्रोलियम और नैचुरल गैस प्रोजैक्ट का मुद्दा उठाया है।

तमिलनाडु के विधानसभा चुनाव, जो अगले साल होने हैं, के लिए तैयारी कर रहे स्टालिन ऐसे मुद्दे उठा रहे हैं, जो उन्हें विधानसभा चुनावों को केन्द्र बनाम तमिलनाडु के संघर्ष में बदलने में मदद देंगे और उन्हें तमिलनाडु का प्रतिनिधित्व करने वाले नेता के रूप में पेश करेंगे। चूंकि मछुआरे एक बड़ा वोट बैंक हैं, इसलिए स्टालिन ने यह मुद्दा उठाया है और इसे मछुआरों की आजीविका व रोजगार से जोड़ा है।

- **स्टालिन का प्रयास है कि ऐसी छवि बने कि वे (स्टालिन) तो तमिलनाडु के हितों के रक्षक व प्रहरी के रूप में दिखें और केन्द्रीय सरकार ऐसी नज़र आये कि वो तमिलनाडु को कमज़ोर करना चाहती है तथा तमिलनाडु के हितों के खिलाफ काम करने पर आमादा है।**
- **क्योंकि, तमिलनाडु में डीएमके का मजबूत कैडर है तथा तमिल मीडिया का एक बड़ा वर्ग भी डीएमके का समर्थक है, स्टालिन का राजनीतिक "मैसेज" आसानी से जनता के बीच पहुँच जाता है। अतः किसी हद तक स्टालिन को सफलता भी मिल रही है, अगले विधानसभान चुनाव को तमिलनाडु व केन्द्र के बीच संघर्ष बनाने में।**

स्टालिन और द्रमुक को तमिल मीडिया का भी पूर्ण समर्थन मिल रहा है, इसलिए उनका संदेश जनमानस तक अन्य दलों की तुलना में ज्यादा आसानी से पहुंच रहा है। द्रमुक का अपना मीडिया भी है। स्टालिन ने गल्फ ऑफ मन्नार के मुद्दे पर प्रधानमंत्री को जो पत्र लिखा, उसकी विषय वस्तु भी आम जनता तक पहुंचाई जा चुकी हैं।

स्टालिन ने अपने पत्र में लिखा है कि प्रस्तावित ऑफशोर प्रोजैक्ट क्षेत्र के नाज़ुक इकोसिस्टम को नष्ट कर देगा। इससे समुद्र के पर्यावरण को इतना भारी नुकसान पहुंचेगा कि उसकी कभी भी भरपाई नहीं हो सकेगी और इससे लाखों तमिलों की आजीविका भी प्रभावित होगी।

उन्होंने प्रधानमंत्री से प्रोजैक्ट की अधिसूचना वापस लेने का आग्रह किया तथा कहा कि इस बारे में राज्य के मुख्यमंत्री से बात नहीं की गई।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# दिल्ली रेल्वे स्टेशन पर भगदड़ के 17 दिन बाद रेल्वे ने "एक्शन" लिया

## दिल्ली के मंडल रेल प्रबंधक सुखविंदर सिंह को हटाया

नयी दिल्ली, 04 मार्च। राजधानी के नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर 15 फरवरी की रात को हुई भगदड़ की घटना के 17 दिन बाद, भारतीय रेलवे ने कड़ी कार्रवाई की और दिल्ली के मंडल रेल प्रबंधक सुखविंदर सिंह को आज उनके पद से हटा दिया।

रेलवे बोर्ड ने आज जारी एक आदेश में भारतीय रेलवे इलैक्ट्रिक इंजीनियरिंग सेवा के अधिकारी पुष्पेश आर. त्रिपाठी को दिल्ली का नया मंडल रेल प्रबंधक नियुक्ति किया गया है और सुखविंदर सिंह (भारतीय रेलवे इलैक्ट्रिक इंजीनियरिंग सेवा) की फिलहाल कोई नियुक्ति नहीं की गयी है और उन्हें प्रतीक्षारत रखा गया है।

- **रेल्वे बोर्ड ने एक आदेश जारी कर भारतीय रेल्वे इलैक्ट्रिक सेवा के अधिकारी पुष्पेश आर. त्रिपाठी को नया मंडल रेल प्रबंधक बनाया है। सुखविंदर सिंह को "वेटिंग" में रखा गया है।**
- **भगदड़ की घटना की जाँच के लिए दो सदस्यीय उच्च स्तरीय कमेटी घोषित की गई है। कमेटी की रिपोर्ट अभी नहीं आई है, पर, सूत्रों ने कहा, सुखविंदर सिंह को हटाने की कार्यवाही के पीछे "भगदड़" ही मुख्य कारण है।**

त्रिपाठी इस समय उत्तर मध्य रेलवे में प्रयागराज में मुख्य इलैक्ट्रिक लोको इंजीनियर के पद पर कार्यरत हैं।

उल्लेखनीय है कि शनिवार 15 फरवरी की रात करीब साढ़े नौ बजे दिल्ली रेल्वे स्टेशन पर मची भगदड़, जिसमें कई जाने गईं थीं, की जाँच के लिए दो सदस्यीय उच्चस्तरीय कमेटी गठित की गयी थी, जो घटना के हर पहलू की बारीकी से जांच कर रही है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इस घटना को अत्यंत गंभीरता से लिया है और जांच की रिपोर्ट के आधार पर कड़ी एवं निष्पक्ष कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

सूत्रों ने बताया कि जांच समिति की रिपोर्ट अभी नहीं आयी है। हालांकि, सूत्रों ने दिल्ली के मंडल रेल प्रबंधक को हटाने का कारण पूछे जाने पर भगदड़ की घटना की ओर संकेत किया है। सूत्रों ने यह भी संकेत दिया कि इस घटना में एक और बड़े अधिकारी पर भी कार्रवाई होने की संभावना है।

## हाई कोर्ट ने 19 मार्च को शिक्षा निदेशक को तलब किया

जयपुर, 4 मार्च। राजस्थान हाईकोर्ट ने महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम स्कूल में नियुक्ति के मामले में शिक्षा निदेशक को 19 मार्च को अदालत में हाजिर होकर बताने को कहा है कि अदालती आदेश के बावजूद, याचिकाकर्ताओं के अभ्यावेदन तय क्यों नहीं किए गए। अदालत ने स्पष्ट किया है कि यदि तब तक आदेश की पालना में अभ्यावेदन तय कर दिए जाते हैं तो शिक्षा निदेशक को हाजिर होने की जरूरत नहीं है। जस्टिस समीर जैन की एकलपीठ ने ये आदेश रणजीत सिंह व अन्य की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए।

- **अदालत के आदेश के बावजूद महात्मा गाँधी अंग्रेजी माध्यम स्कूल में नियुक्ति क्यों नहीं दी।**

याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता रामप्रताप सैनी ने अदालत को बताया गया कि याचिकाकर्ता पूर्व से ही शिक्षक पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# केजरीवाल दस दिवसीय विपश्यना ध्यान शिविर में शामिल होंगे

## केजरीवाल और उनकी पत्नी सुनीता पंजाब में आनंदगढ के धम्म धजा विपश्यना सैंटर पहुंचे हैं

होशियारपुर, 4 मार्च। आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक अरविंद केजरीवाल मंगलवार शाम होशियारपुर से करीब 14 किलोमीटर दूर चोहाल स्थित वन विश्राम गृह गए।

आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, केजरीवाल के साथ उनकी पत्नी सुनीता केजरीवाल भी हैं। वे कल होशियारपुर से करीब 11 किलोमीटर दूर आनंदगढ़ गांव में स्थित धम्म धजा विपश्यना केन्द्र (डीडीवीसी) में 10 दिवसीय विपश्यना ध्यान शिविर में शामिल हो सकते हैं। केजरीवाल लंबे समय से विपश्यना का अभ्यास कर रहे हैं और प्राचीन ध्यान प्रणाली का अभ्यास करने के लिए पिछले वर्षों में जयपुर, नागपुर, धर्मशाला (हिमाचल प्रदेश) के पास धरमकोट और बेंगलुरु सहित कई स्थानों पर गए हैं। यह दूसरी बार है, जब केजरीवाल विपश्यना ध्यान के लिए आनंदगढ़ आए हैं। इससे पहले उन्होंने 21 दिसंबर से 30 दिसंबर 2023 तक केन्द्र में इसी तरह का एक कोर्स किया था।

- **वे इससे पहले वर्ष 2023 में 21 दिसम्बर से 30 दिसम्बर तक इसी केन्द्र में विपश्यना का कोर्स कर चुके हैं।**
- **केजरीवाल लम्बे समय से विपश्यना का अभ्यास करते रहे हैं। इससे पहले वे जयपुर, नागपुर, धर्मशाला के पास धर्मकोट और बैंगलुरु जा चुके हैं, विपश्यना अभ्यास के लिए।**
- **सूत्रों ने बताया कि दस दिवसीय इस कोर्स में मोबाइल, टी.वी., अखबार के इस्तेमाल की मनाही होती है तथा अधिकतर समय मौन ही रहा जाता है।**

विपश्यना एक प्राचीन भारतीय ध्यान तकनीक है, जो आत्म-अवलोकन के माध्यम से आत्म-परिवर्तन पर केन्द्रित है। इसका अभ्यास करने वाले, शारीरिक संवेदनाओं का ध्यानपूर्वक अवलोकन करके, मन और शरीर के बीच गहरे अंतर्संबंध का पता लगाते हैं, अंततः मानसिक अशुद्धियों को दूर करते हैं। धम्म धजा विपश्यना ध्यान केन्द्र के प्रवक्ता ने कहा कि विपश्यना ध्यान बौद्ध

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## बॉम्बे हाईकोर्ट ने बुच की एफआईआर पर चार सप्ताह की रोक लगाई

मुबंई 04 मार्च। सेबी की पूर्व चीफ माधबी पुरी बुच को बॉम्बे हाई कोर्ट से राहत मिली है। बॉम्बे हाईकोर्ट ने एक स्पेशल कोर्ट के उस आदेश पर चार सप्ताह के लिए रोक लगा दी, जिसमें माधबी पुरी बुच और पांच अन्य अधिकारियों के खिलाफ शेयर बाजार में धोखाधड़ी और रेगुलेटरी उल्लंघन के आरोप में एफआईआर दर्ज करने का निर्देश दिया गया था। हाईकोर्ट ने कहा कि ये आदेश "मैकेनिकल तरीके से, यानी बिना तथ्यों की जांच परख के दिया गया था।

सिंगल बेंच जज शिवकुमार डिगे ने कहा कि 1 मार्च को स्पेशल कोर्ट की ओर से दिया गया आदेश बिना विस्तार में जाए और आरोपियों की कोई विशिष्ट भूमिका तय किए बिना ही पारित किया गया था। कोर्ट ने कहा कि "इसलिए, अगली सुनवाई तक इस आदेश पर रोक रहेगी। मामले में शिकायतकर्ता

- **हाईकोर्ट ने कहा कि एफआईआर दर्ज करने का आदेश "मैकेनिकल" तरीके से यानी बिना तथ्यों की जांच परख किये दिया गया था।**

(सपन श्रीवास्तव) को याचिकाओं के जवाब में हलफनामा दाखिल करने के लिए चार सप्ताह का समय दिया जाता है

हाईकोर्ट का ये फैसला बुच, सेबी के तीन मौजूदा होलटाइम डायरेक्टर्स अश्वनी भाटिया, अनंत नारायण और कमलेश चंद्र वार्ष्णेय और के मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ रामामूर्ति और इसके पूर्व अध्यक्ष और पब्लिक इंटरेस्ट डायरेक्टर प्रमोद अग्रवाल की ओर से दायर याचिकाओं पर आया है।

इन याचिकाओं में स्पेशल कोर्ट के उस आदेश को रद्द करने की मांग की गई थी, जिसमें भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) को 1994 में बीएसई पर एक कंपनी की लिस्टिंग के दौरान हुई धोखाधड़ी के आरोपों पर उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का निर्देश दिया गया था। याचिकाओं में कहा गया कि यह आदेश "अवैध और मनमाना" था।

## नाबालिग से अश्लीलता पर घरेलू नौकर को 7 साल की सजा

जयपुर, 4 मार्च। पॉक्सो मामलों की विशेष अदालत क्रम-2 महानगर प्रथम ने छह साल की बालिका को अकेला देखकर उसके साथ अश्लीलता करने वाले घरेलू नौकर को सात साल की सजा सुनाई है। इसके साथ ही, अदालत ने अभियुक्त पर 25 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। पीठासीन अधिकारी तिरुपति कुमार गुप्ता ने अपने आदेश में कहा कि अभियुक्त ने पीड़िता के साथ दुष्कर्म करने की नीयत से कृत्य किया। यदि पीड़िता बैल्ट चुभने से रोती नहीं और अभियुक्त उसका जम्पसूट उतारने में कामयाब हो जाता तो वह

- **छः साल की बेटी के पिता ने अप्रैल 2021 में श्याम नगर थाने में रिपोर्ट कराई थी।**

निश्चित रूप से उसके साथ दुष्कर्म करता। ऐसे में अभियुक्त के प्रति नरमी का रुख नहीं अपनाया जा सकता।

अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक राकेश महर्षि ने अदालत को बताया कि घटना को लेकर पीड़िता के पिता ने 22 अप्रैल, 2021 को श्याम नगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट में कहा गया कि वह अपनी पत्नी के साथ बाहर गया हुआ था। घर पर उनका नौकर था। रात को जब वह वापस लौटे तो उनकी छह साल की बेटी

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# भारत चैम्पियंस ट्रॉफी के फाइनल में, सेमी फाइनल में ऑस्ट्रेलिया को 4 विकेट से हराया

## शानदार 84 रन की पारी खेलकर विराट कोहली बने प्लेयर ऑफ द मैच

दुबई, 4 मार्च। भारत ऑस्ट्रेलिया को 4 विकेट से हराकर चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में पहुँच गया है। दुबई में खेले गए सेमीफाइनल मैच में ऑस्ट्रेलिया ने पहले खेलते हुए 265 रन का टारगैट दिया। जवाब में टीम इंडिया ने इस लक्ष्य को 11 गेंद शेष रहते हासिल कर लिया और 4 विकेट से मैच जीत लिया है। भारत की जीत में सबसे बड़ा योगदान विराट कोहली का रहा, जिन्होंने दबाव भरे मिडिल ओवरों में डटे रहकर 84 रन की शानदार पारी खेली।

265 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और 43 के स्कोर पर टीम ने दोनों सलामी बल्लेबाजों के विकेट गवां

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

- **84 रन बनाकर विराट कोहली चैम्पियंस ट्रॉफी में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गए हैं।**

  **आस्ट्रेलिया की शुरुआत अच्छी नहीं रही, चार रन के स्कोर पर ही कूपर कॉनोली आउट हो गए, उसके बाद कप्तान स्टीव स्मिथ ने पारी को संभाला। ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 265 रन का लक्ष्य दिया।**
- **भारतीय टीम की भी शुरुआत अच्छी नहीं रही। दोनों सलामी बल्लेबाज, शुभमन गिल और कप्तान रोहित शर्मा 43 रन के स्कोर पर आउट हो गए।**
- **उसके बाद विराट कोहली आए, उन्होंने तीन बल्लेबाजों के साथ शानदार पारी खेली और भारत को जीत के करीब पहुंचा दिया। अंत में हार्दिक पंड्या ने तूफानी बल्लेबाजी कर भारत को जीत दिला दी।**



*भारत को चैंम्पियन्स ट्रॉफी का सेमीफाइनल जिताकर फाइनल में पहुंचाने में अहम् भूमिका निभाई विराट कोहली ने। शानदार बल्लेबाजी के लिए उन्हें "प्लेयर ऑफ द मैच" का अवॉर्ड दिया गया।*

## विचार बिन्दु

पछतावा हृदय की वेदना है और निर्मल जीवन का उदय। –शेक्सपियर

# समग्र विकास के लिए प्रारम्भिक शिक्षा नितांत आवश्यक है।

इस बार के बजट भाषण में राज्य के वित्त मंत्री ने शिक्षा का सतही जिक्र किया है। पर्यटन के चकाचौंध करने वाले आयोजनों की उसमें बात है मगर जब शिक्षा की बात आई तब वह असली बात छूट गई कि शिक्षा के सरकारी संस्थानों में पढ़ाई की व्यवस्था कैसे सुधरेगी। बजट भाषण में शिक्षा के प्रति सरकार का रवैया आशा नहीं बांधता। वित्त मंत्री ने युवाओं के रोजगार की भावी सुनहरी तस्वीर बनाने की कोशिश की मगर प्राथमिक शिक्षा को सुदृढ किये बिना वह किस प्रकार होगा यह सवाल बना रह जाता है। राज्य का अपना चरित्र बदल गया है। पूंजी की प्रभुता एक शक्तिशाली विचारधारा बन चुकी है। अब सरकारों को दिखावे वाले भव्य मनोरंजन के खर्चीले आयोजनों में निवेश करने में कोई दिक्कत नहीं होती, किन्तु शिक्षा की बेहतर व्यवस्था करने में उन्हें पैसे की बाधा आती है। लगता है किसी को याद ही नहीं है कि विकास की कुंजी सिर्फ एक होती है, और वह है शिक्षा। मानव संसाधन को उपयोगी बनाने के लिए बच्चों और युवाओं को अच्छी गुणवत्ता वाली शिक्षा सुनिश्चित करके ही उन्हें उत्पादकता वाली आर्थिक गतिविधियों में शामिल किया जा सकता है और उन्हें जिम्मेवार नागरिक बनाया जा सकता है। देश की 140 करोड़ की आबादी में जो थोड़े अमीर लोग हैं वे अपने अलग महंगे शिक्षा संस्थान बना कर अपने बच्चों को पढ़ा–लिखा कर तैयार कर लेते हैं और उन्हें बाजार में अपना स्थान बना लेने लायक बना देते हैं, किन्तु आर्थिक रूप से कमजोर बहुसंख्यक आबादी सार्वजनिक शिक्षा व्यवस्था के भरोसे रहती है। इसलिए शिक्षा के क्षेत्र में राज्य की भूमिका विकास के किसी भी अन्य काम की अपेक्षा अधिक महत्वपूर्ण हो जाती है। भारत का संविधान भी अपने नीति निर्देशों में राज्य पर सब बालकों को समान शिक्षा देने की व्यवस्था करने का दायित्व डालता है। दुर्भाग्य से वर्तमान राज व्यवस्था में बैठे प्रतिनिधि भले जी बहुसंख्यक गरीब आबादी के मतों से चुन कर आते हैं, मगर शासन में बैठ कर वे अमीर वर्ग के लिए हो रहते हैं। वित्त मंत्री का अपने बजट भाषण में शिक्षा का जिक्र कर्मकांड बन कर रह जाना इसी दृष्टि से देखा जा सकता है। शिक्षा के प्रति यह रवैया एक बड़े पेशे को गिरा दिए जाने का संकेत भी है। शिक्षा व्यवस्था की तबाही के दो मुख्य कारण होते हैं। एक तो शिक्षकों के आत्मसम्मान का क्षय होना और उनका अपने पेशे को केवल सरकारी बाबुओं वाला रोज़गार मानने लगना होता हैं। दूसरा यह कि विद्यार्थियों के शिक्षण में क्रिटिकल थिंकिंग पैदा करने की कोई कोशिश न होना, जो शिक्षा का राजनीति की शिकार हो जाने से होता है। नई राजनीतिक धारा को शिक्षक के श्रम की गरिमा गवारा नहीं है। सभी शिक्षण संस्थान नौकरशाही की संस्कृति में डूबे हैं। इस संस्कृति में रोजमर्रा के नियम, आदेश और दंड की व्यवस्था होती है, पर रचनात्मकता नहीं होती है, या फिर वह इतनी कमजोर होती है कि वह किसी बड़े उद्देश्य की प्राप्ति के लिए ज़रूरी ऊर्जा और इच्छाशक्ति को जन्म नहीं दे पाती। मुट्ठी भर शिक्षक छात्रों को प्रेरित या संवेदित महसूस करा पाते हैं, शेष का कक्षाओं में पढ़ाना रोज अखबार पढ़ने की आदत जैसा हो गया है। शालाओं तथा विश्वविद्यालयों का प्रशासन स्वयं इतना कमज़ोर और स्थानीय नेताओं की कृपा पर निर्भर हो गया है कि उसे शिक्षण की नीरसता से कोई हर्ज़ नहीं होता। बजट में इस नीरसता को तोड़ने के लिए किसी निवेश का जिक्र नहीं है।

बजट भाषण में शिक्षा को जिस चलताऊ तरीके से लिया गया है जिसमें कुछ नए संस्थान खोल देने या क्रमोन्नत कर देने के रस्मदायगी यही दिखाती है कि शासन में शिक्षा की समस्याओं को सुलझा लेने की इच्छाशक्ति नहीं रही है। नयी राष्ट्रीय शिक्षा नीति का बड़ा शोर है, लेकिन राज्य सरकार ने नीति के अनुरूप क्या कदम उठाये हैं और आगे नीति पालकों की क्या योजनाएं हैं उस पर चुप्पी के क्या निहितार्थ हो सकते हैं। इन सवालों के जवाब मतदाता जरूर जानना चाहते है क्योंकि ये प्रवृत्तियां आज इतनी उजागर हो चुकी हैं कि उनका प्रमाण देने की ज़रूरत नहीं है। शिक्षा मनुष्य मे निहित शारीरिक, मानसिक एवं श्रेष्ठतम आत्मिक शक्तियों का अधिकतम विकास है यह समझ पाना आज के प्रचार माध्यमों के जरिए पनपे राजनेताओं के लिए संभव नहीं है। इसीलिए शिक्षा उनकी प्राथमिकताओं में नीचे चली जाती है। वे आर्थिक प्रगति की बातें तो जोरों से करते हैं मगर यह याद नहीं रखते कि ह्यूमन कैपिटल और इकोनॉमिक ग्रोथ एक साथ रहते हैं। शिक्षा को महत्व देना मानव पूंजी के महत्व को पहचानना है। समग्र विकास की रणनीति में मानव संसाधन विकास की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। मानव संसाधन विकास में शिक्षा महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है और देश के सामाजिक–आर्थिक ताने–बाने को संतुलित करने में मददगार होती है। बजट में युवाओं के कौशल विकास की बात कही गई है किन्तु प्रारम्भिक शिक्षा की मजबूती के बिना इसका लाभ कैसे होगा बड़ा सवाल है। प्राथमिक शिक्षा बड़ा निवेश मांगती है और स्कूलों में पूरी संख्या में असली शिक्षकों की अपेक्षा करती है। शिक्षा की अनुपूरक अनुदान मांगों पर भी सदन में सिर्फ एक दिन की चर्चा रखी ही गई है वह भी मौजूदा माहौल में एक रस्मअदायगी बनकर रह जाने वाली है। यह नहीं भूल जाना चाहिए कि बजट भाषण में सरकार की दृष्टि प्रकट होती है और वह दृष्टि मौजूद बजट में शिक्षा के प्रति गंभीर नज़र नहीं आती। सरकार को शिक्षा के प्रति गंभीर बनाने के लिए विपक्ष के पास भी कोई रणनीति नहीं है। शिक्षा के प्रति सरकार का यह सरोकार साबित करता है कि शिक्षा में बिखराव स्वाभाविक नहीं है। वह आयोजित नज़र आता है। जब ऐसा बिखराव आता है तब सभ्यता टूटती है, विकृतियां पनपती हैं। इसे हम वृहद भारतीय समाज में होता देख भी रहे हैं। संचार की नई टेक्नॉलाजी के बढ़ते वर्चस्व में शिक्षा के प्रशासन और प्रबंधन की विकृत तरकीबें ईजाद हुईं हैं और अमल में आने लगीं हैं। शिक्षा का भोंडा बाजारीकरण हमारे सामने है। युवा हाथों में डिग्रियां होने पर भी उनके पास काम नहीं है। जयपुर और कोटा कोचिंग के हब बन गये तथा अन्य शहरों में भी कोचिंग का धंधा खूब फल–फूल रहा है। शिक्षा उद्योग और व्यापार हो गया है। उच्च शिक्षा एक सांस्कृतिक निधि होती है और उसकी नींव प्राथमिक शिक्षा की होती है। सार्वजनिक क्षेत्र में दोनों के हाल बेहाल है। मगर शासन में बैठे जन प्रतिनिधियों तथा बजट बनाने वाली सरकारी तंत्र का इससे कोई सरोकार नज़र नहीं आता। जब बजट में शिक्षा का ही स्थान न हो तो उसमें साहित्य को खोजना निरर्थक ही होगा। साहित्य अकादमियों को प्रशासनिक अधिकारियों के पास अतिरिक्त चार्ज के रूप में सौंपा हुआ हो तब राज्य से क्या अपेक्षा हो सकती है। कला साहित्य का सरकार का इसलिए कोई वास्ता नहीं क्योंकि उसे बाजार के सेलेब्रिटीज़ के जरिए पर्यटन में रंगीनियों की धूम चाहिए, भले ही सत्ता में बैठे लोग सादगी वाले उदात्त सनातन मूल्यों का लोक दिखावटी गुण–गान करते रहें। राज्य के बजट की हैसियत वैसे भी कम हो गई है। वह समय गया जब वित्तीय और आर्थिक विश्लेषक ही नहीं आम लोग भी बेताबी से बजट अभिभाषण का इंतजार किया करते थे। अब कोई नहीं करता। जब से जीएसटी की व्यवस्था हुई है तब से अधिकतर कर निर्धारण का काम विधान सभा में बैठे जन–प्रतिनिधियों के पास नहीं रहा है। वह काम अब एक समिति करती है जो राज्य विधानसभा के सदस्यों के प्रति उत्तरदायी नहीं है। यह भी रेखांकित करने वाली बात है कि इस बार कृषि, पर्यटन, पंचायती राज, खनिज, राजस्व, महिला बाल विकास, आबकारी जैसे विभागों की अनुदान मांगों पर इस बार चर्चा नहीं होंगी और वे मुखबन्द के प्रयोग से पारित कर दी जाएगी। कैसी विडंबना है कि एक तरफ बजट भाषण में कृषि का अलग बजट पढ़ा जाता है मगर उसकी अनुदान मांगों पर सदन में चर्चा ही नहीं रखवाई जाती है। जब सदन में निरर्थक मुद्दों पर तू–तू मैं–मैं होती रहे तब वहां किसी गंभीर बहस की क्या उम्मीद रखी जा सकती है। सदन की कार्यवाही मामूली बातों पर बाधित हो जाती है क्योंकि संसदीय परंपराओं की अब कोई परवाह नहीं करता है। शिक्षा का काम है नए ज्ञान की रचना के लिए जरूरी बौद्धिक कौशल और प्रशिक्षण तथा युवा हाथों को हुनर देना। चरणबद्ध रूप से उच्च माध्यमिक विद्यालयों में ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी दिला देने से यह नहीं होने वाला है। फिलहाल उस बीहड़ से निकलने की कोई राह या उम्मीद नज़र नहीं आती क्योंकि औसत राजनेता के पास शिक्षा की पर्याप्त साक्षरता नहीं है। राजनेताओं और शिक्षाविदों के बीच कोई संवाद ही नहीं है। राजनेताओं ने पाठ्यक्रमों में मिथकों के शामिल करने के पैरोकारों को ही शिक्षाविद् मान रखा है। यही हमारे यहां शिक्षा की नीति निर्माण की वास्तविकता है। राजनीतिक व्यवस्था शैक्षिक कार्यक्रम के निर्धारण में एक प्रमुख कारक बनी हुई है। आज के राजनेता लोकतांत्रिक और समानतावादी शिक्षा प्रणाली की जरूरत के बारे में लेशमात्र भी विचार नहीं करते। असमानतावादी और अन्यायपूर्ण समाज से आने वाले राजनेताओं में न तो कठिन निर्णय लेने के लिए साहस है और न बदलाव की इच्छा शक्ति है। वे प्रदेश के लिए 2029 तक 350 बिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था हासिल करने को जरूर लालायित है जो शिक्षा और रोजगार के अभाव में समाज में असमानता बढ़ाने वाली ही साबित हो सकती है।

**राजनेताओं ने पाठ्यक्रमों में मिथकों के शामिल करने के पैरोकारों को ही शिक्षाविद् मान रखा है। यही हमारे यहां शिक्षा की नीति निर्माण की वास्तविकता है। राजनीतिक व्यवस्था शैक्षिक कार्यक्रम के निर्धारण में एक प्रमुख कारक बनी हुई है। आज के राजनेता लोकतांत्रिक और समानतावादी शिक्षा प्रणाली की जरूरत के बारे में लेशमात्र भी विचार नहीं करते। असमानतावादी और अन्यायपूर्ण समाज से आने वाले राजनेताओं में न तो कठिन निर्णय लेने के लिए साहस है और न बदलाव की इच्छा शक्ति है।**

–अतिथि संपादक,
राजेन्द्र बोड़ा
( वरिष्ठ पत्रकार एवं विश्लेषक )

# राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद ( नैक ) ग्रेडिंग: पुनर्मूल्यांकन की आवश्यकता और चुनौतियां



अशोक कुमार

राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (नैक) प्रमाणन देश भर में उच्च संस्थानों में प्रदान की जाने वाली शिक्षा के मानक का मूल्यांकन करने का एक उपाय है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, यूजीसी, ने साल 1994 में एक आदेश जारी किया, जिसमें कहा गया कि प्रत्येक विश्वविद्यालय और संकाय को राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (नैक) (राष्ट्रीय मूल्यांकन और प्रत्यायन परिषद) नामक परिषद से प्रमाणन प्राप्त करना होगा । यूजीसी की गाइडलाइन के अनुसार, अब देश के सभी उच्च शिक्षण संस्थानों को राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (नैक) से मान्यता लेना जरूरी है। अगर किसी भी संस्थान ने इसमें आवेदन कर ग्रेडिंग नहीं कराई है तो उसको किसी भी तरह से सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिलता है।

हाल ही में देश भर में उच्च शिक्षण संस्थानों की ग्रेडिंग के लिए राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (नैक) के जरिये होने वाली जांच में बड़े भ्रष्टचार का खुलासा सीबीआई, केंद्रीय जांच ब्यूरो ने किया है। जब टीम द्वारा संस्थानों का भ्रमण किया जाता है तो इसी दौरान भ्रष्टाचार की आशंका रहती है. एक–दूसरे के संपर्क में आने से संस्थान की ओर से टीम को उपहार आदि दिए जा सकते हैं। इससे ग्रेडिंग प्रभावित हो सकती है।

सीबीआई ने रिश्वत लेकर शिक्षण संस्थानों को ए++ रेटिंग देने के मामले में यूपी के गौतमबुद्ध नगर समेत देशभर में 20 ठिकानों पर छापे मारे। इस मामले में की गई छापेमारी में राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (नैक) की इंस्पेक्शन कमेटी के अध्यक्ष और जेएनयू के एक प्रोफेसर समेत 10 लोगों को गिरफ्तार किया है। इससे पहले साल 2023 के मार्च में राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (नैक) के चेयरपर्सन भूषण पटवर्धन ने कई संस्थानों को राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (नैक) (नेशनल एसेसमेंट एंड एक्रिडिटेशन काउंसिल) ग्रेडिंग देने में भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए इस्तीफा दे दिया था. रिश्वत मामले में सीबीआई की हालिया गिरफ्तारी के बाद कई को हटाया गया! राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (नैक) ने हाल ही में 5,000 मूल्यांकनकर्ताओं में से लगभग 900 को हटा दिया है, जो राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (नैक) ग्रेड जारी करने से पहले उच्च शिक्षा संस्थानों का दौरा करते हैं और उनका मूल्यांकन करते हैं।

सूत्रों के अनुसार करीब 900 मूल्यांकनकर्ताओं को कई कारणों से हटाया गया है। कुछ सक्रिय नहीं पाए गए या विजिट्स स्वीकार नहीं कर रहे थे, और कुछ ने रिपोर्ट ठीक से तैयार नहीं की थी, जिसका मतलब है कि कुछ मामलों में, उच्च स्कोर देने के कारणों को स्पष्ट रूप से उचित ठहराए बिना कुछ मापदंडों पर शीर्ष स्कोर दिए गए थे, सूत्र ने कहा कि कुछ मूल्यांकनकर्ताओं के पास केवल आंशिक डेटा ही उपलब्ध था। राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (नैक) ने अप्रैल–मई 2023 में कुछ मूल्यांकनों की समीक्षा शुरू की। हमने ग्रेडिंग के गुणात्मक और मात्रात्मक पहलुओं को देखना शुरू किया और यह जांचने का फैसला किया कि क्या कुछ मामलों में दोनों के बीच कोई उल्लेखनीय अंतर है।

रिश्वतखोरी के मामलों ने राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (नैक) ग्रेडिंग प्रणाली की पारदर्शिता और विश्वसनीयता पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। समीक्षा से यह सुनिश्चित होगा कि केवल योग्य संस्थानों को ही उच्च ग्रेड मिले। यदि मूल्यांकन प्रक्रिया में भ्रष्टाचार हुआ है, तो संस्थानों को दी गई ग्रेडिंग की विश्वसनीयता संदिग्ध हो जाती है। इससे उन संस्थानों को अनुचित लाभ मिल सकता है जिन्होंने रिश्वत दी, जबकि ईमानदार संस्थानों को नुकसान हो सकता है।

जिन संस्थानों का मूल्यांकन भ्रष्ट मूल्यांकनकर्ताओं द्वारा किया गया था, उनका पुनर्मूल्यांकन किया जाना चाहिए। उच्च शिक्षा संस्थानों की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए निष्पक्ष और पारदर्शी मूल्यांकन आवश्यक है। समीक्षा से उन संस्थानों की पहचान करने में मदद मिलेगी जिन्हें गलत तरीके से उच्च ग्रेड मिले हैं। इससे यह सुनिश्चित होगा कि संस्थानों को उनकी वास्तविक गुणवत्ता के आधार पर ग्रेडिंग मिले। प्रश्न यह भी है कि क्या एक संस्थान की गुणवत्ता 5 वर्षों तक समान रह सकती है? राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (नैक) को मूल्यांकन प्रक्रिया में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करनी चाहिए। भ्रष्टाचार को रोकने के लिए सख्त कदम उठाए जाने चाहिए। संस्थानों की गलत ग्रेडिंग से छात्रों के भविष्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिलनी चाहिए, और इसके लिए निष्पक्ष मूल्यांकन आवश्यक है।

राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (नैक) ग्रेडिंग की समीक्षा के विपक्ष में तर्क दिया जाता है की पिछले 5 वर्षों की सभी ग्रेडिंग की समीक्षा करना एक जटिल और समय लेने वाला काम होगा। इसमें बड़ी संख्या में संस्थानों का पुनर्मूल्यांकन करना होगा। राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (नैक) के पास सीमित संसाधन हैं और इतने बड़े पैमाने पर समीक्षा करने के लिए अतिरिक्त संसाधनों की आवश्यकता होगी। कुछ संस्थान कानूनी कार्रवाई का सहारा ले सकते हैं, जिससे समीक्षा प्रक्रिया में और देरी हो सकती है।

परिषद ने संस्थानों का मूल्यांकन करने और उच्च शिक्षा संस्थानों को ठोड देने के लिए एक नई नीति अपनाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है, जिसमें चरणबद्ध तरीके से भौतिक निरीक्षण किया जाएगा। राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (नैक) के सूत्रों ने बताया कि विशेषज्ञ समिति द्वारा अनुशंसित राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (नैक) की प्रस्तावित ग्रेडिंग नीति – परिपक्वता आधारित ग्रेडेड लेवल का उद्देश्य भौतिक निरीक्षण को समाप्त करना है, क्योंकि उच्च ग्रेड के बदले मूल्यांकनकर्ताओं को रिश्वत देने जैसी 'भ्रष्ट प्रथाओं' का पता ज्यादातर ग्रेडिंग प्रक्रिया के इस चरण में चला है। सरकार और राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (नैक) को सभी पहलुओं पर विचार करके उचित निर्णय लेना होगा।

–अशोक कुमार,
पूर्व कुलपति कानपुर,
गोरखपुर विश्वविद्यालय,
विभागाध्यक्ष राजस्थान
विश्वविद्यालय जयपुर

# पशु चिकित्सालय में चिकित्सक एवं सहायक के पद रिक्त, पशुपालक परेशान

## समस्याओं को देखते हुए वर्ष 2022 में पशु चिकित्सालय भवन का निर्माण हुआ था

**पाटन,** (निसं)। निकटवर्ती ग्राम पंचायत छाजा की नांगल में लाखों रुपये की लागत से बने पशु चिकित्सालय भवन में बीते तीन महीनों से चिकित्सक एवं पशुधन सहायक नहीं हैं, जिससे पशुपालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

- **हाल ही में सरकार बदलने के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा पशु चिकित्सक एवं पशुधन सहायक का स्थानांतरण करवा दिया गया था**
- **पशुपालकों को दूर-दराज के अस्पतालों में जाना पड़ रहा है, पशुओं की बीमारियों के समय उचित इलाज न मिलने से किसान भी चिंतित हैं**

पशुपालकों की समस्याओं को देखते हुए वर्ष 2022 में विधायक सुरेश मोदी के प्रयासों से पशु चिकित्सालय भवन का निर्माण हुआ था। इसके लिए ग्रामवासी दिनेश यादव पुत्र अर्जुनराम ने भूमि दान की थी। चिकित्सालय के शुरू होने से दर्जनों गांवों को लाभ मिला, लेकिन हाल ही में सरकार बदलने के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा पशु चिकित्सक एवं पशुधन सहायक का स्थानांतरण करवा दिया गया। अब स्थिति यह है कि तीन महीने से दोनों पद रिक्त पड़े हैं, जिससे पशुपालकों को दूर–दराज के अस्पतालों में जाना पड़ रहा है। पशुओं की बीमारियों के समय उचित इलाज न मिलने से किसान भी चिंतित हैं।

इस मुद्दे पर जिला परिषद उम्मीदवार दिनेश यादव ने चिंता व्यक्त करते हुए सरकार से जल्द चिकित्सक एवं पशुधन सहायक की नियुक्ति करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि पशु चिकित्सालय खुलने से ग्रामीणों को राहत मिली थी, लेकिन अब स्टाफ की कमी के चलते पशुपालक मुश्किलों से जूझ रहे हैं। ग्रामवासियों ने भी सरकार से अनुरोध किया है कि चिकित्सालय को शीघ्र चालू करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं, ताकि पशुपालकों को बेहतर सुविधाएँ मिल सकें।



ग्राम पंचायत छाजा की नांगल में लाखों रुपये की लागत से बने पशु चिकित्सालय भवन में बीते तीन महीनों से चिकित्सक एवं पशुधन सहायक नहीं हैं।

# गांव के आम रास्ते पर अतिक्रमण होने से आमजन सहित छात्र परेशान

## आम रास्ते पर कुछ लोगों द्वारा अतिक्रमण करने से आमजन का निकलना दुभर हो रहा है

**खेतड़ी,** (निसं)। सिंघाना पंचायत समिति के ढाणी हुकमा के ग्रामीणों ने आम रास्ते के अतिक्रमण को हटाने की मांग को लेकर तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा है। इस दौरान आम रास्तों में अतिक्रमण से होने वाली परेशानी से अवगत करवाया गया।

ग्रामीणों की ओर से दिए ज्ञापन में बताया कि हुक्मा की ढाणी से माकड़ों जाने वाले आम रास्ते पर कुछ लोगों ने अतिक्रमण करने से आमजन का निकलना दुभर हो रहा है। पहले भी अतिक्रमण होने से परेशानी को लेकर ग्रामीणों की शिकायत पर तहसीलदार द्वारा कार्रवाई कर अतिक्रमण हटवाया गया था, लेकिन अब दोबारा से आम रास्ते में इंटरलॉकिंग ईंट डाल देने से वाहन नहीं निकल पा रहे हैं। इसके अलावा रास्ता बंद होने से गांव में बच्चों को लेने आने वाली स्कूल बस गांव में नहीं आ रही है, जिसके कारण परिजनों की ओर से बच्चों को गांव से बाहर ले जाकर बस में बैठाना पड़ रहा है। इस दौरान ग्रामीणों ने तहसीलदार से जल्द मौका मुआयना कर अतिक्रमण हटाने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है। ग्रामीणों ने बताया कि यदि जल्द प्रशासन की ओर से अतिक्रमण नहीं हटाया गया तो ग्रामीणों की ओर से विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। इस मौके पर राजेंद्र धायल, विकास धायल, अनिल धायल, मनीराम, लालचंद, सुनील कुमार, दीपक, सत्यवीर, सुबेसिंह, हरपाल सिंह, धर्मपाल, रणवीर सिंह, जिले सिंह, प्रदीप कुमार, मोहित सहित अनेक ग्रामीण मौजूद थे।



ग्रामीणों ने तहसीलदार को ज्ञापन देकर की अतिक्रमण हटाने की मांग की।

- **रास्ता बंद होने से गांव में बच्चों को लेने आने वाली स्कूल बस गांव में नहीं आ रही है**

## राशिफल



पंडित अनिल शर्मा

**बुधवार 5 मार्च, 2025**

फाल्गुन मास, शुक्ल पक्ष, षष्ठि तिथि, बुधवार, विक्रम संवत 2081, कृत्तिका नक्षत्र रात्रि 1:08 तक, वैधृति योग रात्रि 11:07 तक, तैतिल करण दिन 12:52 तक, चन्द्रमा प्रात: 8:13 से वृष राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य–कुम्भ, चन्द्रमा–मेष, मंगल–मिथुन, बुध–मीन, गुरू–वृष, शुक्र–मीन, शनि–कुम्भ, राहु–मीन, केतु–कन्या राशि में।

आज सर्वार्थ सिद्धि योग सम्पूर्ण दिन–रात रहेगा। रवियोग रात्रि 1:08 तक है। आज गोरूपिणी छठ, वैधृति पूण्य है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** लाभ–अमृत सूर्योदय से 9:45 तक, शुभ 11:12 से 12:38 तक, चर 3:32 से 4:59 तक, लाभ 4:59 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 12:00 से 1:30 तक। सूर्योदय 6:44, सूर्यास्त 6:30

**मेष**
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। चलते कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा।

**वृष**
व्यावसायिक कार्यों में व्यस्त रहेंगे। महत्वपूर्ण कार्यों में उचित सफलता मिलेगी। नौकरीपेशा व्यक्तियों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिल सकती है। मानसिक तनाव से राहत मिलेगी।

**मिथुन**
आर्थिक कारणों से परेशानी हो सकती है। धन हानि का भय है। आज घर–गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। आज अनर्गल कार्यों में समय खराब हो सकता है।

**कर्क**
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। संभावित धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक यात्रा संभव है। नौकरीपेशा व्यक्तियों को अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है।

**सिंह**
व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक कार्य सुगमता से बनने लगेंगे। नवीन कार्यों में उचित सफलता मिलेगी।

**कन्या**
नवीन कार्यों के संबंध में उचित सफलता मिलेगी। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। चलते कार्यों में प्रगति होगी। धार्मिक स्थान की यात्रा संभव है।

**तुला**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। शुभ कार्यों में व्यवधान सामने आ सकते हैं। आज आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है।

**वृश्चिक**
व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक सुविधाएं बढ़ेगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। परिवार में धार्मिक–मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

**धनु**
घर–परिवार में अतिथियों का आगमन रहेगा। परिवार में महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। घर–परिवार में सुख–सुविधाएं बढ़ेगी। आज अस्त–व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा।

**मकर**
व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी। व्यावसायिक मामलों में परिचितों से उचित सहयोग मिलेगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**कुंभ**
व्यावसायिक कार्यों के संबंध में उचित सोच–विचार से कार्य योजना बनेगी। नौकरीपेशा व्यक्तियों को मानसिक तनाव रहेगा। आज परिवार में धार्मिक–सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं।

**मीन**
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। मित्रों/रिश्तेदारों के सहयोग से सामूहिक वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी।

# लुटेरों की तलाश में प्रदेश की दो पुलिस टीम दिल्ली-यू.पी.पहुंची

## महिला को बंधक बनाकर 1.50 करोड़ लूट मामला

**जयपुर।** विधाधर नगर थाना इलाके में हार्डवेयर-सेनेटरी बिजनेसमैन की पत्नी को बंधक बनाकर 1.50 करोड़ के गहने लूटने के मामले में पुलिस फरार नौकरों को नहीं पकड़ पाई है। बदमाशों की धरपकड़ के लिए तीन टीमों का गठन किया गया है। दो टीम दिल्ली और आगरा तो वहीं एक टीम जयपुर में ही बदमाशों की तलाश कर रही है। पुलिस सीसीटीवी खंगाल रही है,लेकिन रात होने के कारण सीसीटीवी कैमरों में बदमाशों के स्पष्ट चेहरे नजर नहीं आ रहे है।

सहायक पुलिस आयुक्त शास्त्रीनगर शिवरतन गोदारा ने बताया कि बदमाशों की धरपकड़ के लिए 3 टीमों का गठन किया गया है। वारदात में शामिल दो नौकर और उसके साथियों का अधूरा एड्रेस मिला है। तीनों की नौकर है और उनके बिहार निवासी होने की बात सामने आई है। बदमाशों के सीसीटीवी फुटेज मिले है, लेकिन अंधेरा होने के कारण विजन क्लियर नहीं है।

- **सीसीटीवी कैमरों में बदमाशों के स्पष्ट चेहरे नजर नहीं आना पुलिस को परेशानी**

गौरतलब है कि विद्याधरनगर इलाके के अंबाबाड़ी में सोमवार शाम को नौकरों ने हार्डवेयर-सेनेटरी बिजनेसमैन की पत्नी को बंधक बनाकर 1.50 करोड़ के गहने लूट लिए। विरोध करने पर महिला को बदमाशों ने चाकू भी मारा है। वारदात को अंजाम देने के बाद दो नौकर और एक उनका साथी तीनों फरार हो गए। अंबाबाड़ी के रहने वाले देवेन्द्र अग्रवाल (50) की न्यू आतिश मार्केट (मानसरोवर) में हार्डवेयर-सेनेटरी की दुकान है। सोमवार को देवेंद्र सीकर गए हुए थे। बेटा शैलेश (25) दुकान पर था। घर में देवेंद्र की पत्नी ज्योति (48) अकेली थीं। शाम को घर में बने मंदिर में पूजा कर रही थीं। इस दौरान नौकर इंद्रजीत और उसके दो साथियों ने तौलिए से ज्योति का मुंह दबाकर हाथ-पैर बांध दिए। उन्होंने ज्योति को फर्श पर गिरा दिया। इंद्रजीत और अशोक ने ज्योति को धमकाया। तीसरे बदमाश राधे ने तिजोरी का लॉक तोड़कर गहने निकाल लिए। ज्योति ने विरोध किया तो उसके हाथ पर चाकू मार दिया। लूट के बाद तीनों फरार हो गए। ज्योति चिल्लाई तो आवाज सुनकर पड़ोस में रहने वाला देवर घर पहुंचे। उन्होंने ज्योति को बंधन से मुक्त किया। परिवार ने करीब डेढ़ महीने पहले इंद्रजीत को नौकर रखा था। उसका पुलिस वैरिफिकेशन नहीं कराया था। इंद्रजीत मधुबनी (बिहार) का रहने वाला है। उसने डेढ़ महीने में घर की रेकी की। इसके बाद इंद्रजीत ने ही वारदात से एक दिन पहले अशोक नाम के व्यक्ति को घर में नौकर रखवाया था। वारदात में अशोक भी शामिल था। वह लंगड़ाकर चलता है। दोनों नौकरों ने अपने तीसरे साथी राधे को वारदात के वक्त ही घर में बुलाया था। नौकरों ने तिजोरी के अलावा किसी चीज को हाथ नहीं लगाया। बदमाशों ने 15 मिनट में वारदात को अंजाम दिया। इसके बाद सीकर रोड पर खड़े ऑटो रिक्शा में बैठकर फरार हो गए। पुलिस ने इंद्रजीत का मोबाइल ट्रेस किया। उसकी आखिरी लोकेशन कानोता (जयपुर) के पास मिली। इसके बाद उसने मोबाइल स्विच ऑफ कर दिया। वारदात के लिए उसका साथी पैदल ही आया था। 23 जनवरी को इंद्रजीत घरेलू नौकर के काम पर लगा था। करीब डेढ़ महीने घर की पूरी स्थित के बारे में उसने जांच लिया। प्लानिंग के तहत 28 फरवरी को बिजनेसमैन के परिवार को इंद्रजीत ने कहा- उसके गांव में डेथ हो गई है। उसे गांव जाना पड़ेगा। दिल्ली में गांव का रहने वाला राधे नाम का साथी उसका इंतजार कर रहा है। उसको वापस लौटने में समय लगेगा। इसलिए दूसरे नौकर की व्यवस्था कर जाता हूं। इंद्रजीत के भेजने पर रविवार को नौकर अशोक को काम पर रखा गया था।

## मुख्यमंत्री से सिख समुदाय के प्रतिनिधिमण्डल ने की मुलाकात

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से मंगलवार को सिख समुदाय के प्रतिनिधिमण्डल ने मुख्यमंत्री निवास पर मुलाकात की। प्रतिनिधिमण्डल के सदस्यों ने राज्य सरकार द्वारा गुरू गोबिंद सिंह जी के साहिबजादों के नाम पर जयपुर में छात्रावास हेतु भूमि आवंटन की घोषणा के लिए मुख्यमंत्री शर्मा का आभार जताया। उन्होंने मुख्यमंत्री का अभिनन्दन करते हुए उन्हें गुरू गोबिंद सिंह एवं साहिबजादों की तस्वीर एवं शौर्य का प्रतीक तलवार भेंट की।

शर्मा ने कहा कि गुरु गोबिंद सिंह जी और उनके साहिबजादों की बहादुरी और आदर्शहम सभी के लिए प्रेरणा स्त्रोत है। वीर साहिबजादों के शौर्य की याद दिलाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने 26 दिसम्बर को देशभर में वीर बाल दिवस के तौर पर मनाने की घोषणा की थी। इस अवसर पर राजस्थान सिख समाज के अध्यक्ष अजयपाल सिंह, राजस्थान अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व अध्यक्ष जसबीर सिंह, गुरूद्वारा राजापार्क के सेक्रेटरी गुरमीत सिंह, सिख एजुकेशन बोर्ड के जनरल सेक्रेटरी बलदेव सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री को आईफा अवार्ड्स समारोह में शामिल होने का निमंत्रण



आईफा अवार्ड्स आयोजन समिति के सदस्यों ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से मंगलवार को उनके निवास पर मुलाकात की।

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से मंगलवार को आईफा अवार्ड्स आयोजन समिति के सदस्यों ने मुख्यमंत्री निवास पर मुलाकात कर आईफा अवार्ड्स समारोह में शामिल होने का निमंत्रण दिया। समिति सदस्यों ने 8 एवं 9 मार्च को राजधानी जयपुर में आयोजित होने वाले समारोह सहित विभिन्न कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी देते हुए मुख्यमंत्री से उनकी गरिमामयी उपस्थिति के लिए अनुरोध किया।

इस दौरान अतिरिक्त मुख्य सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय शिखर अग्रवाल, शासन सचिव पर्यटन रवि जैन, आईफा अवार्ड्स आयोजन समिति के सदस्य सब्बास जोसेफ, विराफ सरकारी, आन्द्रे टिमिन्स सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

उल्लेखनीय है कि इंटरनेशनल इंडियन फिल्म एकेडमी अवार्ड्स (आईफा) अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त एक महत्वपूर्ण फिल्म पुरस्कार समारोह है, जो कि मुख्य रूप से विदेश में ही आयोजित होता रहा है। मुम्बई के बाद भारत में दूसरी बार इसका आयोजन राजस्थान की राजधानी जयपुर में होने जा रहा है।

# ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में राजीविका का अहम योगदान : पंत




जयपुर शासन सचिवालय में मंगलवार को मुख्य सचिव सुधांश पंत ने राजीविका रंगोत्सव-2025 का शुभारंभ किया। इसके बाद उन्होंने शर्बत स्टॉल, बगरू प्रिन्ट दुप्पट्टा, कशीदाकारी बैग, बाजरा कुकीज आदि स्टॉलो से खरीददारी कर महिला उद्यमियों का उत्साह बढ़ाया।

**जयपुर।** शासन सचिवालय में मंगलवार को मुख्य सचिव सुधांश पंत द्वारा राजीविका रंगोत्सव-2025 का शुभारंभ किया गया। यह आयोजन शासन सचिवालय में 4 मार्च से 7 मार्च तक आयोजित किया जा रहा है, जिसमें राजीविका से जुड़ी स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के उद्यमशीलता की सफलता को प्रदर्शित किया जायेगा।

मुख्य सचिव ने शर्बत स्टॉल, बगरू प्रिन्ट दुप्पट्टा, कशीदाकारी बैग, बाजरा कुकीज आदि स्टॉलो से खरीददारी कर महिला उद्यमियों का उत्साह बढ़ाया। स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से बातचीत की और आत्मनिर्भरता की दिशा में उनके प्रयासों की सराहना की। उन्होंने राजसमंद व जोधपुर जिलों में शर्बत व बाजरा आधारित उत्पादों की बिक्री की सराहना की। राजीविका रंगोत्सव में राज सखियों और स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा किये गये असाधारण कार्यो को प्रदर्शित करना है, जिन्होंने सफल उद्यिमयों के रूप में अपनी पहचान बनाई है। इस आयोजन में हस्त निर्मित एवं जैविक उत्पाद सीताफल, नीम और गेंदा जैसे जैविक तत्वों से निर्मित हर्बल गुलाल, हिमाल्यन मल्टी फ्लोरा, जामुनहनी, वाईल्ड फोरेस्ट सरसों हनी से निर्मित फ्लेवर्ड हनी, हस्त निर्मित साबुन, पर्सनल केयर उत्पाद, पारम्परिक स्नेक्स, चमड़े के उत्पाद, हस्त निर्मित वस्त्र और पारम्परिक परिधान, सस्टेनेबल व लकड़ी के हस्तशिल्प और आभूषण बॉक्स, ब्लू पोटरी, पेन्टिंग्स और पारम्परिक पेय पदार्थ शामिल है।

राजीविका रंगोत्सव केवल एक प्रदर्शनी ही नही, बल्कि महिला सशक्तिकरण का एक आंदोलन है। यह आयोजन ग्रामीण महिलाओं को बड़ा बाजार उपलब्ध कराने, उनके आर्थिक स्थिरता बढ़ाने और अधिक से अधिक महिलाओं को सफल उद्यमी बनाने के लिए प्रेरित करने का कार्य करेगा। चार दिवसीय यह आयोजन रंगो से भरी सफलता की उम्मीद लेकर आया है, जहां राजस्थान की स्वयं सहायता समूह की महिलाऐं अपनी रचनात्मकता और आत्मनिर्भरता से अपने भविष्य को नया आकार दे रही है।

इस दौरान अतिरिक्त मुख्य सचिव ग्रामीण विकास श्रेया गुहा, संयुक्त सचिव कार्मिक विभाग कनिष्क कटारा, राज्य मिशन निदेशक राजीविका सलोनी खेमका, परियोजना निदेशक राजीविका अजय कुमार आर्य, ग्रामीण विकास विभाग एवं राजीविका के अधिकारी उपस्थित रहे।

## राजस्थान पर्यटन ने आईटीबी बर्लिन में शानदार शोकेस का अनावरण किया

**बर्लिन/जयपुर।** उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी के निर्देशन में राजस्थान पर्यटन की फेवरेट टूरिस्ट डेस्टिनेशन की पहचान निर्मित हो रही है। आईटीबी बर्लिन 2025 में भी इसी की बानगी दिख रही है। राजस्थान सरकार के पर्यटन विभाग ने 4 से 6 मार्च 2025 तक आयोजित होने वाले आईटीबी बर्लिन 2025 में एक बार फिर अपनी पर्यटन उत्पादों और अनुभवों का शानदार प्रदर्शन आज प्रारंभ किया।

आईटीबी बर्लिन 2025 में उद्‌घाटन समारोह में जर्मनी में भारतीय राजदूत अजीत गुप्ते ने राजस्थान पर्यटन मंडप का आधिकारिक उद्‌घाटन किया। इस वर्ष, बर्लिन में राजस्थान पर्यटन प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व आनंद त्रिपाठी, अतिरिक्त निदेशक और उपेन्द्र शेखावत, उप निदेशक, पर्यटन विभाग ने किया। पर्यटन अधिकारियों के साथ-साथ पैलेस ऑन व्हील ट्रेन के प्रतिनिधि, के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह शाहपुरा, राजस्थान के ट्रैवल ट्रेड से 8 को एक्ज़िबिटर भी इस वर्ष आईटीबी में भाग ले रहे हैं। तीन दिनों के दौरान, राजस्थान के अधिकारी राजस्थान में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए टूर ऑपरेटरों, ट्रैवल एजेंटों और पर्यटन हितधारकों के साथ बैठकें करेंगे।

# लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर होगी सख्त कार्यवाही : मंजू राजपाल

**जयपुर।** सहकारिता विभाग की प्रमुख शासन सचिव एवं रजिस्ट्रार, सहकारी समितियां मंजू राजपाल ने कहा कि प्राथमिक सहकारी भूमि विकास बैंक पुरजोर प्रयास कर बकाया अकृषि ऋणों एवं राज्य सरकार की ब्याज अनुदान योजनाओं में वितरित ऋणों की वसूली सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि वसूली की प्रगति की नियमित रूप से समीक्षा होगी और ढिलाई बरतने वाले अधिकारियों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी।

राजपाल मंगलवार को नेहरू सहकार भवन में वीसी के माध्यम से प्राथमिक सहकारी भूमि विकास बैंकों की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहीं थीं। उन्होंने अकृषि ऋणों की वसूली की प्रगति अपेक्षानुरूप नहीं होने पर कड़ी नाराजगी जाहिर की और अधिकारियों को कार्यशैली में सुधार तथा तत्परता लाने की सख्त हिदायत दी। श्रीमती राजपाल ने कहा कि अकृषि क्षेत्र में वितरित किये गए ऋणों की वसूली हेतु आवश्यक प्रयास करें। उन्होंने कम प्रकरणों में नोटिस जारी किए जाने पर अधिकारियों को त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पूरी क्षमता से वसूली के प्रयास करें और वसूली के लक्ष्य पूरे करें। उन्होंने अधिकारियों को 4 माह का एक्शन प्लान बनाने और माहवार लक्ष्य तय कर लक्ष्यों की पूर्ति हेतु कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ऋणियों से व्यक्तिगत रूप से भी समझाइश करें तथा गारंटरों से सम्पर्क कर वसूली तदनुरूप करने के प्रयास करें। राजपाल द्वारा सचिव, प्राथमिक सहकारी भूमि विकास बैंकों को राज्य सरकार की ब्याज अनुदान योजनाओं के अन्तर्गत आवंटित लक्ष्यों की पूर्ति हेतु किसानों एवं उद्यिमयों को ऋण वितरण कर ब्याज अनुदान से लाभान्वित किये जाने के निर्देश दिये गये। बैठक में राज्य भूमि विकास बैंक के प्रबंध निदेशक जितेन्द्र प्रसाद सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे तथा सभी अतिरिक्त रजिस्ट्रार (खण्ड) एवं प्राथमिक सहकारी भूमि विकास बैंकों के सचिव वीसी ले माध्यम से बैठक में शामिल हुए।




सहकारिता विभाग की प्रमुख शासन सचिव एवं रजिस्ट्रार, सहकारी समितियां मंजू राजपाल ने मंगलवार को नेहरू सहकार भवन में वीसी के माध्यम से प्राथमिक सहकारी भूमि विकास बैंकों की समीक्षा बैठक को संबोधित किया।

# सूरत के अग्निकांड से प्रभावित राजस्थानी व्यवसायियों को विशेष पैकेज देने का आग्रह

**जयपुर।** केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने सूरत के शिवशक्ति टेक्सटाइल मार्केट में विगत दिनों हुई भीषण आगजनी से राजस्थान के व्यवसायियों को हुए आर्थिक नुकसान के संदर्भ में गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र भाई पटेल को पत्र लिखा। उन्होंने मुख्यमंत्री का व्यापारी बंधुओं की सहायता के लिए विशेष पैकेज जारी करने की ओर ध्यान आकृष्ट कराया।

- **केंद्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने गुजरात के मुख्यमंत्री को लिखा पत्र**

अपने पत्र में शेखावत ने लिखा कि मैं आपका ध्यान शिवशक्ति टेक्सटाइल मार्केट में 25 से 27 फरवरी को भीषण आग लगने की दुःखद और स्तब्ध करने वाली घटना की ओर आकर्षित करना चाहूंगा। इसमें लगभग 400 से ज्यादा दुकानें पूरी तरह से जलकर खाक हो गईं। प्रवासी राजस्थानी व्यापारियों को तकरीबन 700-800 करोड़ रुपए का आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। इस मार्केट में बड़ी संख्या में राजस्थान के प्रवासी व्यापारी व्यवसाय करते हैं। इस हादसे में उनके जीवनभर की मेहनत जलकर राख हो गई, जिससे वे गहरे संकट में हैं।

केंद्रीय मंत्री ने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया कि आपसे आग्रह है कि राज्य सरकार द्वारा एक विशेष सहायता पैकेज की घोषणा की जाए, ताकि इस भीषण अग्निकांड से प्रभावित व्यापारियों को राहत मिल सकें। वे पुनः अपने व्यापार को स्थापित कर सकें। शेखावत ने कहा कि मैं आशावान हूं कि भूपेंद्र भाई हमारे व्यापारी भाइयों को आर्थिक सहायता देने की मेरी सलाह पर गंभीरता से विचार करेंगे।

# राजकॉप सिटीजन एप से युवती ने मांगी हैल्प, मात्र 15 मिनिट में पहुंची पुलिस

**जयपुर।** सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर दोस्त बने एक युवक से मिलने गई युवती को होटल ले जाकर छेड़छाड़ की गई। युवती ने खुद को बाथरूम में बंद कर लिया और राजकॉप सिटीजन एप के नीड हेल्प फीचर से मदद मांगी। मात्र 15 मिनट के अंदर पुलिस होटल पहुंची। आरोपी युवक फरार हो गया था, पुलिस ने युवती को डिटेन कर होटल संचालक अजय कुमार महला को गिरफ्तार कर लिया।

एससीआरबी की पुलिस उप अधीक्षक नीतू चौहान ने बताया कि भरतपुर की रहने वाली एक युवती सीमा (बदला हुआ नाम) जयपुर के महेश नगर थाना इलाके में पीजी में रहकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए कोचिंग कर रही। सोशल मीडिया इंस्टाग्राम के माध्यम से सीमा की पहचान धीरज रंधावा नाम के युवक से हुई थी।

इसी दोस्ती में युवक के इरादों से अनभिज्ञ सीमा, धीरज के साथ जयपुर के थाना सदर अंतर्गत बड़ोदिया बस्ती स्थित एक होटल टाउन हाउस में गयी थी। जहां पर धीरज ने उसके साथ गलत हरकत करने की कोशिश की। घबराकर सीमा ने खुद को बाथरूम में बन्द कर राजकॉप सिटीजन एप पर नीड हेल्प के फीचर के माध्यम से मदद की रिक्वेस्ट भेजी ।

- **बाथरूम में बंद युवती को डिटेन कर होटल मैनेजर को किया गिरफ्तार**

सेन्ट्रल कन्ट्रोल रूम पर यह रिक्वेस्ट 1 बजकर 33 मिनट पर प्राप्त हुई। बिना समय गंवाए कंट्रोल रूम में तैनात प्रभारी एएसआई सुनीता शर्मा ने युवती को कॉल किया तो रोते हुए बताया कि वह किसी होटल के बाथरूम में से मैसेज कर रही है, होटल का नाम उसे मालूम नहीं। उसके साथ जो पुरूष मित्र है वह उसके साथ गलत हरकत करने की कोशिश कर रहा है और इस कारण उसने अपने आप को बाथरूम में बन्द कर रखा है, मेरी मदद कीजिये।

सेन्ट्रल कन्ट्रोल की टीम सीमा से बात करती रही, साथ ही उसकी सहायता के लिए पुलिस वाहन को लोकेशन भेज तत्काल मदद उपलब्ध कराने को कहा। लोकेशन के आधार पर मात्र 15 मिनट के अंदर थाना सदर की सब इंस्पेक्टर निरमा पूनिया मय टीम के होटल पहुंची और बाथरूम में बंद सीमा को बाहर निकाल दिलासा दी।

## पर्यटकों के लिए जल्द ही लांच किया जाएगा मोबाइल एप : दियाकुमारी

**जयपुर।** उपमुख्यमंत्री एवं पर्यटन मंत्री दीया कुमारी ने मंगलवार को विधानसभा में कहा कि राज्य सरकार पर्यटकों को सभी आवश्यक सुविधाएं मुहैया कराने के लिए जल्द ही एक मोबाइल एप लांच करेगी। जिसमें पर्यटकों को नजदीकी पुलिस स्टेशन, अस्पताल, पर्यटन स्थान, यातायात साधन एवं अन्य आवश्यक जानकारी उपलब्ध हो सकेगी।

दियाकुमारी प्रश्नकाल में पूरक प्रश्नों का जवाब दे रही थीं। उन्होंने कहा कि पर्यटकों की सुविधा एवं उन्हें आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने के लिए जंतर -मंतर, जलमहल, आमेर, हवामहल एवं अल्बर्ट हॉल पर पर्यटक सहायता बल बूथ स्थापित है। पर्यटक सहायता बल (टीएएफ) द्वारा समय-समय पर कार्यवाही कर पर्यटकों को उचित सहायता प्रदान की जाती है। उन्होंने जानकारी दी कि टीएएफ द्वारा वर्ष 2022 में 236, 2023 में 311 एवं 2024 में 541 शिकायतों पर कार्यवाही की गई तथा गत वर्ष जयपुर में 170 लपकों के विरुद्ध कार्रवाई की गई।

# 2050 तक भारत की सर्कुलर अर्थव्यवस्था लगभग 10 मिलियन नौकरियां पैदा कर सकती है : भूपेंद्र यादव

**जयपुर।** केंद्रीय वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा की वर्ष 2050 तक भारत की सर्कुलर अर्थव्यवस्था 2 ट्रिलियन डॉलर से अधिक का बाजार और लगभग 10 मिलियन नौकरियां पैदा कर सकती है। वहीं वैश्विक स्तर की बात करें तो यह सर्कुलर अर्थव्यवस्था वर्ष 2030 तक 4.5 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर का अतिरिक्त आर्थिक उत्पादन कर सकती है।

केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव मंगलवार को जयपुर में चल रहे भारत और प्रशांत क्षेत्र के 12वें क्षेत्रीय 3आर और सर्कुलर इकोनॉमी फोरम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सर्कुलर अर्थव्यवस्था 250 साल पहले हुई औद्योगिक क्रांति के बाद व्यापार में सबसे बड़े परिवर्तनों को सामने लाएगी और उत्पादन तथा उपभोग के अब तक चले आ रहे पारंपरिक मॉडल टेक, मेक, वेस्ट में क्रांतिकारी परिवर्तन करेगी।

यादव ने बताया कि भारत वर्ष 2026 में विश्व सर्कुलर इकोनॉमी फोरम के आयोजन के लिए उम्मीदवार है। उन्होंने कहा कि हर साल, विश्व सर्कुलर इकोनॉमी फोरम का आयोजन किया जाता है और इस वर्ष, 2025 में इसका आयोजन ब्राजील के साओ पाउलो में किया जा रहा है। भारत ने विश्व सर्कुलर इकोनॉमी फोरम 2026 की मेजबानी करने की इच्छा व्यक्त की है। 2030 और उससे आगे की ओर देखते हुए, इस फोरम को वास्तविक परिवर्तन लाना चाहिए। यादव ने कहा कि भारत प्लास्टिक अपशिष्ट चुनौतियों और उनके संबंधित पारिस्थितिक प्रभावों को कम करने के लिए प्रतिबद्ध है। आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय के सचिव श्रीनिवास कथीकला और मुख्य सचिव सुधांश पंत ने आज संयुक्त रूप से एक महत्वपूर्ण सत्र की अध्यक्षता की, जिसमें अपशिष्ट प्रबंधन और सर्कुलर इकोनॉमी पहलों को आगे बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया गया। इस सत्र में भारत के अपशिष्ट प्रबंधन पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने के उद्देश्य से कई प्रमुख रिपोर्टों, बेस्ट प्रैक्टिसेज और महत्वपूर्ण समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए।

- **शहरी अपशिष्ट प्रबंधन के लिए सीएसआईआर और आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय के बीच हुआ एमओयू**

सत्र का एक प्रमुख आकर्षण एसबीएम वेस्ट टू वेल्थ पीएमएस पोर्टल का शुभारंभ था, जो स्वच्छ भारत मिशन (एसबीएम) के तहत विकसित एक अभिनव ऑनलाइन प्लेटफॉर्म है। पोर्टल को परियोजना निगरानी को बढ़ाने, डेटा प्रबंधन को सुव्यवस्थित करने और संसाधन साझा करने की सुविधा प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है, जिससे वेस्ट टू वेल्थ के मिशन के व्यापक उद्देश्य का समर्थन किया जा सके। यह पहल सतत शहरी विकास और प्रभावी ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के लिए सरकार की प्रतिबद्धता के अनुरूप है।



केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव के साथ डेलीगेट्स ने जयपुर में मुलाकात की।

## मीटर को रिमोट से छेड़छाड़ कर होटल में की जा रही थी बिजली चोरी

**जयपुर।** जयपुर डिस्कॉम की सतर्कता शाखा ने मंगलवार को ब्रह्मपुरी क्षेत्र के होटल जय पैलेस परिसर की सतर्कता जांच की। इस दौरान होटल में अघरेलू श्रेणी का एक विद्युत कनेक्शन स्थापित मिला। जिसकी जांच में मीटर की डिस्प्ले एवं टोंग टेस्टर के लोड में अन्तर पाया गया। मौके पर होटल मालिक मोहन लाल सैनी द्वारा मीटर को रिमोट से ऑपरेट कर बन्द व चालू किया जाता था। मामले में विद्युत चोरी पाये जाने पर वीसीआर भरी गयी एवं मीटर तथा रिमोट को जब्त किया गया है।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महेन्द्र कुमार शर्मा तथा अधीक्षण अभियंता बी. एल. शर्मा ने बताया कि इस मामले में 17 लाख 3 हजार 259 रूपये का जुर्माना लगाया गया है। कनेक्शन को काटकर वसूली की कार्यवाही की जाएगी। सतर्कता टीम में सहायक अभियंता पुखराज मीना सहित अन्य कार्मिक भी उपस्थित थे। उन्होंने बताया कि उपभोक्ता द्वारा जुर्माना राशि निर्धारित समयावधि में जमा नहीं करवायी जाती है तो उनके विरूद्ध विद्युत चोरी निरोधक पुलिस थाने में मुकदमा दर्ज करवाया जावेगा।

# पाकिस्तान के लिए जासूसी करने वाला रेलवे कर्मचारी गिरफ्तार

## पाक लड़की के जाल में फंसकर गुप्त सूचनाएं भेजने लगा था रेलकर्मी

■ जयपुर इंटेलीजेंस की टीम बीकानेर आई और रेल कर्मी भवानी सिंह को साथ ले गई

■ महाजन रेलवे स्टेशन के प्वाइंटमैन भवानी सिंह की 18 फरवरी को शादी थी, शादी के बाद वह महाजन आ गया और रेलवे स्टेशन पर ड्यूटी करने लगा

**बीकानेर,** (निसं)। राजस्थान इंटेलीजेंस ने पाकिस्तान के लिए जासूसी करने वाले बीकानेर के महाजन रेलवे स्टेशन पर तैनात कर्मचारी भवानी सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। वह पाकिस्तानी युवती के जाल में फंसा और हनी ट्रैप का शिकार होकर गुप्त सूचनाएं भेजने लगा था।

जानकारी के अनुसार झुंझुनूं निवासी भवानी बीकानेर के महाजन रेलवे स्टेशन पर प्वाइंटमैन था। जयपुर में पुलिस महकमे की राज्य विशेष शाखा को भवानी सिंह के फोन पर पाकिस्तान से बात होने की जानकारी मिली तो उस पर निगरानी रखी जाने लगी। सामने आया कि वह पाकिस्तान के लिए जासूसी कर रहा है और गुप्त और सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण सूचनाएं वहां भेज रहा है। जयपुर इंटेलीजेंस की टीम बीकानेर आई और भवानी सिंह को पकड़कर अपने साथ ले गई। उससे पूछताछ के बाद शासकीय गुप्त बात अधिनियम की धारा, 23 में मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया। भवानी सिंह पाकिस्तानी लड़की निमी के संपर्क में आया था और उससे फोन पर बात और चैटिंग करने लगा। इस दौरान पाक एसेंसी आईएसआई के लिए काम करने वाली निमी ने उसे अपने जाल में फांस लिया और गुप्त सूचनाएं मंगवाने लगी। इसके बदले में आईएसआई की ओर से भवानी सिंह को रुपए भी दिए जाने लगे। हनीट्रैप और रुपयों के लालच में भवानीसिंह गुप्त और संवेदनशील सूचनाएं भेजने लगा। अब उसके मोबाइल की जांच की जा रही है और बैंक खातों को खंगाला जा रहा है।

गौरतलब है कि इंटेलीजेंस के लोगों ने भवानीसिंह के साथ ही महाजन में ई-मित्र संचालक को भी पकड़ा था। लेकिन, पूछताछ के बाद ई-मित्र संचालक को छोड़ दिया। सैन्य दृष्टि से महाजन महत्वपूर्ण क्षेत्र है। वहां बड़ी फायरिंग रेंज है जिसमें दूसरे देशों के साथ भारत की सैना का संयुक्त अभ्यास चलता रहा है। दीपक रेलवे कर्मचारी था और रेलवे स्टेशन पर ही तैनात था। उसे सेना के मूवमेंट की जानकारी रहती थी। संयुक्त अभ्यास के लिए आने वाले दूसरे देशों की सेना के बारे में पता रहता था। पाक एजेंट निमी उससे इनकी सूचनाएं हासिल करती रहती थी। महाजन के अलावा बीकानेर जिला सामरिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है। इंदिरा गांधी नहर, देशनोक में करणी माता का मंदिर सहित सेना का छावनी क्षेत्र है। इनके बारे में जानकारी हासिल करने की आईएसआई की कोशिश रहती है। महाजन रेलवे स्टेशन के प्वाइंटमैन भवानी सिंह की 18 फरवरी को शादी थी। शादी के बाद वह महाजन आ गया और रेलवे स्टेशन पर ड्यूटी करने लगा। इस दौरान इंटेलीजेंस ने 27 फरवरी को उसे पकड़ लिया। पाकिस्तानी के लिए जासूसी करने पर पकड़े जाने के बाद रेलवे ने उसे निलंबित कर दिया गया। भवानी के पिता पृथ्वीसिंह रेलवे में नौकरी करते थे। उन्हें गंभीर बीमारी होने के कारण उन्होंने वीआरएस ले लिया और भवानी सिंह उनकी जगह नौकरी लग गया था। वह करीब 6 साल से रेलवे में था। चार साल से महाजन रेलवे स्टेशन पर तैनात है और वहीं सरकारी क्वार्टर में रहता था। उससे पहले हरियाणा में नौकरी की थी।

रेलवेकर्मी भवानी सिंह डेढ़ साल से निमी के संपर्क में था। शुरू में निमी ने उसे मुंबई की रहने वाली बताया। दोनों में अक्सर फोन पर बाते और चैटिंग होती रही। इस दौरान निमी ने भवानी सिंह से कहा कि उसे आर्मी में बहुत ज्यादा रूचि है और उससे सैन्य उपकरण, दूसरे देशों से आने वाली सेना व अन्य जानकारियां व उनके फोटो हासिल करने लगी। बाद में इसके बदले भवानी सिंह को रुपए मिलने लगे। भवानी सिंह ने रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों से आने वाली सैन्य सामग्री, हथियार के बारे में जानकारी और फोटो भेजे, बल्कि स्टेशन मास्टर के रजिस्टर में दर्ज सेना और उससे संबंधित गतिविधियों की फोटो खींचकर भी भेज दी। आईएसआई यूपीआई के जरिये भवानी सिंह को रुपए भेजने लगी। अब तक 25-30 हजार रुपए की जानकारी इंटेलीजेंस को मिली है।

# मधुमक्खियों के हमले में किसान की मौत

■ खेत में कर रहा था काम किसान, तीन बहनों का इकलौता भाई था

**डूंगरपुर,** (निसं)। सदर थाना क्षेत्र के धमाला गांव में मधुमक्खियों के हमले से एक मूक-बधिर किसान की मौत हो गई। युवक की पहचान कैलाश पुत्र गटू ननोमा के रूप में हुई है।

सोमवार को कैलाश अपने खेत में काम कर रहा था। इसी दौरान पेड़ों से मधुमक्खियों का झुंड उड़ा और उन्होंने कैलाश पर हमला कर दिया। दर्द से कराहता हुआ वह अपने घर भाग गया। परिवार के लोगों ने घर पर ही उसका देसी इलाज किया। दर्द के कारण वह खाना भी नहीं खा पाया। मंगलवार सुबह कैलाश की हालत और बिगड़ गई। परिजन उसे डूंगरपुर अस्पताल ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। अस्पताल में डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए मोर्चरी में रखवाया और बाद में परिजनों को सौंप दिया। कैलाश तीन बहनों का इकलौता भाई था।

# शिक्षा मंत्री की हिदायत के बाद दूसरी युवती दस्तयाब

■ 18 वर्षीय युवती को इंदौर से दस्तयाब किया, जिसने शादी कर ली थी

**कोटा,** (निसं)। रामगंजमंडी के स्थानीय विधायक व शिक्षा मंत्री मदन दिलावर द्वारा रामगंजमंडी मे आयोजित कार्यक्रम के दौरान विधायक ने क्षेत्र के बदमाशों को चेतावनी देते हुए पुलिस प्रशासन को हिदायत दी थी कि जल्द से जल्द गुमशुदा बालिकाओं को दस्तयाब कर परिजनों तक पहुंचाया जाये। मंत्री की हिदायत के बाद सुकेत पुलिस भी हरकत में आई और गुमशुदा हुई तीन लड़कियों में से दो युवतियों को पुलिस टीम ने दस्तयाब किया।

सुकेत पुलिस टीम ने गुमशुदा दूसरी युवती को मध्यप्रदेश के इंदौर से दस्तयाब किया। पुलिस उपअधीक्षक घनश्याम मीणा ने बताया कि 26 फरवरी को फरियादी ने सुकेत थाने मे रिपोर्ट दर्ज कराई कि 25 फरवरी की रात्रि को उसकी 18 वर्षीय बालिका बिना बताये घर से कहीं चली गई रिश्तेदारों मे तलाश करने के बाद भी कोई पता नहीं चला। पुलिस उपअधीक्षक ने बताया कि युवती की तलाश के लिये सुकेत थानाधिकारी छोटुलाल के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। गठित टीम को तकनीकी आधार व मुखबीर से युवती के इंदौर में होने की सूचना मिली, जिस पर टीम को इंदौर के लिये रवाना किया गया। पुलिस उपअधीक्षक ने बताया कि 18 वर्षीय युवती को इंदौर से दस्तयाब किया गया जिसने शादी कर ली थी। पुलिस उपअधीक्षक ने बताया कि युवती को दस्तयाब कर थाने लाया गया और युवती के परिजनों को भी थाने बुलाया गया लेकिन युवती ने कहा कि वह बालिग है और युवती ने पति के साथ जाने की इच्छा जाहिर करते हुए पति के साथ चली गई। ज्ञातव्य है कि सुकेत पुलिस टीम ने सोमवार को भी सुकेत से गुमशुदा हुई एक युवती को उत्तर प्रदेश के प्रयागराज से दस्तयाब कर परिजनों को सुपुर्द किया था।

# नौ हजार रुपये की रिश्वत लेते पटवारी गिरफ्तार

## पटवारी ने फसल खराबे की रिपोर्ट के नाम पर रिश्वत मांगी थी

**बीकानेर,** (निसं)। बीकानेर में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने पटवारी को नौ हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। पटवारी फसल खराबे की रिपोर्ट के नाम पर रिश्वत मांग रहा था।

शिकायत मिलने के बाद एसीबी ने उसे रंगे हाथों ट्रेप किया। एसीबी के एडिशनल एसपी महावीर प्रसाद शर्मा ने बताया कि बीकानेर के खाजूवाला के चक 23 केवाईडी में इस कार्रवाई को अंजाम दिया गया है। एसीबी को शिकायत मिली थी कि पटवारी दीपचंद मीना किसानों से रिश्वत लेकर काम कर रहा है। बताया गया कि फसल खराबे का मुआवजा दिलाने के लिए पटवारी से रिपोर्ट ली जाती है। इसी रिपोर्ट की एवज में 9 हजार रुपए की डिमांड की गई। पुलिस ने एडिशनल एसपी महावीर शर्मा के निर्देशन में डीएसपी महेश श्रीमाली की टीम ने कार्रवाई को अंजाम दिया। शिकायतकर्ता ने बीकानेर एसीबी ऑफिस को इस मामले में शिकायत की पुष्टि तीन मार्च को हुई। एसीबी को जब लगा कि शिकायत सही है और रिश्वत मांगी गई है। इसके बाद मंगलवार को ट्रेप की कार्रवाई की गई। इसके बाद मौके पर पहुंची टीम ने उसे दबोच लिया। पुलिस ने शिकायत करने वाले का नाम फिलहाल सार्वजनिक नहीं किया है।

# ओलावृष्टि से हुए नुकसान के मुआवजे की मांग, जुलूस निकाला

■ कांग्रेसियों ने जुलूस निकालकर सीएम के नाम ज्ञापन दिया

**सादुलपुर,** (निसं)। मंगलवार को पूर्व विधायक डॉ. कृष्णा पूनिया के निवास स्थान से हजारों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और किसान पैदल जुलूस के रूप में भाजपा सरकार के खिलाफ नारे लगाते हुए पूर्व विधायक डॉ. कृष्णा पूनिया और चूरू सांसद राहुल कस्वां के नेतृत्व में उपखंड अधिकारी कार्यालय राजगढ़.के सामने पहुंचे।

उपखंड अधिकारी कार्यालय के सामने आयोजित सभा को संबोधित करते हुए चूरू लोकसभा सांसद राहुल कस्वा एवं पूर्व विधायक डॉ. कृष्णा पूनिया ने कहा कि क्षेत्र में हुई ओलावृष्टि से किसानों की फसल तबाह हो गई है, सरकार गिरदावरी करवाकर किसानों को जल्द ही मुआवजा दे। फसल में हुए नुकसान का निर्धारण सैटेलाइट की बजाय रैंडम क्रॉप कटिंग के आधार पर किया जाए। डॉ. कृष्णा पूनियां ने कहा कि राजगढ़ आज गुंडागर्दी का अड्डा बन चुका है। आरोप लगाया है कि वर्तमान विधायक के भाई द्वारा सरेआम लोगों को धमकाया जा रहा है और मारपीट की जा रही है, राजगढ़ में हर विभाग में पैसे का लेन-देन खुलेआम हो रहा है, भ्रष्टाचार चरम पर है। किसानों को बिजली केवल 4 घंटे मिल रही है, यदि किसानों की समस्या का तुरंत समाधान नहीं किया गया तो कांग्रेस पार्टी को बड़ा आंदोलन करने पर मजबूर होना पड़ेगा, इसकी संपूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। चूरू सांसद राहुल कस्वां ने संबोधित करते हुए कहा कि हमने किसानों की मांगों को हमेशा ससंद में मजबूत किया है और इस सत्र में मुआवजे की मांग को भी संसद में उठाया जाएगा, हम किसानों की आवाज बुलंद करने के लिए प्रतिबद्ध है।

ब्लॉक अध्यक्ष अशोक पूनिया, नगर ब्लॉक अध्यक्ष सीताराम प्रजापत, करतार टांडी, पूर्व चेयरमैन जगदीश बैरासरिया, संजय पूनिया, संजीव पूनिया, वेदप्रकाश रेड्डु, सज्जन पूनिया चांदगोठी, शिशुपाल पूनिया पीसीसी मेंबर, सतबीर पूनिया ग्वालिसर, मानसिंह रेबारी, विजय पूनिया सूरतपूरा, हैदर अली, रशीद पार्षद, रमेश ढाणी बड़ी, युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष रोहित पूनिया, रामपाल डाबला, पूर्व पालिका अध्यक्ष जगदीश बैरासरिया, रामकुमार मुहाल, रामकुमार सिहाग, प्रेम सरपंच, रामकुमार धानिया, सरपंच देवेंद्र ढाका, सतबीर सरपंच लीलावठी, नाहरसिंह मेघवाल, सुभाष मेघवाल, कृष्ण मीणा, ओम मेघवाल नौरंगपूरा, कृष्ण ग्वालिसर, सतबीर बागोत, पुष्पा सिंघल, जोगेंद्र सूंडा गुलपुरा, संजय महेंद्र फगेडिया, सजन भाकर, निवर्तमान पार्षद रामबाबू, निवर्तमान पार्षद मनीराम गनोलिया, छगन धोलपुरिया, ओमप्रकाश सैनीआदि सहित कई किसान उपस्थित रहे।

# सड़क हादसे में एक युवक की मौत, दो घायल

**श्रीगंगानगर,** (निसं)। श्रीकरणपुर मार्ग पर गांव 2 डीडी के पास सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई, दो अन्य घायल हो गए। कार और बाइक की आमने-सामने से टक्कर हुई। इसमें बाइक सवार एक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतक की पहचान गोपी राम पुत्र तेजा राम, निवासी 3 एलएलपी, सूरतगढ़ के रूप में हुई है। घायलों में मनदीप पुत्र साहबराम, निवासी 1 केके, घमूड़वाली और सोमदत्त बिश्नोई शामिल हैं। मिली जानकारी के अनुसार पदमपुर की ओर जा रही कार की श्रीकरणपुर से आ रही बाइक से भिड़ंत हो गई। हादसे के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। ग्रामीणों की सूचना पर 108 एंबुलेंस से घायलों को पदमपुर सीएचसी लाया गया, जहां डॉक्टरों ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया। दो अन्य की गंभीर हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें श्रीगंगानगर रेफर कर दिया। पुलिस सूत्रों के अनुसार बाइक सवार तीनों युवक श्रीकरणपुर में किसी मामले में पेशी भुगतकर लौट रहे थे। वहीं हादसे में शामिल कार घड़साना क्षेत्र की बताई जा रही है।

# उप राष्ट्रपति आज झुंझुनूं आएंगे

**झुंझुनूं,** (निसं)। उप राष्ट्रपति जगदीप धनकड़ एवं उनकी पत्नी सुदेश धनकड़ बुधवार को एक दिवसीय दौरे पर जिले के सांगासी गांव आएंगे। जिला कलेक्टर रामावतार मीणा ने बताया कि उप राष्ट्रपति धनकड़ पांच मार्च को झुंझुनू हवाई पट्टी पंहुचेंगे। यहां से वे ग्राम सांगासी के लिए रवाना होंगे। उप राष्ट्रपति धनकड़ महात्मा गांधी राजकीय अंग्रेजी माध्यम स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। शाम चार बजे सांगासी से रवाना होकरझुंझुनू हवाई पट्टी पंहुच कर जयपुर के लिए रवाना होंगे। इधर, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के झुंझुनूं दौरे से पहले सांगासी स्कूल के दौरे को लेकर शिक्षा अधिकारियों की बैठक हुई।

# छोटे भाई ने चाकू मारकर बड़े भाई की हत्या की

■ शराब पीने के बाद झगड़ा हुआ था, पेंटिंग का काम करते थे

**डूंगरपुर,** (निसं)। राजपुर मोहल्ले में सोमवार रात एक दर्दनाक घटना सामने आई है, जहां एक छोटे भाई ने अपने बड़ भाई की चाकू से हत्या कर दी। दोनों भाई झालावाड़ के कुकलवाडा के रहने वाले थे। सदर थानाधिकारी ने बताया कि मृतक की पहचान राजमल उर्फ राजू के रूप में हुई है। आरोपी उसका छोटा भाई तेजराम है। दोनों भाई डूंगरपुर में कलर पेंटिंग का काम करते थे और राजपुर कॉलोनी में किराए के कमरे में रहते थे। सोमवार रात दोनों भाइयों ने एक साथ शराब पी। इसके बाद किसी बात को लेकर उनमें झगड़ा हो गया। गुस्से में आकर तेजराम ने राजू पर चाकू से तीन वार किए। चाकू राजू के पेट और कमर पर लगा। चिल्लाने की आवाज सुनकर मकान मालिक मौके पर पहुंचा। घायल राजू को तुरंत डूंगरपुर अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है। घटना की सूचना झालावाड़ में परिजनों को दी गई। मंगलवार को परिजन मोर्चरी पहुंचे। पुलिस ने आरोपी तेजराम को हिरासत में ले लिया है और मामले की जांच कर रही है।


**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता**
**सा.नि.वि. खण्ड नाथद्वारा जिला राजसमन्द राजस्थान**

क्रमांक-18 दिनांक-21.02.2025

**निविदा सूचना संख्या-15/2024-25**
**NIB- PWD2425A4362**

नीवन सड़कों एवं भवनों के निर्माण कार्य हेतु ईच्छुक संवेदकों से निविदा दिनांक 06.03.2025 सायं 06.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा के सम्बन्ध में अन्य विवरण उपापन वेबसाईट और पर देखा जा सकता है। उपापन की कुल अनुमानित राशि 137.00 लाख रूपया है।

UBN NO. PWD2425WSOB15674, PWD2425WSOB15675

(भानु प्रकाश माथुर)
अधिशाषी अभियन्ता
सा.नि.वि. खण्ड नाथद्वारा

DIPR/C/2687/2025

राजस्थान सरकार
**कार्यालय प्रधानाचार्य राजकीय आयुर्विज्ञान महाविालय एवं नियंत्रक सलंग्न चिकित्सालय समूह कोटा**
https://medicaleducation.rajasthan.gov.in/mckota
e-mail:principalmck@gmail.com, Tel 0744-2470674

क्रमांक-प.()/सी.एस.एस./यू.जी. अपग्रेडेशन/2024-25/385 दिनांक-20.02.2025

**ऑन लाइन बोली सूचना संख्या 24/2024-25 (E-Tender)**

चिकित्सा महाविद्यालय द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 में यू.जी. अपग्रेडेशन योजनान्तर्गत क्रय किये जाने वाले उपकरणों हेतु जिनकी अनुमानित लागत लगभग 97.50 लाख रूपये (अक्षरे राशि रूपये सत्तानवे लाख पचास हज़ार) है। मूल निविर्माताओं/अधिकृत विक्रेताओं/वितरकों/सद्भावी व्यवहारियों से ई-उपापन प्रक्रिया के माध्यम से दिनांक 24.02.2025 प्रात 10.00 बजे से दिनांक 05.03.2025 सायं 05.00 बजे तक ऑनलाईन बोली आमंत्रित की जाती है। बोली से सम्बन्धित समस्त विवरण वेबसाइट www.eproc.rajsthan.gov.in एवं www.sppp.rajasthan.gov.in पोर्टल पर देखा जा सकता है।

UBN: CMK2425GLOB0037 TO 00342
DIPR/C/2724/2025 प्रधानाचार्य एवं नियंत्रक

**कार्यालय कृषि उपज मण्डी समिति (फल सब्जी) उदयपुर**

क्रमांक :- ई-नाम/2024-25/927-35 दिनांक :- 27/02/2025

**NIB NO.: 08 / 2024-25 DATED : 27-02-2025**

E-Bids are invited from Manufacturers/ Direct importers/ Authorized Dealer from Date 01.03.2025 to 10.03.2025 till 5:00 PM for procurement of IT, Lab Assaying Equipment's and Grading Unit for Fruits and Vegitable for E-nam on behalf of office of the Secretary, Krishi Upaj Mandi Samiti F&V Udaipur. Details may be seen in the Bidding Document at the office of the Krishi Upaj Mandi Samiti F&V Udaipur or State Public Procurement Portal website "sppp.raj.nic.in" or "https://eproc.rajasthan.gov.in" or website "www.mandi.agriculture.rajasthan.gov.in" The bidding document may be downloaded from either of the above websites and uploaded duly filled in with payment of Rs. 500/- through banker's cheque /demand draft in favour of Secretary, Krishi Upaj Mandi Samiti F&V Udaipur at Udaipur Details of bid are following:-

UBN :- DAM2425GLOB01304, DAM2425GLOB01305
Raj.Samwad/C/24/12565 Secretary

**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग वृत्त जालोर**

क्रमांक-अअ/जा/2024-25/ दिनांक-

**निविदा सूचना संख्या-19 वर्ष 2024-25**
**NIB NO. PWD2425A4339**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से भवन कार्य के आधार पर उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों/केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/डाक एवं दूर संचार विभाग/रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से निर्धारित प्रपत्र में कार्य जिनकी लागत राशि रू. 25.73 लाख है के लिए ईटेण्डरिंग प्रक्रिया हेतु ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| ऑनलाईन निविदा आवेदन डाउनलोड एवं अपलोड करने की तारीख | 20 फरवरी 2025, 9.30 बजे से 04 मार्च 2025, सायं 6.00 बजे तक |

निविदा से सम्बन्धित विवरण वेब साईट http://dipr.rajasthn.gov.in व http://sppp.rajasthan.gov.in व http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है। सम्पूर्ण निविदा प्रक्रिया http://eproc.rajasthan.gov.in पर ऑनलाईन सम्पादित की जायेगी। इच्छुक संवेदकों को अपने डिजिटल हस्ताक्षर के माध्यम से वेबसाईट पर https://eproc.rajasthan.gov.in पर रजिस्टर्ड करवाना आवश्यक है।

कार्यवार यू.बी.एन. संख्या निम्नानुसार है।
UBN NO. PWD2425WSOB15596

अधिशाषी अभियन्ता
सा.नि.वि. खण्ड जालोर

DIPR/C/2621/2025

**कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग वृत्त जालोर**

क्रमांक-अअ/वृत्त/जा/2024-25/1779-1796 दिनांक-21.02.2025

**निविदा सूचना संख्या-04 वर्ष 2024-25**
**NIB NO. PWD2425A4363**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से प्राकृतिक आपदा से क्षतिग्रस्त सडके ब्रिज तथा पुलों की मरम्मत/पुनर्निम्रण कार्य हेतु उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों/केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/डाक एवं दूर संचार विभाग/रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से निर्धारित प्रपत्र में कुल 07 कार्य (03 पैकेज) जिनकी लागत राशि रू. 941.46 लाख है, अतः उक्त कार्यों के लिए ईटेण्डरिंग प्रक्रिया हेतु ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| ऑनलाईन निविदा आवेदन डाउनलोड एवं अपलोड करने की तारीख | 21 फरवरी 2025, प्रातः 10.00 बजे से 12 मार्च 2025, सायं 6.00 बजे तक |

निविदा से सम्बन्धित विवरण वेब साईट http://dipr.rajasthn.gov.in व http://sppp.rajasthan.gov.in व http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है। सम्पूर्ण निविदा प्रक्रिया http://eproc.rajasthan.gov.in पर ऑनलाईन सम्पादित की जायेगी। इच्छुक संवेदकों को अपने डिजिटल हस्ताक्षर के माध्यम से वेबसाईट पर https://eproc.rajasthan.gov.in पर रजिस्टर्ड करवाना आवश्यक है।
NIB NO. PWD2425A4363

| क्र.सं. | यूबीएन नं. |
|---|---|
| 1. | PWD2425WSOB15676 |
| 2. | PWD2425WSOB15677 |
| 3. | PWD2425WSOB15679 |

(रमेश कुमार सिंघाडिया)
अधीक्षण अभियन्ता
सा.नि.वि. वृत्त, जालोर
मोबाईल-9462288719

DIPR/C/2688/2025

**कार्यालय नगरपरिषद्, बालोतरा (राज.)**

क्रमांकः नपबा/राजस्व/2025/17815–17828 दिनांकः 28.02.2025

**ई-निविदा सूचना 01/2025-26**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगरपरिषद्, बालोतरा द्वारा वर्ष 2025–26 हेतु प्रदूषणजन्य व्यवसाय कर (सेसकर) वसूली के कार्य के लिये केन्द्र एवं राज्य सरकार के अभियांत्रिकी विभागो द्वारा मान्यता प्राप्त/सुदृढ एवं सक्षम संवेदकों से ई-टेन्डरिंग प्रकिया से ऑन लाइन निविदायें आमन्त्रित की जाती है। प्रदूषणजन्य व्यवसाय कर (सेसकर) निविदा प्रपत्र को पोर्टल http://eproc.rajasthan.gov.in व http://sppp.rajasthan.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है। इन निविदाओं में भाग लेने वाले संवेदको को निविदा इलेक्ट्रोनिक फारमेट में वेबसाइट http://eproc.rajasthan.gov.in पर निविदा जमा करानी होगी।

| क्र. सं. | नाम कर | ठेका अवधि | ठेके की अनुमानित दर | धरोहर राशि | निविदा शुल्क | प्रोसेसिंग शुल्क | ई-टेण्डरिंग की दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | प्रदूषणजन्य व्यवसाय कर (सेसकर) | कार्यादेश तिथि से 31 मार्च 2026 तक | 4,57,57,757/– प्रतिमाह | 109.82 लाख (आयुक्त नगर परिषद् बालोतरा) | 5000.00 रूपये (आयुक्त नगर परिषद् बालोतरा) | 2000.00 रूपये (MD RISL, JAIPUR) | 01.03.2025 से 24.03.2025 को सायं 6.00 बजे तक |

नोट :– धरोधर राशि, निविदा शुल्क, प्रोसेसिंग शुल्क निविदा में भाग लेने वाले संवेदक अपने स्वयं के खाते से डिमाण्ड ड्राफ्ट बनाने पर ही सवेदकों की निविदा मान्य होंगी। ठेके संबंधी अन्य शर्ते नगरपरिषद् कार्यालय की राजस्व शाखा में कार्य दिवस में देखी जा सकती हैं।

UBN No. : DLB2425WSR18699

राज.संवाद/सी/24/12612 प्रशासक नगरपरिषद्, बालोतरा आयुक्त नगरपरिषद्, बालोतरा

**Rajasthan State Road Development And Construction Corporation Ltd.JAIPUR**

No.NIT/2024-25/30897-906 **ई-निविदा सूचना संख्या 491/2024-25** Date:03.03.2025

निम्नलिखित कार्य के लिए केन्द्र/राज्य सरकार के अभियांत्रिकी विभागों एवं उनके अधिकृत संगठनों में पंजीकृत एवं अनुभवी संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया हेतु ऑनलाइन निविदायें आमंत्रित की जाती है-

| कार्य का विवरण | कार्य की कुल अनुमानित लागत (रू.) |
|---|---|
| Construction of Forest and Wildlife Training Cum Management Institute (COE) and Hostel Block at Jaipur. UBN: RRC2425WLOB00915 | 3475.12 Lakh |

निविदा से सम्बन्धित प्रपत्र में निविदा शुल्क, धरोहर राशि, डाउनलोड करने व खोलने की तारीख सहित सम्पूर्ण विवरण एवं संशोधन वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.rajasthan.nic.in तथा http://pwd.rajasthan.gov.in/rsrdc पर देखा जा सकता हैं। इच्छुक संवेदकों को अपने डिजिटल हस्ताक्षर के माध्यम से वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in पर रजिस्टर्ड करवाना आवश्यक है। महाप्रबंधक

**कार्यालय नगर निगम, अजमेर**
पृथ्वीराज मार्ग, अजमेर (राजस्थान) फोन नं. 0145–2429971, 2429920

क्रमांक :–MEW/2024-25/4521 दिनांकः– 28.02.2025

**:: अल्पकालीन ई-निविदा सूचना संख्या 54/2024-25 ::**

नगर निगम अजमेर की ओर से नगर निगम अजमेर एवं अन्य राजकीय विभाग में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदको जो कि केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, डाक एवं दूरसंचार, रेलवे या अन्य राज्य सरकार, केन्द्रीय सरकार के अधिकृत संगठनो जो राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदको के समकक्ष हो (निविदा पात्रता पंजीकरण के नियमो के अनुसार मान्य) जो निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया से नगर निगम अजमेर के विधानसभा क्षेत्र (उत्तर/दक्षिण) के 50 सामुदायिक शौचालयो का 1 वर्ष तक रखरखाव व संचालन का कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है।

| विवरण | दिनांक |
|---|---|
| कार्यो की कुल लागत | 84.59 लाख (1 कार्य) |
| ऑनलाईन निविदा प्रपत्र डाउनलोड/अपलोड करने की अवधि | Date 28.02.25 से 09.03.25 को 6.00 PM तक |
| Technical निविदा खोलने की तिथि व समय | Date 10.03.25 को 11.00AM पर |
| Financial निविदा खोलने की तिथि | सफलतम निविदादाता को उचित माध्यम के द्वारा सूचित कर दिया जावेगा। |

विस्तृत विवरण वेबसाईट http://sppp.rajasthan.gov.in एवं http:/www.eproc.rajasthan.gov.in पर एवं नगर निगम के निर्माण विभाग के कार्यालय में भी देखी जा सकती है।

Nib Code :-ANN2425A0205
UBN NO. ANN2425WSOB00335
राज.संवाद/सी/24/12613 अधिशाषी अभियन्ता

**कार्यालय नगर पालिका पोकरण जिला जैसलमेर राजस्थान**

क्रमांक/स्टोर/2025/529 दिनांक 21.10.2025

**-: निविदा सूचना :-**

इस कार्यालय द्वारा शहर में घर घर कचरा संग्रहण हेतु आ्टो टिपर मय ड्राइववर दर अनुबन्ध पर सेवा उपलब्ध करवाने हेतु विनिर्दिशिष्ट बोली दाताओ/संवेदक जो कि राजस्थान अनुबन्धित श्रमिक (नियमन एवं उन्मूलन) अधिनियम 1970, वस्तु एवं सेवा कर (जी.एस.टी.) आयकर (पेन नम्बर), राजस्थान दुकान एवं वाणिज्यक संस्थान अधिनियम 1958 या इण्डियन पार्टनशिप एक्ट 1932 के अन्तर्गत पंजीकृत हो से सेवा प्रदाता के रूप में कार्य करने हेतु लाईसेंस/अनुमति प्राप्त हो, से निम्नलिखित प्रकार से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | विवरण | अनुमानित लागत (रूपये) | बोली प्रतिभूति राशि (रूपये) | निविदा फीस (रूपये) | दस्तावेज विकय करने की दिनांक एवं अंतिम तिथि | दस्तावेज जमा कराने की अन्तिम तिथि एवं समय | (तकनीकी-वाणिज्यक) खोलने की दिनांक एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ऑटो टिपर वाहन मय ड्राईवर सहित | 26.00 लाख | 52000/– | 1000 | 27.02.2025 से 17.03.2025 | 18.03.2025 01.00 पी.एम तक | 18.03.2025 03.00 पीएम |

NIB – DLB2425A5945
UBN - DLB2425WSOB18525

1. निविदा आमन्त्रण सूचना का विस्तृत विवरण मय बोली दस्तावेज वेबसाईट "http://sppp.rajasthan.gov.in" पर भी देखा जा सकता है।
2. निविदा प्रतिभूति राशि, निविदा प्रपत्र शुल्क का डिमाण्ड ड्रफ्ट/बैकर्स चैक/नकद कार्यालय नगर पालिका पोकरण की रोकड़ शाखा में दिनांक 12.03.2025 को सांय 01.00 पीएम बजे तक अनिवार्य रूप से जमा करवाना होगा।
3. निविदा (तकनिकी वाणिज्यक/क्वालिफाईग बिड) दिनांक 18.03.2025 को दोपहर 04.00 बजे के बाद कार्यालय नगर पालिका पोकरण में उपस्थित निविदाता/संवेदक या उनके अधिकृत प्रतिनिधि के समक्ष उपापन समिति द्वारा खोली जायेगी।
4. किसी भी निविदा को स्वीकार/अस्वीकार करने या किसी बोली को निरस्त करने का उपापन समिति का अधिकार सुरक्षित है।
5. कार्य आरम्भ करने की दिनांक 01.04.2025 रहेगी।

राज.संवाद/सी/24/12577 अध्यक्ष अधिशाषी अधिकारी

**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, केन्द्रीय उद्योगशाला खण्ड, इगांनप बीकानेर**

क्रमांक-प.लेखा/नीलामी/1438-1453 दिनांक : 21/02/2025

**नीलामी निविदा सूचना संख्या 03/2024-25**

राजस्थान सरकार के राज्यपाल की ओर से "जैसा है, जहां है के आधार पर निम्नलिखित नाकारा सामग्री की बिक्री हेतु अधिकतम दर पर खुली बोली आमंत्रित की जाती है। निलामी हेतू अधिशाषी अभियन्ता, केन्द्रीय उद्योगशाला खण्ड इगांनप बीकानेर के कार्यालय में क्रम सं0 1 के लिए दिनांक 18/03/2025 एवं क्रम सं0 2 के लिए दिनांक 20/03/2025 को प्रातः 10.00 बजे से दोपहर 01.00 बजे तक बोली लगाने हेतू लॉट अनुसार धरोहर राशि जमा करवाकर टोकन प्राप्त किये जा सकेंगे। बिना टोकन के बोली में भाग नहीं लिया जा सकेगा। निलामी की बोली सभी अधिकृत अधिकारियों की समिति के समक्ष क्रम सं0 1 (लॉट सं0 1, 2 एवं 3) के लिए दिनांक 18/03/2025 एवं क्रम सं0 2 (लॉट सं0 1 व 2) के लिए दिनांक 20/03/2025 दोपहर 01.00 बजे से बोली लगायी जावेगी। उच्चतम बोलीदाता द्वारा तत्समयु ही लॉट अनुसार निलामी की शर्तों के अनुसार राशि जमा करवानी होगी। उक्त निलामी निविदा की जानकारी विभाग की वेबसाईट www.waterresources.raj.gov.in एवं DIPR की वेब साईट www.dipronline.org पर प्राप्त की जा सकती है।

उच्चतम बोली दाता द्वारा निलामी शर्तों के अनुसार पंजीकृत राशि को सम्मिलित करते हुए, बोली गई राशि की 25 प्रतिशत राशि यथा स्थान पर जमा करवानी होगी तथा शेष राशि मय सभी प्रकार के कर आदि नियम एवं शर्तों के अनुसार नकद अथवा डिमाण्ड ड्राफ्ट के रूप में बोली की तिथी से 21 दिवस में इस कार्यालय में जमा करवानी होगी। किन्ही भी कारणों / परिस्थितियों पर निलामी समिति को बोली निरस्त करने का पूर्ण अधिकार सुरक्षित रहेगा।

| क्रम संख्या | लॉट नं. | सामान का विवरण | न्यूनतम बोली राशि | धरोहर राशि | निलामी का स्थान व दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 1 | (यांत्रिक खण्ड इगानप, फलौदी) 1- Hyd. Exc BE-220 LC (Middle Boom S. No. G-10759 2- Hyd. Exc BE-220 LC (Long Boom S. No. B-16005 3- Hyd. Exc BE-220 LC (Middle Boom S. No. B-16014 4- Hyd. Exc BE-220 LC (Long Boom S, No. B-16264 (केन्द्रीय उद्योगशाला खण्ड इगानपं, बीकानेर) 1- Workshop स्टोर में अनुपयोगी पडे जनरेटर सेट, टीन सेड व लोहे की नाकारा सामग्री 2- Ashok Leyland Spare Parts L-01 | 32,25,000/- | 65,000/- | केन्द्रीय उद्योगशाला खण्ड परिसर इगानप बीकानेर व दिनांक 18/03/2025 |
| | 2 | (केन्द्रीय उद्योगशाला खण्ड इगानप, बीकानेर) 1. कंवरसेन लिफ्ट नहर के पम्पिंग स्टेशन द्वितीय से चतुर्थ पर अनुपयोगी पडे HT Panels, Motors Pumps Transformer, and Iron Scrap इत्यादि नाकारा सामग्री 2. Cummine Engine L 3 Spare Parts | 33,60,000/- | 70,000/- | |
| | 3 | (लिफ्ट यॉत्रिक खण्ड इगानप, बीकानेर) 1- Hyd. Exc BE-220 LC (Long Boom S. No. B-16279 (केन्द्रीय उद्योगशाला खण्ड इगानप, बीकानेर) 1-D-80A Dozer Spare Parts | 6,80,000/- | 15,000/- | |
| 2 | 1 | (केन्द्रीय उद्योगशाला खण्ड इगानप, बीकानेर) 1. कंवरसेन लिफ्ट नहर के पम्पिंग स्टेशन प्रथम से चतुर्थ पर अनुपयोगी पडे HT Panels, Motors Pumps Transformer, and Iron / Scrap इत्यादि नाकारा सामग्री 2. Cummine Engine L 1 Spare Parts | 56,65,000/- | 1,15,000/- | केन्द्रीय उद्योगशाला खण्ड परिसर इगानप बीकानेर दिनांक 20/03/2025 |
| | 2 | (केन्द्रीय उद्योगशाला खण्ड इगानप, बीकानेर) 1. कंवरसेन लिफ्ट नहर के पम्पिंग स्टेशन प्रथम से चतुर्थ पर अनुपयोगी पडे Pumps and Iron Scrap इत्यादि नाकारा सामग्री 2- Cummine Engine L2 Spare Parts | 46,15,000/- | 95,000/- | |

नोटः- निविदा से सम्बन्धित सभी शर्ते कार्यालय में देखी जा सकती है।

DIPR/C/2641/2025 अधिशाषी अभियन्ता केन्द्रीय उद्योगशाला खण्ड इगांनप बीकानेर

**कार्यालय खनि अभियन्ता, खान एवं भू-विज्ञान विभाग, कोटा**
E mail me.kota@rajasthan.gov.in

क्रमांकः खअ/कोटा/निविदा/2024-25/ दिनांकः 21.02.2025

**नीलामी सूचना प्रकाशन 02/2024-25**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि खनि अभियन्ता कोटा कार्यालय क्षेत्राधिकार में विभिन्न राजस्व ग्रामों के खातेदारी/सरकारी खसरों में अवैध खनन / निर्गमन चैकिंग के दौरान एमएएसीआर 2017 के नियम 54 व 60 के तहत जब्तशुदा खनिज बजरी काली / बनास जैसी भी जितनी भी जहां भी है, उसी स्थिति में नीलामी हेतु दरें सीलबन्द लिफाफे में आमंत्रित की जाती है। जिनका विवरण निम्न तालिका व विभागीय बेवसाईट mines.rajasthan.gov.in एवं पोर्टल Portal https://sppp.rajasthan.gov.in एवं कार्यालय नोटिस बोर्ड पर उपलब्ध है। उक्त नीलामी में भाग लेने हेतु नीलामी प्रपत्र राशि रूपये 100 का डी.डी0/ बैंकर्स चैक खनि अभियन्ता कोटा (MINING ENGINEER KOTA) के नाम जमा कराकर किसी भी कार्यदिवस में दिनांक 24.03.2025 दोपहर 3 बजे तक कार्यालय खनि अभियन्ता, खनिज विभाग प्लॉट नं0 3 टैगोर नगर रावतभाटा रोड कोटा से प्राप्त किये जा सकते है।

**नीलामी हेतु खनिज काली बजरी का संक्षिप्त विवरण-**

| क्र. सं. | राजस्व ग्राम एवं खसरा संख्या तहसील (जहाँ जब्तशुदा काली बजरी पड़ी है) | खनिज की अनुमानित मात्रा (टनों में) | बयाना/अमानत राशि (रू. में) | न्यूनतम बोली राशि (रू.में)/प्रति टन |
|---|---|---|---|---|
| 1. | ग्राम खेड़ीयामान तहसील इन्द्रगढ़ जिला बून्दी | 80 टन | 4000 | 500.00 |
| 2. | ग्राम खेडीयादुर्जन तहसील इन्द्रगढ जिला बून्दी | 300 टन | 15000 | 500.00 |
| 3. | ग्राम झालीजी का बराना तहसील के0 पाटन जिला बून्दी | 300 टन | 15000 | 500.00 |
| 4. | ग्राम खातोली, तहसील पीपल्दा जिला कोटा | 30 टन | 1500 | 500.00 |
| 5. | खसरा संख्या 1408/516 खातोली से सवाईमाधोपुर रोड ग्राम लाखनी जिला कोटा | 500.00 | 30 टन | 1500 |
| 6. | खसरा संख्या 539/271 खातोली से सवाईमाधोपुर रोड ग्राम लाखनी जिला कोटा | 500.00 | 100 टन | 5000 |
| 7. | खसरा संख्या 1436/1383 खातोली से सवाईमाधोपुर रोड ग्राम खातोली जिला कोटा | 500.00 | 60 टन | 3000 |
| 8. | खसरा संख्या 259 खातोली से सवाईमाधोपुर रोड ग्राम रामखेडा जिला कोटा | 500.00 | 40 टन | 2000 |
| 9. | खसरा संख्या 1405/515 ग्राम खातोली जिला कोटा | 35 टन | 1750 | 500.00 |
| 10. | खसरा संख्या 01 ग्राम खातोली जिला कोटा | 150 टन | 7500 | 500.00 |
| 11. | खसरा संख्या 527 ग्राम खातोली जिला कोटा | 100 टन | 5000 | 500.00 |
| 12. | खसरा संख्या 525 ग्राम खातोली जिला कोटा | 100 टन | 5000 | 500.00 |
| 13. | खसरा संख्या 03 ग्राम खातोली जिला कोटा | 100 टन | 5000 | 500.00 |
| 14. | खसरा संख्या 1342/57 खातोली से सवाईमाधोपुर रोड ग्राम खातोली जिला कोटा | 500.00 | 80 टन | 4000 |
| 15. | खातोली इटावा रोड़ आवासीय कॉलोनी ग्राम खातोली, इटावा जिला कोटा | 500.00 | 870 टन | 43500 |

**नीलामी हेतु बनास बजरी का संक्षिप्त विवरण -**

| क्र. सं. | राजस्व ग्राम एवं खसरा संख्या तहसील (जहाँ जब्तशुदा बनास बजरी पड़ी है) | खनिज की अनुमानित मात्रा (टनों में) | बयाना/अमानत राशि (रू0 में) | न्यूनतम निविदा राशि (रू0 में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | केशोपुरा तहसील पिपल्दा जिला कोटा | 2016 टन | 181440 | 900.00 |

16 समूहों में पड़े जब्तशुदा खनिज काली बजरी/बनास बजरी की प्रत्येक समूह के लिए अलग-अलग बोली दरें सीलबन्द लिफाफे में दिनांक 24.03.2025 को प्रातः 11 बजे से शाम 5 बजे तक कार्यालय खनि अभियन्ता, खनिज भवन, प्लॉट नम्बर 3, टैगोर नगर, रावतभाटा रोड, कोटा के कमरा नम्बर 112 में प्राप्त की जायेंगी। निर्धारित समय तक प्राप्त सीलबन्द निविदाएं कमेटी द्वारा दिनांक 25.03.2025 को प्रातः 11 बजे उपस्थित निविदादाताओ के समक्ष खनि अभियन्ता कोटा कक्ष संख्या 114 में खोली जायेगी। नीलामी की शर्ते खनि अभियन्ता, कोटा एवं वेबसाइट mines.rajasthan.gov.in एवं पोर्टल Portal https://sppp.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

(आर. एन. मंगल)
खनि अभियन्ता, कोटा

DIPR/C/2634/2025

# भूमाफिया जानशेर की 12 करोड़ बाजार कीमत की प्रोपर्टी को पुलिस ने किया फ्रीज

- भूमाफिया जानशेर की 12 करोड़ बाजार कीमत की प्रोपर्टी को पुलिस ने किया फ्रीज
- बेनामी संपत्ति लेनदेन निषेध अधिनियम के तहत राजस्थान पुलिस की पहली कार्यवाही
- अवैध तरीकों से डरा धमका कर बनाई थी संपत्ति, धमकाने पर प्रतिष्ठित व्यक्ति मुस्तफा बोहरा ने कर ली थी आत्महत्या

**जयपुर।** बेनामी संपत्ति लेनदेन निषेध अधिनियम 1988 की धारा 24 (3) के तहत राजस्थान पुलिस द्वारा पहली बड़ी कार्रवाई करते हुए प्रतापगढ़ जिले के आदतन अपराधी जानशेर खान पुत्र शेरनवाज निवासी अखेपुर की बगवास स्थित 12 करोड़ रुपये बाजार मूल्य की अवैध सम्पत्ति कुल 6.74 हैक्टर कृषि भूमि के विभिन्न खसरों को आयकर विभाग की मार्फत फ्रिज करवा दिया है। आयकर विभाग द्वारा प्रतापगढ़ तहसीलदार व सब रजिस्ट्रार को निर्देशित किया गया है कि जानशेर और उसके साथियों की प्रॉपर्टी किसी भी सूरत में ट्रांसफर नहीं हो सके, यह सुनिश्चित किया जाए।

पुलिस महानिरीक्षक (अपराध एवं सतर्कता) प्रफुल्ल कुमार ने बताया कि मुस्तफा बोहरा प्रतापगढ़ शहर के एक नामी प्रतिष्ठित व्यक्ति थे। कुछ लोग अवैध रूप से रूपये वसूलने के लिए उन्हें और परिवार को जान से मारने की धमकिया देकर आये दिन परेशान करते थे। इन्होंने मुस्तफा बोहरा के साथ जमीनों की खरीद व विक्रय के लिए सौदे किये, लेकिन खरीदी हुई जमीनों की रजिस्ट्री करवा कर जमीनों का भुगतान नहीं किया। डरा धमकाकर खाली चेक व स्टाम्प्स पर भी हस्ताक्षर करवा लिए।

आरोपियों ने बोहरा की जमीनों पर भी कब्जा करना शुरू कर दिया था। परेशान होकर मुस्तफा बोहरा ने 30 अगस्त 2023 की सुबह विषाक्त सेवन कर लिया। परिजन तुरंत उन्हें लेकर अस्पताल पहुंचे। सूचना मिलते ही तत्कालीन एसपी अमित कुमार के निर्देश पर कोतवाली एसएचओ भगवान लाल अस्पताल पहुंचे। वीडियो ग्राफी करवा मृत्यु पूर्व कथन दर्ज किए गए। सुसाईड नोट, मृत्युपूर्व स्टेटमेंट एवं वीडियोग्राफी में जानशेर खान सहित अन्य अभियुक्तों द्वारा काफी परेशान करने के कारण बोहरा ने सुसाईड करना बताया।

आरोपित जानशेर तथा उसके साथियों को पुलिस ने 31 अगस्त,2023 को गिरफ्तार किया गया था। जानशेर खान प्रतापगढ़ जिले के थाना कोतवाली का आदतन अपराधी है। इसी अनुसंधान के क्रम में यह तथ्य भी सामने आये कि अभियुक्त जानशेर ने प्रतापगढ़ में कई सारे निर्दोष लोगों के साथ धोखाधडी करके एवं अवैध धन्धों से कई करोड़ों की सम्पतियां अर्जित कर अलग-अलग लोगों के नाम करा रखी है।इस प्रकरण में 28 दिसम्बर 2023 को निवर्तमान एसपी हाल डीसीपी वेस्ट जयपुर अमित कुमार द्वारा जानशेर की 10 बेनामी प्रोपर्टियों का लेखा जोखा तैयार कर सभी साक्ष्यों के साथ जॉइंट कमिश्नर आयकर विभाग (बेनामी निषेध) को एक इस्तगासा भेजा गया था। जिसमें प्रतापगढ़ में करीब 12 करोड़ की कृषि भूमि जानशेर ने अपने सहयोगी बसंती लाल मीणा, राधेश्याम मीणा व सरमथ मीणा, भग्गाराम के नाम पर खरीदी है। जिसके खसरा नम्बर 466, 501, 509 होकर कुल रकबा 6.74 हैक्टर है। उक्त कृषि भूमि पर वर्तमान मे जानशेर खान का ही कब्जा है। उक्त भूमि के सम्बन्ध में संयुक्त खातेदार किशोर मीणा के कथनों से प्रमाणित है। इनकम टैक्स द्वारा उक्त प्रोपर्टीयो के संबंध में चार उन लोगों के नाम नोटिस भेजा है जिनके नाम जानशेर ने संपत्ति दर्ज करवाई थी। इसके तहत बसन्ती लाल मीणा निवासी अखेपुर, राधेश्याम मीणा निवासी अखेपुर, भग्गाराम मीणा निवासी अरनोद एवं सरमथ लाल मीणा निवासी सानोती कुल थाना प्रतापगढ को नोटिस भिजवाया गया है।

आयकर विभाग ने उक्त सभी की प्रोपर्टीयो को बेनामी संपत्ति लेनदेन निषेध अधिनियम 1988 की धारा 24 (3) के तहत फ्रीज कर प्रतापगढ तहसीलदार व सब-रजिस्ट्रार को इनकी प्रोपर्टीयो का हस्तानान्तरण किसी भी हालात में नहीं हो, यह सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया है।

## ऑटो ने उबर बाइक को टक्कर मारी, इंजीनियरिंग की मौत

**जयपुर।** टोंक रोड पर रामबाग चौराहे पर तेज रफ्तार ऑटो ने उबर बाइक को टक्कर मार दी। इससे बाइक पर सवार इंजिनियर की मौत हो गई,जबकि बाइक चालक घायल हो गया। घायल का एसएमएस अस्पताल में उपचार जारी है। मामले की जांच दुर्घटना थाना पुलिस पूर्व कर रही है।

पुलिस के अनुसार मंगलवार सुबह करीब सात बजे जेडीए की तरफ से आ रहे ऑटो ने गांधी नगर की तरफ से एमआई रोड की तरफ जा रही उबर बाइक को टक्कर मार दी।

इससे बाइक सवार करीरी खेजरोली निवासी 42 वर्षीय जितेंद्र सिंह शेखावत और मध्यप्रदेश निवासी उबर चालक कृष्णा कुशवाहा घायल हो गए। सूचना पर मौके पर पहुंच कर पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया, जहां पर उसकी जितेंद्र सिंह की मौत हो गई।

हादसे के बाद मौके पर पहुंच कर पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को जब्त कर थाने पर खड़ा करवा दिया है। उबर बाइक चालक कृष्णा का अस्पताल में उपचार जारी है।

## सार-समाचार

### महावर वैश्य नवयुवक सेवा संस्था का रक्तदान शिविर संपन्न



**जयपुर।** महावर वैश्य नवयुवक सेवा संस्था, जयपुर के तत्वावधान में 15वें विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन महावर वैश्य भवन, बी-3, दीपक मार्ग, मोती डूंगरी रोड, आदर्श नगर, जयपुर पर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। नवयुवक संस्था अध्यक्ष इंजी. मुदित गुप्ता ने बताया कि सभी के सहयोग से शिविर में 91 रक्तदाताओं ने रक्तदान कर एवं करीब 65 रक्तदाताओं ने जरूरत पड़ने पर रक्तदान करने हेतु पंजीकरण कराकर सहयोग किया। नवयुवक संस्था के सभी पदाधिकारियों, महावर वैश्य छात्रावास के विद्यार्थीयों, जयपुर शहर व आसपास से पधारे रक्तदाताओं सहित अतिथियों ने भी रक्तदान कर इस पुनीत कार्य में योगदान दिया। इस अवसर पर विभिन्न प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया संस्थान के वरिष्ठ पत्रकारजन उपस्थित रहे।

### संस्कृत संभाषण शिविर का समापन



**जयपुर।** राजस्थान संस्कृत अकादमी एवं राजकीय महाराज वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में 21 दिवसीय संस्कृत संभाषण शिविर का समापन आज अकादमी निदेशक डॉ लता श्रीमाली के निर्देशन में हुआ। कार्यक्रम के प्रारंभ में सरस्वती वंदना की गई। प्राचार्य डॉ गजानंद शर्मा ने संस्कृत अकादमी को धन्यवाद देते हुए कहा कि इन शिविरों के माध्यम से ही संस्कृत संभाषण की नींव रखी जाती हैं। डॉ आशा शर्मा ने कहा कि संस्कृत भाषा हमें अनुशासन और संस्कारवान बनने के लिए प्रेरित करतीं हैं। बाबूलाल शर्मा ने कहा कि संस्कृत भाषा सभी भाषाओं की जननी है कार्यक्रम का संचालन शिविर संयोजक डॉ संजय गोस्वामी ने किया।

### एमडी ड्रग्स की सप्लाई करने वाला गिरफ्तार

**जयपुर।** जयपुर कमिश्नरेट की स्पेशल टीम (सीएसटी) ने ऑपरेशन ''क्लीन स्वीप'' के तहत ड्रग्स माफियाओं के खिलाफ जवाहर सर्किल थाना इलाके में कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले तस्कर प्रशांतशर्मा उर्फ मोंटी को गिरफ्तार किया है और उसके पास से अवैध मादक पदार्थ एमडी 4.39 ग्राम बरामद की है। फिलहाल आरोपित से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त (अपराध) कुन्दन कंवरिया ने बताया कि पुलिस कमिश्नरेट की ओर से चलाए जा रहे ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत सीएसटी ने जवाहर सर्किल थाना इलाके में कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले तस्कर प्रशांतशर्मा उर्फ मोंटी निवासी बनीपार्क जयपुर को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपित से अवैध मादक पदार्थ की खरीद-फरोख्त के बारे में पूछताछ करने में जुटी है।

### चार महिला तस्कर गिरफ्तार

**जयपुर।** मुरलीपुरा थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से शराब की तस्करी करने वाले चार महिला तस्करों को पकडा है और उनके पास से भारी मात्रा में अवैध देशी शराब जब्त की है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम अमित कुमार ने बताया कि मुरलीपुरा थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से शराब की तस्करी करने के मामले में रोशनी सांसी,रेखा सांसी,सुशील सांसी और सुमन देवी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार सभी महिलाएं मुरलीपुरा इलाके की रहने वाली है।

# ट्रेनों में चोरी करने वाली सास-बहू गिरफ्तार

**जयपुर।** जीआरपी थाना पुलिस ने चलती ट्रेन में चोरी करने के मामले में सास-बहू को गिरफ्तार किया है। वह भीड़भाड़ का फायदा उठाकर यात्रियों के बैग खोलकर गहने-नगदी चुराती थी। पुलिस पकड़ने के लिए जब पीछे लगी तो बचने के लिए हरियाणा भाग गई। जीआरपी पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी सास-बहू से चुराए गए 5 लाख रुपए कीमत के गहने भी बरामद कर लिए हैं।

- भीड़ का फायदा उठा यात्रियों के बैगों से चुराती गहने-नकदी



जीआरपी थाना पुलिस ने चलती ट्रेन में चोरी करने के मामले में सास-बहू को गिरफ्तार किया है।

पुलिस निरीक्षक अरुण चौधरी ने बताया कि ट्रेनों में चोरी के मामले में आरोपी चंदरानी (54) पत्नी राजेश और काजल (25) पत्नी रोहन निवासी टोहना फतेहाबाद हरियाणा, हाल मंगलम सिटी कालवाड़ रोड को गिरफ्तार किया है।

दोनों रिश्ते में सास-बहू हैं। 22 फरवरी को पीड़ित ईश्वर सिंह ने जीआरपी थाने में मामला दर्ज करवाया था कि 18 फरवरी को वह अपनी पत्नी के साथ जयपुर रेलवे स्टेशन से जोधपुर जाने के लिए रणथम्भौर एक्सप्रेस में सफर कर रहे थे। भीड़भाड़ का फायदा उठाकर पत्नी के हैंड बैग की चेन खोलकर सोने का कड़ा, चेन व टॉप्स चोरी कर लिए।

एएसआई जगदीश प्रसाद जाट ने चोरों की तलाश शुरू की। करीब 100 से ज्यादा सीसीटीवी फुटेजों को खंगाला।

चोरी में संदिग्ध दोनों महिलाओं का फुटेज के आधार पर कालवाड़ रोड तक पीछा किया गया। पुलिस ने दोनों आरोपी महिलाओं की पहचान चंदरानी व उसकी बहू काजल के रूप में हुई। पुलिस के पीछे पड़े होने का पता चलने पर दोनों आरोपी सास-बहू राजस्थान छोड़कर हरियाणा फरार हो गई। इनपुट के आधार पर पुलिस ने हरियाणा के टोहना में दबिश देकर दोनों आरोपी सास-बहू को धर-दबोचा। जिसके कब्जे से चलती ट्रेन में बैग खोलकर चुराए करीब 5 लाख रुपए कीमत के गहने भी बरामद कर लिए गए।

## भूखंड पर कब्जा करने वाला पुलिस के हत्थे चढ़ा

**जयपुर।** मुहाना थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक भूखंड पर बाहुबल से कब्जा करने वाले एक भूमाफिया को गिरफ्तार किया है। जो पिछले तीन साल से फरार चल रहा था। इसके अलावा आरोपित फायरिंग मामले में वांछित चल रहा था। फिलहाल आरोपित से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर दक्षिण दिगंत आनंद ने बताया कि मुहाना थाना पुलिस ने 10 जुलाई 2022 में एक भूखंड पर बाहुबल से कब्जा करने वाले फरार भूमाफिया सत्येन्द्र सिंह निवासी लखनपुर जिला भरतपुर हाल मुहाना जयपुर को गिरफ्तार किया है।

जो पिछले तीन साल से अपनी पहचान छुपा कर फरारी काट रहा था। पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपित लोगों को डरा-धमकाकर भूखंडों पर कब्जा करने,अपहरण ,मारपीट के दर्जनों वारदाते मानसरोवर,मुहाना,प्रताप नगर,गांधी नगर और कानोता थाना इलाके में कर चुका है।

आरोपित विवादास्पद प्रोपट्री के डिस्प्यूट को निपटाने के नाम पर पैसे लेकर लोगों को बाहुबल के आधार पर भूखंडों पर कब्जा करता है। पुलिस पूछताछ में और भी कई वारदातें खुलने की आशंका जताई जा रही है।

# युवक की पीट-पीट कर हत्या के मामले में महिला सहित चार गिरफ्तार

**जयपुर।** भांकरोटा थाना पुलिस ने दिनदहाड़े युवक की पीट-पीट कर हत्या करने के मामले में एक महिला सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया है। हत्या में मृतक की बहन, जीजा और उसके रिश्तेदार शामिल है।

- मृतक की बहन और जीजा के साथ रुपयों को लेकर हुआ था विवाद

पुलिस के अनुसार हत्या के मामले में सारणों की ढाणी बेगस बगरू निवासी रामलाल, सुवालाल, कजोड़ और मोनिका पत्नी रामलाल को गिरफ्तार किया है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम अमित कुमार ने बताया कि मुकुंदपुरा स्थित बासड़ी रोड पर सोमवार को बिंदायका निवासी गोवर्धन चौधरी की लाश पड़ी मिली।

गोवर्धन चौधरी के पीछे कार सवार कुछ लोग पड़े थे। उन्होंने पहले उसकी बाइक को टक्कर मारी। इसके बाद कार से कुछ लोग बाहर निकले और गोवर्धन के पीछे भागे। बदमाशों की गाड़ी भी इस दौरान क्षितग्रस्त हो गई। कार से दो महिलाएं और तीन लोग निकले। उन्होंने गोवर्धन का पीछा किया। गेहूं के खेत में उन्होंने गोवर्धन पर ताबड़तोड़ हमला कर उसकी हत्या कर दी और भाग गए। घटना के बाद पुलिस को जानकारी दी गई। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस अधिकारियों ने फोरेंसिक साइंस लेबोरेटरी (एफएसएल) की टीम को मौके पर बुलाया। पुलिस ने बदमाशों की पहचान के लिए बड़ी संख्या में सीसीटीवी फुटेज खंगाले।

पुलिस के अनुसार गोवर्धन चौधरी की अपनी बहन और जीजा से रुपयों को लेकर विवाद हो गया। परिजनों का आरोप था कि मृतक गोवर्धन से उसकी बहन मोनिका व जीजा रामलाल व उनके पक्ष वाले उनकी मर्जी के खिलाफ शादी करने को लेकर नाराज थे। घटना वाले दिन मृतक गोवर्धन से उसके जीजा व बहन का 30 हजार रुपयों को लेकर विवाद हुआ था जिसमें से घटना वाले दिन 13 हजार आरोपी पक्ष ने प्राप्त भी कर लिए थे। शेष के 17 हजार को लेकर दोनों पक्षो में विवाद बढ़ गया और विवाद के दौरान दोनों पक्षों का झगडा हो गया।

# कृत्रिम गर्भाधान के क्षेत्र में राजस्थान का पहला प्लान्ट बस्सी में

**जयपुर।** राज्य सरकार की बजट घोषणा वर्ष 2025 के तहत कृत्रिम गर्भाधान के क्षेत्र मे राजस्थान का पहला और नवीनतम तकनीकी आधारित प्लान्ट बस्सी में स्थापित किया जायेगा। भारत सरकार और राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के सहयोग से लगने वाले सैक्स सॉर्टेड सीमन लैब में दस लाख डोजेज प्रतिवर्ष का उत्पादन होगा। बजट घोषणा के अनुरूप राज्य सरकार की ओर से दुग्ध उत्पादकों को प्रति डोज 75 प्रतिशत अनुदान भी मिलेगा। सैक्स सॉर्टेड सीमन लैब में 90 प्रतिशत बछडी का उत्पादन होगा। इससे राज्य के लाखो दुग्ध उत्पादको को सस्ती दर पर सैक्स सॉर्टेड सीमन मिलेगा। राजस्थान को-ऑपरेटिव डेयरी फैडरेशन की प्रबन्ध संचालक भारद्वाज ने बताया कि बस्सी में सैक्स सॉर्टेड सीमन लैब की स्थापना के लिए पशुपालन एवं डेयरी मंत्री जोराराम कुमावत की उपस्थिति में आरसीडीएफ, आरएलडीबी और एनडीडीबी डेयरी सर्विसेज के बीच त्रिस्तरीय सहमति पत्र पर हस्ताक्षर किये गये।

- अत्याधुनिक सैक्स सॉर्टेड सीमन लैब की होगी स्थापना




पशुपालन एवं डेयरी मंत्री जोराराम कुमावत की उपस्थिति में आरसीडीएफ, आरएलडीबी और एनडीडीबी डेयरी सर्विसेज के बीच त्रिस्तरीय सहमति पत्र पर हस्ताक्षर किये गये।

एनडीबीबी द्वारा विकसित भारतीय तकनीकी आधारित सैक्स सॉर्टेड सीमन सस्ती दरों पर राज्य के दुग्ध उत्पादकों को उपलब्ध कराया जा सकेगा। इस अवसर पर राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के अध्यक्ष डॉ मीनेश शाह और पशुपालन सचिव डॉ समित शर्मा भी उपस्थित थे। पशुपालन सचिव डॉ शर्मा ने इस योजना के शीघ्र क्रियान्यवन पर जोर दिया ताकि प्रदेश को दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में सिरमोर बनाया जा सके। त्रिस्तरीय सहमति पत्र पर हस्ताक्षर के दौरान एनडीबीबी डेयरी सर्विसेज के प्रबन्ध निदेशक डॉ सीपी देवानन्द पशुधन विकास बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ आनन्द सेजरा पशुपालन एवं आरसीडीएफ के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

## ऑपरेशन साइबर शील्ड अभियान में 119 मोबाइल मालिकों तक पहुंचाए

**जयपुर।** जयपुर पुलिस कमिश्नरेट की पश्चिम जिला पुलिस ने ऑपरेशन साइबर शील्ड के तहत कई बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। पुलिस ने अभियान के तहत जनवरी 2025 में 66 बदमाशों को गिरफ्तार किया। फरवरी महीने में 3 मुकदमे दर्ज कर 9 बदमाशों को गिरफ्तार किया। इसके अलावा फरवरी महीने में पुलिस टीम ने 35 लाख 70 हजार रुपए के 119 मोबाइल फोन रिकवर कर उनके मालिकों तक पहुंचाए। एक महीने में साइबर फ्रॉड की शिकायतों में 49,20,501 रुपए रिकवर कर पीड़ितों के खातों में लौटाए।

पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम अमित कुमार ने बताया कि पुलिस मुख्यालय द्वकी ओर से चलाए जा रहे साइबर शील्ड अभियान के दौरान फरवरी 2025 में सीर पोर्टल व अन्य विभिन्न तकनीकी सहायता से पश्चिम में गुम हुए मोबाइल फोन में से कुल 119 मोबाइल फोन (कुल कीमत 35 लाख 70 हजार रुपए) ट्रेस कर रिकवर करने असली मालिकों तक पहुंचाए। वहीं साइबर शील्ड के तहत पीड़ितों के खातों से निकले 49,20,501 रुपए बदमाशों के खातों में फ्रिज कराने के साथ-साथ इस पैसे को पीड़ितों के खातों में रिफंड कराया गया।

अमित कुमार ने बताया कि साइबर ठगों के खिलाफ विशेष अभियान चलाकर उनकी धरपकड़ की जा रही है। वेस्ट जिले की साइबर टीम के बाद किसी भी प्रकार की साइबर फ्रॉड की सूचना आने पर हमारी साइबर सेल एक्टिव होकर उस पर काम करने लग जाती है।

# कॉमनवेल्थ पुलिस स्पोर्ट्स यूनियन का गठन



पुलिस एंड फायर गेम्स बोर्ड ऑफ इंडिया की साधारण सभा की बैठक स्थानीय वैशाली नगर स्थित होटल में आयोजित की गई।

**जयपुर।** राष्ट्रमंडल देशों में पुलिस बलों के बीच खेलों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कॉमनवेल्थ पुलिस स्पोर्ट्स यूनियन का गठन किया गया है। यूनियन द्वारा राष्ट्रमंडल देशों में पुलिस अधिकारियों के बीच संबंधों को बढ़ावा देने के भी प्रयास किए जाएंगे।

पुलिस एंड फायर गेम्स बोर्ड ऑफ इंडिया की साधारण सभा की बैठक स्थानीय वैशाली नगर स्थित होटल में आयोजित की गई। बैठक में राष्ट्रमंडल देशों के कई प्रतिनिधियों ने वीसी के माध्यम से भाग लिया। अब बैठक के उपरांत यूनियन के गठन की कार्यवाही हुई। डॉ विनोद कुमार मल को यूनियन का प्रथम अध्यक्ष एवं सुनील कुमार को यूनियन का प्रथम सचिव चुना गया। इस अवसर पर पुलिस के सेनि महानिदेशक भूपेंद्र कुमार एवं उमेश मिश्रा सहित विभिन्न राज्यों से आए सेनि डीजीपी व भारतीय पुलिस सेवा के वरिष्ठ अधिकारीगण मौजूद रहे।

पुलिस एंड फायर गेम्स बोर्ड ऑफ इंडिया के अध्यक्ष गुजरात कॉडर के सेवानिवृत आईपीएस डॉ विनोद कुमार मल ने बताया कि कॉमनवेल्थ पुलिस स्पोर्ट्स यूनियन राष्ट्रमंडल देशों में पुलिस बलों के बीच खेलों को बढ़ावा देगा और सभी खेल विषयों में अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में राष्ट्रमंडल देशों के पुलिस एथलीटों की तैयारी, संगठन और भागीदारी में समन्वय करेगा। साथ ही कॉमनवेल्थ पुलिस स्पोर्ट्स यूनियन

राजस्थान पुलिस के सेनि डीजीपी उमेश मिश्रा ने संगठन की उपादेयता बढ़ाने एवं शूटिंग सहित लोकप्रिय खेलों को प्रोत्साहित करने पर जोर दिया। सेनि एसीएस आर वेंकटेश्वरन ने आर्मी की तरह ही पुलिसकर्मियों को भी खेलो में सघन प्रशिक्षण दिया जा सकता है। तमिलनाडु के सेनि डीजीपी सुनील कुमार सिंह ने कॉमनवेल्थ पुलिस स्पोर्ट्स यूनियन के बारे में पुलिसकर्मियों को आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराने पर बल दिया। हिमाचल प्रदेश के सेनि डीजीपी संजीव कुंडू ने पुलिस कर्मियों की क्रिकेट और टेनिस प्रतियोगिताओ के आयोजन की आवश्यकता प्रतिपादित की।

साधारण सभा के बैठक में उड़ीसा के सेनि डीजीपी आर पी शर्मा, यूएई से आए जोगिंदर सिंह और सीपीयू के उपाध्यक्ष शोएब आलम ने भी अपने विचार व्यक्त किए। सचिव सुनील कुमार ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

कॉमनवेल्थ पुलिस स्पोर्ट्स यूनियन का अगला सम्मेलन आगामी 7 मार्च को मलेशिया की राजधानी कुआलालम्पुर में आयोजित किया जाएगा। यूनियन की बैठक में इंटरपोल के एशियाई प्रमुख ने भी अपने विचार साझा किये।

# बैंक कर्मियों ने संसद पर धरना देकर प्रदर्शन किया

**जयपुर।** यूनाइटेड फोरम ऑफ़ बैंक यूनियंस के आव्हान पर बैंक कर्मचारियों व अधिकारियों ने अपनी माँगो को लेकर आज नई दिल्ली संसद पर विशाल संयुक्त धरना/मोर्चा आयोजित कर सरकार को विरोध व्यक्त किया।

राजस्थान प्रदेश बैंक एम्प्लाईज यूनियन के उप महासचिव बैंक कर्मचारी नेता सूरज भान सिंह आमेरा ने बताया कि बैंको में सभी कैडर के हजारो रिक्त पड़े पदों पर भर्ती करने, आरबीआई-नाबार्ड-बीमा-केंद्र-राज्य कर्मियों के समान बैंकों में पाँच दिन का बैंक कार्य सप्ताह (फाइव डे वीक ) लागू करने , केंद्र व राज्य कर्मियों के समान ग्रेच्युटी भुगतान 25लाख करने व आयकर से मुक्त करने , नियमित बैंक कार्य की आउटसोर्सिंग / ठेका प्रथा बंद करने , बैंक शाखाओ में सुरक्षा प्रहरी लगाने ,बैंक शाखा में में महिला व स्टाफ



को सुरक्षा प्रदान करने ,लंबित मुद्दों का समाधान करने ,लिखित समझौतों को लागू करने आदि माँगो को लेकर 24व 25 मार्च की दो दिवसीय बैंक हड़ताल से पूर्व आज संसद पर मोर्चा /धरना आयोजित किया गया। बैंक कर्मचारी नेता आमेरा ने मंच से धरना कर्मियों से माँगो पर जोशीली नारेबाज़ी करवाई ।

धरने को एआईबीईए के महासचिव सी एच वेंकटचलम ,यूएफ़बीयू के विभिन्न नेताओं सहित विभिन्न राजनीतिक दल के सांसदों ने संबोधित कर बैंक कर्मियों की माँगो का समर्थन किया ,संसद के अन्दर आवाज़ उठाने का विश्वास दिलाया ।

यूएफ़बीयू के सामूहिक शिष्ट मंडल ने भारत सरकार के वित्त सचिव एस नागराजु को वित्त मंत्रालय में जाकर ज्ञापन दिया

बैंक कर्मचारी नेता आमेरा ने बताया कि धरने में राजस्थान से ,सूरज भान सिंह आमेरा , महेश शर्मा ,आर जी शर्मा , मेघा मलिक ,राकेश कुमार गुर्जर ,हेमन्त वर्मा ,मनीष मीणा ,रोशन लाल ,महेश मीणा ,विनील सक्सेना , रवीदीप चतुर्वेदी ,रविकान्त शर्मा ,बनवारी लाल के साथ विभिन्न व्यावसायिक व सहकारी बैंकों से पाँच सौ बैंक कर्मियों ने दिल्ली धरने में भागीदारी की ।

# मोबाइल नहीं दिया तो नाबालिग ने द्रव्यवती नदी में लगाई छलांग

**जयपुर।** श्याम नगर थाना इलाके में एक 14 साल की नाबालिग लड़की ने द्रव्यवती नदी में कूदकर सुसाइड कर लिया। सिविल डिफेंस और एसडीआरएफ की टीम ने एक घंटे की मशक्कत के बाद किशोरी के शव को बाहर निकाला।पुलिस पूछताछ में सामने आया कि सोमवार रात मोबाइल नहीं देने को लेकर लड़की का परिवार से झगड़ा हुआ था। सोमवार शाम 7 बजे उसने हाथ की नस काट ली थी। परिवार ने इलाज करवाया। इसके बाद मंगलवार सुबह 11 बजे बच्ची घर से निकलकर नदी में कूद गई।एसडीआरएफ कमांडेंट जितेंद्र सिंह सिसोदिया ने बताया कि श्याम नगर क्षेत्र स्थित द्रव्यवती नदी में किशोरी के डूबने की सूचना मिली थी। एसडीआरएफ टीम को मौके पर भेजा। रेस्क्यू टीम के 10 जवान सुबह 11:40 बजे घटनास्थल पर पहुंचे। मौके पर नाबालिग के शव की तलाश शुरू की। टीम के जवानों ने रेस्क्यू रोप और बिलाई की मदद से नीचे तक सर्च किया। कुछ समय की मशक्कत के बाद टीम ने द्रव्यवती नदी में डूबी नाबालिग के शव को बरामद कर स्थानीय प्रशासन को सुपुर्द किया। वह दरभंगा (बिहार) की रहने वाली थी। यहां परिवार के साथ रहती थी। द्रव्यवती नदी सुसाइड पॉइंट बनता जा रहा है। यहां पर जेडीए की ओर से गार्ड तैनात है, लेकिन वह कभी-कभी ही ड्यूटी पर दिखाई देता है। मंगलवार नाबालिग आसानी से रेलिंग पार कर नदी में कूद गई। लोगों ने शोर किया, लेकिन किसी के पास लाइफ सेविंग जैकेट नहीं थी।

ARBiT it happens here...

राष्ट्रदूत
WEDNESDAY
05 March 2025
A-B



## International Day for Disarmament and Non-Proliferation Awareness

The International Day for Disarmament and Non-Proliferation Awareness is observed on March 5 every year. This special day was created by the United Nations to encourage a broader understanding of disarmament and non-proliferation, especially among young people. Disarmament refers to reducing or eliminating weapons, while non-proliferation aims to prevent the spread of weapons, particularly nuclear ones. The day coincides with the date the Treaty on the Non-Proliferation of Nuclear Weapons took effect, highlighting its significance in promoting peace and security worldwide.

#PARENTING

# Becoming Conservative

Becoming a parent may have psychological effects that you don't expect.



Becoming a parent is often described as one of life's most fulfilling experiences, yet it comes with profound psychological changes that many do not anticipate. The transition from an individual or couple-focused life to one centered around a newborn brings an emotional rollercoaster, filled with joy, stress, anxiety, and moments of overwhelming love. While the benefits of parenthood are undeniable, the mental and emotional challenges it introduces are just as significant.

### Identity Shift and Self-Perception

One of the most unexpected psychological effects of parenthood is the shift in self-identity. Parents, especially first-time ones, often struggle to balance their pre-parent selves with their new responsibilities. Hobbies, career ambitions, and personal goals may take a backseat, leading to feelings of loss or confusion about their identity. Over time, many parents find ways to redefine themselves while embracing their new role, but the transition can be challenging.

### The Impact on Mental Health

Postpartum depression and anxiety are commonly associated with mothers, but new fathers are also susceptible to mental health struggles. The pressure of providing security for a family, coupled with lack of sleep and changes in the relationship dynamic, can lead to stress and emotional exhaustion. Recognizing the need for self-care and seeking support when necessary are crucial steps in maintaining mental well-being.

### The Constant Worry and Overwhelm

Parenting introduces a heightened sense of worry that doesn't fade as the child grows. Concerns about the baby's health, development, and future can lead to anxiety, and many parents find themselves overthinking every decision they make. Learning to balance concern with trust in the parenting process is essential to maintaining peace of mind.

### Relationship Dynamics and Parenting Challenges

Having a child can significantly alter the dynamics of a relationship. Couples, who were once focused solely on each other, now have to navigate shared parenting responsibilities, often leading to conflicts regarding childcare duties, financial pressures, and differing parenting philosophies. Effective communication and teamwork become essential in ensuring that the relationship remains strong despite the added pressures of parenthood.

### Increased Empathy and Emotional Growth

On a positive note, parenthood fosters emotional growth and deepens one's capacity for empathy. The intense love and responsibility for a child often translate into greater understanding and patience in other areas of life. Many parents report becoming more compassionate individuals, not just towards their children but also towards their partners, colleagues, and society as a whole.

### Finding Support and Embracing the Journey

Understanding that the psychological effects of parenthood are normal and shared by many can be reassuring. Seeking support from family, friends, parenting groups, or professional counsellors can make the transition smoother. Parenthood is a transformative journey that reshapes one's life in unexpected ways, but with time, adaptation, and self-compassion, it becomes one of the most rewarding experiences that life offers.

### Embracing Change and Personal Development


Parenthood challenges individuals to grow in ways they never imagined. It teaches resilience, patience, and adaptability as parents navigate the ups and downs of raising a child. The journey often brings a newfound appreciation for time management, emotional intelligence, and problem-solving skills. While the challenges can be overwhelming, they also present opportunities for personal development, making parenthood not just about raising a child, but also about evolving as an individual.












# Sholay Playing At Raj Mandir

## "Kitne Aadmi The?"

## -This Question Remains



As Rajasthan proudly welcomes the finest of Indian cinema, the International Indian Film Academy (IIFA) 2025 is set to mark a historic milestone with a spectacular dual celebration, the Golden Jubilee of *Sholay* and the 50th anniversary of Jaipur's legendary *Raj Mandir Cinema.* Among the most awaited highlights of IIFA 2025 is a special, invite-only screening of *Sholay* on March 9th at 11 A.M., hosted at none other than Raj Mandir, Jaipur's iconic cinematic palace. As two legends of Indian cinema, Sholay and Raj Mandir, celebrate 50 glorious years together, this exclusive event will be a once-in-a-lifetime tribute to storytelling, nostalgia, and the enduring magic of Bollywood.



Shruti Kothari


Jaipur is set to witness a once-in-a-lifetime cinematic event as the International Indian Film Academy (IIFA) 2025 celebrates the Golden Jubilee of Sholay at Raj Mandir Cinema, one of India's most iconic movie palaces. On March 9th, 2025, at 11 A. M., an exclusive, invite-only screening of *Sholay* will take place at Raj Mandir, Jaipur, marking 50 glorious years of one of Indian cinema's greatest masterpieces. This historic screening is not just a tribute to a film that redefined storytelling, action, and cinema itself, but also a homage to Raj Mandir, a theatre that has been an emblem of grandeur for half-a-century. As Jaipur prepares to host IIFA 2025, this grand celebration will bring together the biggest names in Bollywood, film enthusiasts, and media from around the world. The Silver Jubilee edition of IIFA promises to be an unforgettable spectacle, and this exclusive screening of *Sholay* at *Raj Mandir* will be one of its most talked-about highlights.

### "*Kitne Aadmi The?*" -A Dialogue That Echoes Through Generations

'Sholay' is not just a movie, it is an emotion, a cultural phenomenon, and a cinematic revolution that changed Indian filmmaking forever. Released in 1975, *Sholay* redefined action, drama, and character-driven storytelling, setting a new benchmark for Hindi cinema. It was not just a film, it was an experience that audiences lived, breathed, and carried with them through generations. Even after five decades, every Indian, young or old, can instantly recall its iconic dialogues, legendary characters, and unforgettable music. From Amitabh Bachchan's brooding *Jai* and Dharmendra's charming *Veeru* to Hema Malini's fiery *Basanti* and Amjad Khan's terrifying *Gabbar Singh*, every role in Sholay became immortal. The film's cinematography, set against the rugged landscape of Ramgarh, gave it a Hollywood-style Western appeal, making it a visual masterpiece. The film's songs, like *Yeh Dosti* and *Mehbooba Mehbooba*, still resonate with music lovers, while its gripping screenplay is studied by filmmakers worldwide. Sholay was not just a box-office success, it was a game-changer that transformed Hindi cinema forever. Now, as Sholay turns 50, there could be no better place to honour this milestone than Raj Mandir, a cinema hall that has been a temple for movie lovers for half-a-century.




#IIFA




### Raj Mandir - The Pride of Jaipur, A Cinematic Palace Like No Other

If Bollywood is the heartbeat of Indian cinema, Raj Mandir is its royal throne. Established in 1976, Raj Mandir was designed to be more than just a cinema hall, it was built as a cinematic palace, where movie-watching would feel like a majestic experience.


Located in the heart of Jaipur, Raj Mandir is not just a theatre, it is a landmark, drawing tourists and movie lovers from across the globe. Known for its opulent interiors, grand chandeliers, and intricately designed architecture, Raj Mandir offers an ambiance that transports audiences to a bygone era of cinematic grandeur. The mesmerizing interiors, adorned with ornate carvings and a ceiling that mimics a starlit sky, create an aura of old-world charm blended with royal elegance. The moment you step inside, you are transported into a world of cinematic splendour, where every film feels like a grand spectacle.



Raj Mandir has hosted countless Bollywood premieres and has been graced by the biggest stars of Indian cinema over the decades. It has been a witness to history, playing some of the most legendary films of all time, making it a sacred sanctuary for film lovers. Hosting the Golden Jubilee celebration of Sholay at Raj Mandir is more than just an event, it is a historic moment where two cinematic legends come together. It is only fitting that a film as grand as Sholay is honoured at a theatre as magnificent as Raj Mandir, a place that has been synonymous with cinematic excellence for five decades.

### A Historic Moment for Jaipur and The Most Awaited Event of IIFA 2025

Jaipur has always been a city of heritage, royalty, and artistic brilliance, and this exclusive screening of Sholay at Raj Mandir is a moment of immense pride for the Pink City. Bringing together two icons of Indian cinema, this event is set to be one of the most prestigious highlights of IIFA 2025. Andre Timmins, Co-Founder of IIFA, shared his heartfelt excitement on the occasion, saying, "IIFA 2025 is not just a celebration, it's a journey through time, honouring 50 years of Sholay at Jaipur's iconic Raj Mandir. As we mark IIFA's Silver Jubilee, we are celebrating more than milestones, we are celebrating legends, memories, and the magic of cinema, that has touched hearts for generations. Sholay is more than a film, it's an emotion, a timeless masterpiece that continues to inspire storytellers and audiences alike. And what better place to honour its legacy than Raj Mandir, a theatre that has been a historical sanctuary for movie lovers for five decades. This tribute is our way of bringing together the soul of Indian cinema with the grandeur of an architectural marvel, creating a moment that will be cherished forever. It's a historic celebration of cinema and culture. IIFA 2025 promises to be an unforgettable homage to the power of storytelling, uniting film lovers in a celebration of the magic that makes Indian cinema so special." With IIFA celebrating its 25th anniversary, the Silver Jubilee edition promises to be an unparalleled cinematic spectacle, uniting Bollywood's biggest stars, industry legends, and film enthusiasts under one roof. Jaipur is all set to dazzle with glamour, excitement, and cinematic grandeur, making IIFA 2025 the most anticipated event of the year.



As the countdown begins, the excitement in Jaipur is electric. The city is ready to welcome the finest of Indian cinema, the glitz of Bollywood, and the magic of storytelling in a celebration that will be remembered for years to come. Only the tickets are so expensive, I hear, that Jaipur will be seeing this event only on the pages of the newspaper. Probably, a serious attempt to keep the riff raff out, sigh! We all love our stars! So sad!


rajeshsharma1049@gmail.com



#GEOLOGY

# Earth's Continents

A controversial new theory suggests that the Milky Way galaxy's arms sent comets hurtling towards early Earth, where impacts built new continental crust.



Mighty forces beyond the solar system, billions of years ago, might have shaped much of the land beneath our feet today. A study proposes that Earth's continental crust went through major growth spurts when the early solar system surfed through the four major spiral arms of the Milky Way. The galactic passages triggered a rain of comets on Earth, and their giant impacts built colossal amounts of new crust.


"It blows my mind that the continental crust we're standing on, where the majority of Earth's biomass is, has a potentially fundamental connection to the cosmos," says Chris Kirkland, a Geologist at Curtin University in Australia and lead author of the paper.

Kirkland and his colleagues matched the dates of crust growth to the timing of galactic movements, both of which occurred every 170 million to 200 million years, and tied that timing to comet impacts via trace crystals and tiny glass beads in the ground, that preserved details of the collisions. But the theory has proved controversial.

Although the study covers the scale of the Milky Way, the work began by analysing miniscule crystals, only 100 microns wide. Those crystals have settled in places where Earth's earliest continental history is preserved, ancient, stable blocks of crust in Greenland and in Australia. But they once resided within the vast, seething ocean of magma deep underground, before they journeyed upwards, trapped within a melted blob that spewed onto the surface and hardened into new crust. Despite the harrowing journey, the crystals kept a precise record of their birth. Confined within them are elements, such as uranium, that decay in a clockwork fashion, allowing scientists to use them to track age. Other elements in the crystals mark the composition of the parental magma.




Using these records, Kirkland's team deduced that during a period, stretching roughly 3.8 billion to 2.8 billion years ago, magma punctured the surface and built new crust every 170 million to 200 million years. That pattern matches the rate at which Earth passes through the galaxy's spiral arms. But why would this galactic scale be imprinted on Earth? Kirkland and his colleagues argue that as the solar system moves into a spiral arm, the enhanced stellar density in the arm dislodges comets from the Oort cloud, the vast reservoir of icy bodies that could extend as far as about 1.6 light-years beyond the sun, sending some on an inward trajectory towards Earth. The bombarding comets excavated huge volumes of Earth's surface, creating tremendous heat but releasing pressure below. "The rocky bit on top acts like a champagne cork or a valve on a pressure cooker," says Tim Johnson, a Geologist at Curtin University and a co-author of the paper. When the pressure dropped, the change lowered the mantle's melting point, causing the rock to form massive quantities of magma. The buoyant magma then rose to the surface, where it solidified into basalt and looked much like the dark rocks in Hawaii or Iceland, though on colossal scales. The basalt was so thick (likely tens of kilometres) that the base was blazing hot, forcing it to melt once again and form granite, a pale-coloured rock that is so buoyant that it would float on top of everything else.



Evidence for the theory can be found not just within the crystals but also in areas called spherule beds. When a comet strikes Earth, the ultra-hot sediments, that were blasted into the atmosphere, fuse into molten rain, then solidify again on the ground as a layer of tiny glass beads known as spherules. The team notes that two spherule beds, which occurred around 3.45 billion and 3.25 billion years ago, match times of enhanced crust production (derived from the crystals) and when the solar system moved into a spiral arm. "It's a brilliant insight," says Brendan Murphy, a Geologist at St. Francis Xavier University in Nova Scotia, who studies global tectonics and was not involved in the study. "It's certainly got me thinking about the early Earth in a way I hadn't thought about before."


Bill Bottke, a Planetary Scientist at the Southwest Research Institute, agrees that comet showers are quite rare. And when they happen, the comets are very unlikely to hit Earth. "In science, it's worth being ambitious but not ambitious to the point where you push the data beyond what's reliable," Landis says.

## THE WALL




## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# कमला हत्याकांड का पर्दाफाश, पड़ौस में रहने वाली युवती ने की थी हत्या

## युवती ने अपने महंगे शौक पूरे करने के लिए वारदात को अंजाम दिया था



नसीराबाद सदर थाना पुलिस आरोपी महिला संजू को अजमेर पुलिस अधीक्षक कार्यालय लेकर पहुंची।

- हत्या में काम लिये हथियार पुलिस ने घटना वाले दिन ही मौके से बरामद कर लिए थे
- पुलिस आरोपी से गहने व अन्य सामग्री की बरामदगी के प्रयास कर रही है

**अजमेर,** (कासं)। नसीराबाद पुलिस थाना क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम भटियानी में 65 वर्षीय कमला जाट नाम की महिला की दिनदहाड़े गला रेत कर निर्मम हत्या करने की आरोपी मृतका के घर के सामने रहने वाली संजू प्रजापत निकली। युवती ने अपने महंगे शौक पूरे करने के लिए इस वारदात को अंजाम दिया था। अदालत ने आरोपी महिला को तीन दिन की पुलिस अभिरक्षा में सौंपा है। आरोपी से गहने व अन्य सामग्री की बरामदगी की जानी है।

पुलिस अधीक्षक वंदिता राणा ने मंगलवार को हत्या से पर्दा उठाते हुए बताया कि हत्या की आरोपी संजू प्रजापत को पुलिस ने पकड़ लिया है। आरोपी महिला ने मौज-शौक पूरे करने के लिए पैसों की तंगी के कारण अपने घर के सामने वृद्ध महिला को ही आसान निशाना बनाया। आरोपी महिला यह जानती थी कि महिला कब अकेली रहती है। उसने उसके शरीर पर पहने जेवर लूटने के लिए उसकी हत्या कर दी। हत्या में उपयुक्त हथियार पुलिस ने घटना वाले दिन ही मौके से बरामद कर लिए थे। पुलिस मामले में आगे जांच कर रही है। वहीं इससे पहले नसीराबाद सदर थाना पुलिस मंगलवार को माकूल सुरक्षा व्यवस्था के बीच हत्या की आरोपी महिला संजू को अजमेर पुलिस अधीक्षक कार्यालय लेकर पहुंची थी।

गौरतलब है कि हत्या की वारदात एक मार्च को दिनदहाड़े हुई थी। घर में अकेली महिला की कैंची से गला रेत कर हत्या कर महिला के गले से सोने व चांदी के कड़े और जेवर उतार कर ले जाने का सनसनीखेज मामला सामने आया था। घटना से गांव में कोहराम मच गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मृतका का शव बरामद किया और मामले की गहराई से जांच शुरू कर दी। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे व अन्य माध्यम से टीम गठित कर मामले की जांच की। घटना के बाद ग्रामीणों ने गांव में धरना देना शुरू कर दिया। आरोपी को पकड़े बिना लोग मृतका का पोस्टमार्टम व दाहस् ंस्कार नहीं कराने पर अड़ गए। आखिर गांव में ग्राम पंचायत के सहयोग से सीसीटीवी कैमरे लगाने तथा हत्यारों को शीघ्र पकड़ने की बात सहित सरकारी नियमानुसार मुआवजा राशि दिलाये जाने की बात पर ग्रामीणों ने प्रशासन की समझाइश से सहमत होकर धरना समाप्त किया था।

# संदिग्ध कबाड़ियों के गोदामों पर छापा मारा, हड़कंप मचा



कबाड़ियों के पास कागजात नहीं मिलने पर 10 दुपहिया वाहनों को थाने पर लाकर खड़ा किया।

**कोटा,** (निसं)। शहर के अलग-अलग थाना इलाकों में पुलिस टीम ने शहर एसपी के निर्देश पर मंगलवार तड़के संदिग्ध कबाड़ियों के गोदामों पर छापामार कार्यवाही की। पुलिस की तड़के अचानक हुई कार्यवाही से कबाड़ियों में हडकंप मच गया।

पुलिस टीम ने कार्रवाई के दौरान कबाड़ियों के पास कागजात नहीं मिलने पर 10 दुपहिया वाहनों को थाने पर लाकर खड़ा किया।

- पुलिस ने कबाड़ियों को चोरी का माल नहीं खरीदने की हिदायत दी

शहर पुलिस अधीक्षक डॉ.अमृता दुहन ने बताया कि चोरी का माल खरीदने वाले संदिग्ध कबाड़ियों को चैक करने के लिये विशेष अभियान चलाया गया। शहर एसपी ने बताया कि संदिग्ध कबाड़ियों के गोदामों को चैक करने के लिये थानो की अलग-अलग पुलिस टीमें गठित की गई।

शहर एसपी ने बताया कि पुलिस उपअधीक्षक गंगासहाय शर्मा के नेतृत्व में थाना भीमगंजमंडी थानाधिकारी रामकिशन गोदारा व रेलवे कॉलोनी थानाधिकारी रामस्वरूप मीणा के नेतृत्व में टीमें गठित कर संदिग्ध कबाड़ियों के गोदामों पर दबिश देकर चैक किया गया। पुलिस टीमो द्वारा कबाड़ियों के गोदाम में रखे संदिग्ध माल के बारे में जानकारी जुटाई गई व कबाड़ियों के गोदाम के आसपास घूमते हुए संदिग्धों से पूछताछ की गई। शहर एसपी ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा कबाड़ी के दुकानदारों को चोरी का माल नहीं खरीदने की हिदायत दी गई। वहीं पुलिस टीम द्वारा की गई कार्यवाही के दौरान कागज के अभाव में कार्यवाही करते हुए 10 मोटरसाईकिलों को जप्त कर भीमगंजमंडी थाने लाया गया, जिनके संदर्भ में भी जांच की जा रही है।

शहर एसपी ने बताया कि पुलिस उपअधीक्षक राजेश टेलर के नेतृत्व में रामपुरा कोतवाली व कैथुनीपोल में भी पुलिस की अलग-अलग टीमें गठित कर संदिग्ध कबाड़ियों के गोदामों पर दबिश देकर चैक किया गया। पुलिस टीम ने कबाड़ियों के गोदाम मे रखे माल की जानकारी जुटाई साथ ही कबाड़ियों के गोदाम के आसपास घूम रहे संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की गई। वहीं उद्योग नगर, विज्ञान नगर व बोरखेड़ा पुलिस टीमें द्वारा भी अवैध सामग्री खरीदने वाले कबाड़ियों के ठिकानों व गोदामों पर दबिश दी गई।

# हिस्ट्रीशीटर वसीम की हत्या करने वाले हिस्ट्रीशीटर ईमरान कुंजडे को उम्रकैद

- जेल में ही जग का हत्था तोड़कर उसे घिसकर नुकिला हथियार बनाया था
- मौका देखकर ईमरान कुंजडे ने नुकीले हथियार को वसीम उर्फ चूहे के सीने में घोंप दिया था

**उदयपुर,** (कासं)। न्यायालय परिसर में स्थित बैरक में नुकिले हथियार से हमला कर वसीम उर्फ चूहा की हत्या करने वाले हिस्ट्रीशीटर ईमरान कुंजडे को न्यायालय ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। वहीं और 2 लाख रूपए जुर्माने की भी सजा सुनाई है।

उल्लेखनीय है कि 11 मई 2009 को वसीम उर्फ चूहा और ईमरान कुंजडा को केन्द्रीय कारागृह से अन्य बंदियों के साथ न्यायालय में पेशियों पर लाया गया था और दोनों को न्यायालय परिसर में एक बैरक में रखा हुआ था। इस दौरान मौका देखकर ईमरान कुंजडे ने अपने पास रखे नुकीले हथियार को वसीम उर्फ चूहे के सीने में घोंप दिया था। ईमरान कुंजडे ने जेल में ही जग के हत्थे को तोड़कर उसे घिस-घिसकर नुकिला हथियार बना लिया था। सीने में नुकिला हथियार घुसने से वसीम उर्फ चूहा गंभीर रूप से घायल हो गया था जिसने एमबी चिकित्सालय में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया था। मामले में चालानी गार्ड रोशनलाल ने भुपालपुरा थाने में प्रकरण दर्ज करवाया था।

इस मामले में सरकार ने अधिवक्ता राकेश मोगरा को वर्ष 2022 में विशेष लोक अभियोजक नियुक्त किया था। मामले में सुनवाई के दौरान 28 गवाह और 59 दस्तावेज पेश किए थे और 4 आर्टिकल भी प्रदर्शित किए थे। मामले में सुनवाई करते हुए एससी/एसटी कोर्ट ने मंगलवार को ईमरान कुंजडे को आजीवन कठोर कारावास और 2 लाख रूपए जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माने की अदम अदायगी में एक वर्ष का अतिरिक्त कठोर कारावास भुगतना होगा।

# जोधपुर की पहली महिला महापौर डॉ. ओम कुमारी गहलोत का निधन



डॉ. ओम कुमारी गहलोत

- शव यात्रा में उमड़ा जनसैलाब, नम आंखों से अंतिम विदाई दी

**जोधपुर,** (कासं)। जोधपुर नगर निगम बनने के बाद पहली महिला महापौर बनने वाली डॉ. ओम कुमारी गहलोत (88) का सोमवार रात को निधन हो गया। ओम कुमारी गहलोत ने सोजती गेट बेरियां मोहल्ला स्थित आवास पर आखिरी सांस ली। मंगलवार को उन्हें नम आंखों से अंतिम विदाई दी गई। आज सुबह सोजती गेट बेरिया क्षेत्र स्थित उनके पैतृक निवास स्थान से अंतिम यात्रा रवाना हुई। महामंदिर स्थित स्वर्गाश्रम रामबाग में अंतिम संस्कार किया गया। इसमें समाज के साथ कांग्रेस व भाजपा के जनप्रतिनिधि और परिजन मौजूद रहे।

पूर्व महापौर डॉ. ओम कुमारी गहलोत लंबे समय से अस्वस्थ चल रही थी। कुछ समय पहले वे एम्स में भी भर्ती रही। गहलोत जोधपुर की प्रथम महिला महापौर रहीं। वे 2004 से 2009 तक महापौर रही। इससे पहले वह शिक्षा विभाग में असिस्टेंट डिप्टी डायरेक्टर के पद से रिटायर्ड हुई थी। डॉ. ओम कुमारी सहजता और विनम्रता के लिए जानी जाती थी। उनका नाम कभी भी विवादों में नहीं रहा। उनके कार्यकाल में ही जोधपुर पॉलिटेक्निक कॉलेज परिसर में बने नगर निगम के खुद के नए भवन में कार्यालय शिफ्ट हुआ था। पूर्व मुख्यमंत्री गहलोत ने अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर पोस्ट करते हुए ओम कुमारी गहलोत को श्रद्धांजलि दी है।

# उपकारागृह पर पत्थर फेंकने के मामले में तीन गिरफ्तार

- घटना में काम ली बोलेरो जीप बरामद

**सादुलपुर,** (निसं)। रात के अंधेरे में उपकारागृह राजगढ़ में पत्थरबाजी करने तथा राजकार्य में बाधा पहुंचाने के आरोप में राजगढ़ थाना पुलिस ने मंगलवार को तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। तथा घटना के काम में ली गई बोलेरो जीप को भी जप्त किया।

थाना अधिकारी राजेश कुमार सिहाग ने बताया कि घटना के बाद जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में तथा स्थानीय पुलिस अधिकारियों के सुपरविजन में एक टीम का गठन किया। तथा टीम ने सीसीटीवी कैमरा को खंखाल कर आरोपियों की पहचान करने का प्रयास शुरू कर दिया था। उन्होंने बताया कि मामले में आरोपी अमित कुमार पुत्र बाबूलाल स्वामी निवासी माणोता कला पुलिस थाना खेतड़ी जिला झुंझुनू हाल हमीरवास तथा जोगेंद्र पुत्र अमर सिंह राजपूत निवासी भोजाण पुलिस थाना हमीरवास व सन्टी पुत्र राम सिंह जाट निवासी नवां पुलिस थाना हमीरवास को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से घटना के काम में ली गई बोलेरो जीप को बरामद की।

थाना अधिकारी सिहाग ने बताया कि मामले में आरोपियों को न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड पर लेंगे, इसके बाद मामले में शामिल अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तार करने की कार्रवाई की जाएगी।

# ग्राम हरिनगर को बीदासर में शामिल नहीं करने की मांग

**बीदासर,** (निसं)। राजस्व ग्राम हरिनगर को बीदासर नगर पालिका में शामिल नहीं करने को लेकर सोमवार को ग्रामीणों ने बीदासर पालिका अध्यक्ष सीताराम प्रजापत व जिला परिषद सदस्य गीता देवी स्वामी के नेतृत्व में उपखंड कार्यालय पर नारेबाजी कर प्रदर्शन करते हुए जिला कलेक्टर के नाम के अलग-अलग ज्ञापन उपखंड अधिकारी अमीलाल यादव को सौंपा।

पालिका अध्यक्ष सीताराम प्रजापत व हरिनगर के ग्रामीणों द्वारा दिए गए कलेक्टर के नाम के ज्ञापन में लिखा है कि राजस्व ग्राम हरिनगर तहसील बीदासर को नगर पालिका क्षेत्र में शामिल करने बाबत आप द्वारा स्थानीय प्रशासन द्वारा चाहा गया है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया है कि अगर राजस्व ग्राम हरिनगर को बीदासर नगर पालिका में शामिल किया गया, तो हमारे द्वारा बड़ा जन आंदोलन किया जाएगा, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। ज्ञापन देने वालों में पालिका अध्यक्ष सीताराम प्रजापत के साथ भाजपा नेता रामचंद्र गढ़वाल, जोधाराम पोटलिया सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित थे।

# आरएएस ने एक रुपया और नारियल लेकर शादी की



सुरेंद्र कुमार ( आरएएस अधिकारी ) व डॉ. रजनी ( वरिष्ठ अध्यापक )।

**रतनगढ़,** (निसं)। जिलोवा ( नीम का थाना) सीकर निवासी स्व. मानसिंह जिलोवा के बेटे सुरेंद्र कुमार (आरएएस अधिकारी) की शादी सुलखानिया रतनगढ़ ( चूरू) निवासी रामकुमार मेघवाल की पुत्री डॉ. रजनी (वरिष्ठ अध्यापक) के साथ 25 फरवरी को सम्पन्न हुई थी, जिसमें दहेज प्रथा जैसी पुरानी सोच से परे शून्य दहेज पर एक रुपया और नारियल लेकर शादी सम्पन्न करवाई गई।

दोनों पक्षों द्वारा की गई इस सार्थक पहल की प्रशंसा समाज और समारोह में उपस्थित सभी गणमान्य लोगों ने की। समारोह में पूर्व प्रधान संतोष तालणियां, अशोक आलड़िया, समाजसेवी व्याख्याता रिखाराम तालणियां, सरपंच दिलीप सिहाग, पूर्व सरपंच मोहनलाल सूबेदार व श्रवण कुमार दैया, एडिशनल एसपी विजय कुमार जिलोवा और दोनों पक्षों के परिवार सदस्य मौजूद रहे।

# डेढ़ लाख की शराब बरामद, एक गिरफ्तार

**डूंगरपुर,** (निसं)। बिछीवाड़ा पुलिस ने शराब तस्करी पर कार्रवाई करते हुए डेढ़ लाख की अवैध शराब पकड़ी। पुलिस ने शराब तस्करी के आरोप में ट्रैक्टर ड्राइवर को गिरफ्तार किया है।

बिछीवाड़ा थानाधिकारी ने बताया कि नेशनल हाईवे 48 पर राजस्थान-गुजरात बॉर्डर के पास रतनपुर में पुलिस ने नाकाबंदी की थी। इसी दौरान एक हरियाणा नंबर की ट्रैक्टर-ट्रॉली को रोका गया। ट्रॉली की जांच में पुलिस को एक गुप्त केबिन मिला। इसमें अलग-अलग बॉक्स बनाकर चंडीगढ निर्मित शराब छिपाई गई थी। पुलिस ने 45 कार्टन शराब बरामद की, जिसकी कीमत करीब 1 लाख 50 हजार रुपए है। उन्होंने बताया कि कार्यवाही में हरियाणा के पानीपत जिले के कलियानां गांव निवासी ट्रैक्टर चालक सुंदर गुर्जर को गिरफ्तार किया गया है। वह शराब को गुजरात में तस्करी के लिए ले जा रहा था। फिलहाल आरोपी से पूछताछ जारी है। गौरतलब है कि पुलिस ने शराब तस्करी के खिलाफ विशेष अभियान चला रही है। वहीं,तस्कर लगातार नए-नए तरीके अपना रहे हैं।

# चोरी के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार



पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी की वारदातों का खुलासा किया।

**पावटा,** (निसं)। प्रागपुरा थाना क्षेत्र के पावटा, प्रागपुरा में लाखों रुपए चोरी के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनका प्रागपुरा कस्बे में जुलूस निकाला। प्रागपुरा थाना पुलिस बदमाशों को प्रागपुरा कस्बा लेकर पहुंची। मौका तस्दीक करवाई। आरोपियों को प्रागपुरा कस्बे के मुख्य मार्गो से पैदल घुमाया गया।

कार्रवाई के तहत दिन के समय रेकी कर रात्रि के समय सूने घरों को निशाना बनाकर चोरी करने वाली गैंग का पर्दाफाश करते हुए अभियुक्त अमीचंद सैनी व विजय गोठवाल उर्फ लाला को गिरफ्तार किया। वृत्ताधिकारी वृत्त विराटनगर शिप्रा राजावत ने बताया कि प्रागपुरा के रहने वाले सुभाष चंद्र पुत्र राधेश्याम अग्रवाल ने प्रागपुरा थाना पुलिस में मामला दर्ज करवाते हुए बताया कि पूरा परिवार 5 फरवरी को कुंभ के लिए गए हुए थे। जिस पर पीछे से चोरों ने सुनसान घर देखकर उसे निशाना बनाते हुए महंगे जेवरात व 12 लाख नकदी सहित अन्य सामान पर हाथ साफ कर दिया।

वहीं पावटा राठी कॉलोनी निवासी अशोक गुप्ता ने मामला दर्ज करवाया था कि मकर संक्रांति पर्व पर खाटूश्याम दर्शन के लिए घर से बाहर गए हुए थे। उन्होंने घर पर ताला लगाया हुआ था। इसके बाद जब वो रात को घर पहुंचे तो उन्हें घर का ताला टूटा मिला। चारों ओर सामान बिखरा हुआ था। पीड़ित मातादीन गुप्ता ने बताया उनके घर में बेटियों की शादी के लिए पाई पाई जोड़ कर खरीदे सोने-चांदी के गहने व 10 लाख रुपए नकदी रखे हुए थे। सोने-चांदी के गहनो की कीमत लाखों रुपये के आस पास थी। चोर सब ले उड़े।

वहीं 3 दिसंबर 2024 को परिवादी राजेंद्र प्रसाद पुत्र धूकलराम जाट निवासी गंडावा थाना पिलानी जिला झुंझुनू हाल निवासी प्रभात कॉलोनी पावटा ने मामला दर्ज करवाया था कि मेरी पत्नी शनिवार 30 नवंबर 2024 को मेरे पास नसीराबाद आ गई थी। पीछे से रविवार रात को मेरे मकान का ताला तोड़कर चोर चोरी कर ले गए। जिस पर गठित प्रागपुरा थाना पुलिस टीम व साइबर सेल ने घटना का खुलासा करते हुए अभियुक्त अमीचंद सैनी पुत्र हनुमान सैनी व विजय गोठवाल उर्फ लाला पुत्र सीताराम मेघवाल को दिल्ली से दस्तयाब कर गिरफ्तार किया।

# जुआ के खिलाफ कार्रवाई, दो गिरफ्तार



खेतड़ी पुलिस ने जुआ खेलते दो जनों को गिरफ्तार किया।

**खेतड़ी,** (निसं)। खेतड़ी पुलिस ने जुआ के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस दौरान पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 28 हजार रुपए बरामद किए हैं।

थानाधिकारी गोपाललाल जांगिड़ ने बताया कि थाना क्षेत्र में अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने को लेकर पुलिस की ओर से विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान पुलिस को सूचना मिली थाना क्षेत्र के नानूवाली बावड़ी में सार्वजनिक स्थान पर कुछ लोग जुआ खेल रहे हैं। इस दौरान एक विशेष टीम का गठन कर कार्रवाई को अंजाम दिया। पुलिस ने नानूवाली बावड़ी में सार्वजनिक स्थान पर दबिश देकर आमली वाली ढाणी तन नानूवाली बावड़ी निवासी दाताराम सैनी पुत्र रामलाल, कन्हैयालाल को हिरासत में लेकर तलाशी ली गई तो उनके पास 28 हजार रुपए नकद तथा ताशपत्ती पाई गई। जब पुलिस ने उनसे पूछताछ की तो वह कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए। जिस पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दोनों को गिरफ्तार कर उनके पास मिले रूपए जब्त कर लिए।

# बजरी परिवहन करते तीन ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त

**बौंली-बामनवास,** (निसं)। सवाई माधोपुर जिला पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता के निर्देशन में चलाए जा रहे अवैध बजरी खनन, परिवहन एवं निर्गमन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए बौंली थाना प्रभारी राधारमण गुप्ता के नेतृत्व में गठित टीम ने तीन ट्रैक्टर ट्राली को जब्त किया है, इस दौरान चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गए। बौंली थाने के हेड कांस्टेबल धर्मेंद्र चौधरी ने बताया कि 3 मार्च मंगलवार को खिरनी पुलिस चौकी के सहायक उप निरीक्षक मुरारी लाल व पुलिस टीम को सूचना मिली की बनास नदी से अवैध बजरी खनन परिवहन व निर्गमन कर रहे तीन ट्रैक्टर-ट्रॉली बनास नदी की तरफ से जटावती की तरफ आ रहे हैं, सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची तो तीन ट्रैक्टर ट्रोलिया जटवती की ओर आती नजर आई, पुलिस टीम वाहन को देखकर चालक ट्रैक्टर ट्राली छोड़कर भाग गए। पुलिस टीम ने ट्रैक्टर ट्रालियों को जब्त कर उनके चालकों व मालिकों के विरुद्ध अभियोग दर्ज किया है। बजरी की जब्त कर सूचना पृथक माइनिंग विभाग को दे दी गई है।

# नीमकाथाना जिला पुनः बहाल करने की मांग, भूख हड़ताल और प्रदर्शन जारी



नीमकाथाना को पुनः जिला बनाने की मांग को लेकर धरना जारी रहा।

- प्रदर्शनकारियों ने टायर जलाकर सरकार के इस फैसले का विरोध किया और स्पष्ट किया कि नीमकाथाना जिला पुनः बहाल होकर रहेगा

**पाटन,** (निसं)। नीमकाथाना को जिला बनाने की मांग को लेकर नीमकाथाना के वार्ड नं. 31 में क्रमिक भूख हड़ताल और धरना जारी रहा।

दशरथ सैन, परसाराम सैनी, बंशी सैनी, रामेश्वर, कृष्ण सैनी (पार्षद), उकार सैनी, अर्जुनलाल सैनी, रूड़मल सैनी, कालू सैनी, तीजा देवी, मनोकरी देवी, परेमश्वरी देवी, सुगनी देवी, मिश्री देवी, लक्ष्मी देवी और गोठी देवी सहित कई नागरिकों ने धरने में भाग लिया। प्रदर्शनकारियों ने टायर जलाकर सरकार के इस फैसले का विरोध किया और स्पष्ट किया कि नीमकाथाना जिला पुनः बहाल होकर रहेगा। इस प्रदर्शन में बच्चों और महिलाओं ने भी भाग लेकर अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सभी ने एक स्वर में सरकार के इस निर्णय को अन्यायपूर्ण बताते हुए इसके खिलाफ जोरदार विरोध दर्ज कराया।

पार्षद कृष्ण सैनी ने कहा कि सरकार ने अन्यायपूर्वक नीमकाथाना जिले को निरस्त किया है, जिससे आम जनता में गहरा आक्रोश है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब नीमकाथाना जिले के सभी मापदंड पूरे थे, तो इसे क्यों निरस्त किया गया? उन्होंने सरकार पर राजनीतिक दुर्भावना के तहत यह निर्णय लेने का आरोप लगाया और कहा कि जनता इस अन्याय का ब्याज समेत जवाब देगी।

नगर परिषद के उप सभापति महेश मैगोतिया ने कहा कि यह सिर्फ प्रशासनिक फैसले के खिलाफ आंदोलन नहीं है, बल्कि सरकार को यह संदेश देने का भी प्रयास है कि उसे जनभावनाओं का सम्मान करना चाहिए। यदि सरकार इस मुद्दे को नजरअंदाज करती रही, तो जनता का आक्रोश और तेज होगा, जिसका असर पूरे राज्य की राजनीति पर पड़ेगा। प्रदर्शनकारियों ने सरकार से जल्द से जल्द नीमकाथाना को पुनः जिला घोषित करने की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार इस मांग को अनसुना करती रही, तो पूरे सीकर संभाग में असंतोष की लहर उठेगी, जिससे सरकार की छवि धूमिल होगी। इस आंदोलन को बच्चु खॉ, मंजीत खॉ, महेश सैनी, कानजी, श्योपाल, सुरेश, कालू, संतरा देवी, धर्मा देवी, सजना देवी सहित कई लोगों का समर्थन मिला। इस मौके पर जिला समिति सदस्य मदनलाल सैनी, महेश मैगोतिया, मालाराम वर्मा, गोपाल सैनी, लीलाराम सैनी, बसंत यादव, राजेन्द्र आर्य और मीडिया प्रभारी नरेश टेलर उपस्थित रहे।

# ‘जिले में सीमांकन पुनर्गठन की प्रक्रिया को निष्पक्ष पारदर्शी पूरा कराएं’

- तिजारा और किशनगढ़ बास में सीमांकन पुनर्गठन को लेकर जिला संयोजक पूर्व विधायक रामहेत यादव ने ली बैठक।
- एक राष्ट्र एक चुनाव की प्रदेश समिति में पूर्व विधायक रामहेत यादव को सदस्य बनाए जाने पर बधाई दी।



सीमांकन पुनर्गठन को लेकर जनप्रतिनिधियों एवं पार्टी पदाधिकारी से चर्चा करते जिला संयोजक रामहेत यादव।

**किशनगढ़ बास/तिजारा।** नगरीय निकाय एवं पंचायतीराज के सीमांकन पुनर्गठन को लेकर अलवर उत्तर के जिला संयोजक पूर्व विधायक रामहेत यादव ने मंगलवार को किशनगढ़ बास व तिजारा में भाजपा पदाधिकारीयों एवं जन प्रतिनिधियों के साथ बैठक की और निकाय एवं पंचायतों के सीमांकन पुनर्गठन को लेकर रायशुमारी कर आगामी होने वाले निकाय व पंचायतीराज के चुनाव में भाजपा का सभी जगह बोर्ड बने इसके लिए अभी से तैयारी में जुटने के निर्देश दिए।

जिला संयोजक पूर्व विधायक रामहेत यादव ने नगरीय निकाय व पंचायतीराज में किए जाने वाले पंचायतों एवं निकायों के वार्डों में सीमांकन पुनर्गठन को लेकर सबसे पहले किशनगढ़ बास में सह जिला संयोजक शहरी अनूप यादव भाजपा मंडल अध्यक्ष मनोज मित्तल, पालिका अध्यक्ष तारामणि सतीश सिंघल जिला उपाध्यक्ष राजेश बटवाडा, पूर्व अध्यक्ष उमेश कांत वशिष्ठ के साथ बैठक की और गांवों व शहर के वार्डों में किए जाने वाले सीमांकन पुनर्गठन को लेकर रायशुमारी की और कहा कि सीमांकन के दौरान ग्रामीणों तथा शहरी क्षेत्र के वार्ड वासियों की सुविधाओं को ध्यान में रखकर वार्ड एवं गांव का पुनर्गठन निष्पक्ष पारदर्शी कराने में अपना योगदान देवें।

इसके उपरांत जिला संयोजक रामहेत यादव, जिला सह संयोजक शहरी निकाय अनूप यादव, सह संयोजक ग्रामीण रमेश रावत ने भाजपा कार्यालय तिजारा में तिजारा नगर परिषद के सीमांकन के लिए बैठक की। जिसमें पूर्व विधायक मास्टर मामन यादव, मंडल अध्यक्ष कपिल गुप्ता, पूर्व चेयरमैन राजेश जांगिड़, रामेश्वर सैनी, बने सिंह ,सोनू यादव उपस्थित रहे। बैठक में जिला संयोजक यादव ने तिजारा क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों एवं पार्टी पदाधिकारी से गांव की पंचायत व शहर के वार्डो का फीडबैक लिया और होने वाले सीमांकन पुनर्गठन को लेकर आवश्यक निर्देश दिए।

बैठक के दौरान संगठन पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों ने राष्ट्रीय परिषद सदस्य व जिला संयोजक पूर्व विधायक रामहेत यादव को एक राष्ट्र एक चुनाव की प्रदेश समिति में सदस्य बनाए जाने पर खुशी प्रकट कर बधाई दी।

## संक्षिप्त

### पांच स्थाई वारंटी गिरफ्तार

**निवाई।** निवाई थाने के विभिन्न प्रकरणों में फरार चल रहे स्थाई 5 वारन्टी को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी रामजीलाल ने बताया कि पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के आदेशों पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बृजेंद्र सिंह भाटी व डीवाईएसपी मृत्युंजय मिश्रा के निर्देशन में स्थाई वारंटियों को गिरफ्तार करने के लिए निवाई पीपलू की विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने कार्यवाही करते हुए स्थाई वारंटी कालूराम पुत्र नानकराम कीर निवासी निवाई, हनुमान पुत्र रामदयाल जाट निवासी किवाडा, शंकरलाल पुत्र भागीरथ बैरवा निवासी दहलोद की ढाणी तन गोपालपुरा, रामधन पुत्र देवकरण गुर्जर निवासी पीपली की ढाणी जगतपुरा व धर्मा पुत्र रतनलाल गुर्जर निवासी थली बासडा को गिरफ्तार किया है।

### ट्रैक्टर ट्राली को किया जब्त

**निवाई।** वन विभाग के गश्ती दल ने अवैध चेजा पत्थर से भरे हुए ट्रैक्टर ट्राली को जब्त किया है। क्षेत्रीय वन अधिकारी धारीलाल बैरवा ने बताया कि उप वन संरक्षक मारिया ए शाहीन के निर्देशन में वानिकी कार्यों की रोकथाम वास्ते रात्रि गश्त के दौरान निवाई पहाड़ के पीछे अवैध चेजा पत्थर से भरे हुए ट्रैक्टर ट्राली को जब्त कर सुरक्षा के लिए संजय वन कार्यालय परिसर में खड़ा करवा दिया गया। कार्यवाही के दौरान सहायक वनपाल मोहनलाल मीणा, वनरक्षक कमलेश मीणा व राजेश कुमार नायक मौजूद थे।

### 3 अवैध नल कनेक्शन हटाए

**सिरस।** सिरस से मेहतबपुरा बीसलपुर पेयजल की पाइपलाइन से मंगलवार को 3 अवैध नल कनेक्शन हटाए गए। बीसलपुर परियोजना के सहायक अभियंता राम सिंह ने बताया कि ग्रामीणों ने पेयजल की पाइपलाइन से अवैध नल कनेक्शन की शिकायत की थी। उन्होंने बताया कि अवैध नल कनेक्शन की शिकायत मिलने पर विभाग ने कार्यवाही करते हुए तीन अवैध नल कनेक्शन काटे हैं। अवैध नल कनेक्शन करने वालों को भविष्य में पाइपलाइन से अवैध रूप से नल कनेक्शन करने पर कानूनी कार्यवाही की चेतावनी भी दी गई है । इस मौके पर सुपरवाइजर गणेश चौहान व उनकी टीम मौजूद रही।

### ऋण आवेदनकर्ताओं के साक्षात्कार 7 को

**टोंक।** अनुजा निगम द्वारा अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, सफाई कर्मचारी, विशेष योग्यजन एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए वर्ष 2024-25 के ऋण आवेदनकर्ताओं के साक्षात्कार लिए जाएंगे। राज. अनु जाति जनजाति वित्त एवं विकास सहकारी निगम लि. टोंक परियोजना प्रबंधक ने बताया कि आवेदनकर्ताओं के साक्षात्कार के शुक्रवार, 7 मार्च को सांसद कार्यालय, जिला परिषद (ग्रामीण विकास प्रकोष्ठ) परिसर, टोंक में लिए जाएंगे। प्रबंधक ने बताया कि साक्षात्कार के लिए आवेदनकर्ता अपने आवेदन पत्र की प्रति, जाति प्रमाण पत्र, राशन कार्ड, आधार व जन आधार कार्ड, बैंक पासबुक तथा अन्य दस्तावेजों की मूल प्रति समेत उपस्थित होवें। साक्षात्कार के लिए कोई यात्रा भत्ता देय नही होगा।

### यादव को मिला केन्द्रीय गृहमंत्री पदक

**टोंक।** जिले के गांव कठमाणा के निवासी केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (ब्ल्थ) के इंस्पेक्टर धर्मराज यादव को सीआरपीएफ अकादमी कादरपुर, गुरुग्राम में आयोजित समारोह में प्रतिष्ठित केन्द्रीय गृहमंत्री पदक से नवाजा गया। यादव को यह पदक वर्ष 2021-22 में रंगरूट प्रशिक्षण केंद्र पेरिंगम, केरल में तैनाती के दौरान पुलिस प्रशिक्षण में उत्कृष्ट सेवाओं के लिये केंद्रीय गृह मंत्रालय की तरफ से सीआरपीएफ अकादमी कादरपुर, गुरुग्राम के निदेशक सुनील कुमार झा, ने दिया। यह पदक देश भर में पुलिस प्रशिक्षण में अपना बेहतरीन योगदान देने वाले चुनिंदा प्रशिक्षकों को प्रदान किया जाता है।

### रीको उप कार्यालय रीको औद्योगिक क्षेत्र में स्थानांतरित

**टोंक।** रीको लि. के क्षेत्रीय प्रबंधक सीताराम मीणा ने बताया कि रीको का उप कार्यालय जो कि पूर्व में जिला उद्योग एवं वाणिज्य केंद्र टोंक में संचालित था, उसे सोमवार, 3 मार्च से कार्यालय क्षेत्रीय प्रबंधक रीको लि. औद्योगिक क्षेत्र के नवीन भवन में स्थानान्तरित कर दिया गया है।

## नगर पालिका ने कर जमा करने का अभियान चलाया

**फुलेरा ।** स्थानीय नगर पालिका द्वारा नगरीय विकास कर जमा करने का अभियान चलाया जा रहा है। उपरोक्त जानकारी देते हुए पालिका के सहायक लेखाधिकारी एवं कार्यवाहक अधिशासी अधिकारी कृष्ण कुमार ने बताया कि उक्त अभियान के अन्तर्गत 300 वर्गगज से अधिक आवासीय एवं 100 वर्गगज से अधिक व्यवसायिक / संस्थानिक /औधोगिक भूमि/भवन का बकाया नगरीय विकास कर जमा किया जाना है। वहीं आगे बताया कि वर्तमान समय में बकाया नगरीय विकास कर ब्याज एवं पेनल्टी पर शत प्रतिशत छुट प्रदान की गई है।संस्था बकाया नगरीय विकास कर आगामी 31 मार्च 2025 तक जमा करवाकर ब्याज एवं पेनल्टी से बचने का लाभ ले सकते है।जिन व्यवसायिक सम्पतियों का नगरीय विकास कर बकाया चल रहा है उन्हें नगर पालिका द्वारा नोटिस जारी किये जा चुके है।

# खाटुश्याम जी के लिये पदयात्रा का जत्था रवाना



मालपुरा से खाटुश्याम जी के लिये 26वीं पदयात्रा को पालिका अध्यक्ष सोनिया सोनी, मंडल अध्यक्ष जिनेन्द्र जैन ने किया रवाना।

**मालपुरा।** श्री श्याम परिवार मंडल मालपुरा व मौजमाबाद के तत्वाधान मे मंगलवार को मालपुरा से खाटुश्याम जी के लिये 26वीं पदयात्रा का जत्था हुआ रवाना। पालिका अध्यक्ष सोनिया सोनी,भाजपा मंडल अध्यक्ष जिनेन्द्र जैन,पार्षद डॉ. अंकित जैन,नेहा विजय, पूर्व मंडल अध्यक्ष दिनेश विजय ने पदयात्रा संयोजक गिरराज सोनी के साथ आदर्श नगर औकारेश्वर महादेव मंदिर मे बाबा के 51 शाही निशानो की मंत्रोच्चारण के साथ पूजा अर्चना कर पदयात्रियो को हाथो मे निशान थमा 25० से अधिक पदयात्रियो के जत्थे को खाटुधाम के लिये किया रवाना।

अतिथियो ने स्वंय बाबा का निशान उठा हारे के सहारे बाबा श्याम हमारे व जिसका बाबा श्याम बुलाये वो ही खाटुश्याम को जाये जैसे जयकारे लगाते हुये नाचते-गाते बाबा का गुणगान करते शहर के प्रमुख मार्गो से गुजरे। बाबा के निशानो पर श्याम भक्तो ने पुष्पवर्षा कर जगह-जगह भव्य स्वागत किया। श्याम सुन्दर सोनी व गोरधन सोनी ने बताया कि पदयात्रियो का पहला विश्राम कुडली,दूसरा विश्राम मौजमाबाद,तीसरा बंदे के बालाजी व चौथा विश्राम भोजपुरा एवं पांचवा विश्राम पचार मे होगा। नो मार्च को पदयात्री खाटुधाम पहुंच कर बाबा के मंदिर शिखर पर चढायेगें शाही निशान।

## खाटू नरेश की निशान यात्रा निकाली

**राजगढ़।** हारे का सहारा मित्र मंडल की ओर से आयोजित निशान यात्रा में मंगलवार को बाबा श्याम की भक्ति एवं श्रद्धा भाव के साथ उल्लास से निकली। इस दौरान श्याम प्रेमी महिला पुरुषों सहित स्कूली बच्चों ने इस कार्यक्रम को ऊंचाइयां प्रदान की। गणेश मंदिर में ध्वज की पूजा अर्चना के बाद खाटू नरेश की भव्य सजी प्रतिमा की महा आरती उतारी गई। बाबा श्याम की भक्ति से ओतप्रोत फाल्गुन के रंग में मस्ती के मध्य निशान यात्रा प्रारंभ हुई। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रकाश दीक्षित, लायंस क्लब के प्रांतीय सलाहकार खेम सिंह आर्य, गैर अनुदानित शिक्षण संस्थान संघ के अध्यक्ष मदन लाल शर्मा, सुभाष गुप्ता, अनिल गुप्ता, संजय गुप्ता, राजकुमार गुप्ता, एवं अन्य की मौजूदगी में निशान यात्रा कस्बे के बस स्टैंड, पटायरी की डूंगरी, गोले मार्केट एवं प्रमुख बाजारों से होती हुई चौपड़ बाजार खाटू श्याम मंदिर पहुंची।

# दादू दयाल मेले हेतु नरैना स्टेशन पर 8 रेल सेवाओं का ठहराव

- मेले को लेकर 4 से 12 मार्च तक होगा नरैना रेलवे स्टेशन पर 2 मिनट का अस्थाई ठहराव
- कस्बे के निकटवर्ती धार्मिक स्थल दादू नगरी में आयोजित होने वाले 7 दिवसीय दादू दयाल जी महाराज मेले को लेकर रेलवे प्रशासन

**फुलेरा ।** कस्बे के निकटवर्ती धार्मिक स्थल दादू नगरी में आयोजित होने वाले 7 दिवसीय दादू दयाल जी महाराज मेले को लेकर रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा हेतु 8 (ट्रेनों) रेल सेवाओं का नरैना रेलवे स्टेशन पर 2 मिनट का अस्थाई ठहराव दिया जा रहा है। उपरोक्त जानकारी देते हुए उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण ने बताया कि गाडी संख्या 19031, अहमदाबाद-योगनगरी ऋषिकेश रेल सेवा जो कि 5 मार्च से 12 मार्च तक अहमदाबाद से प्रस्थान करेगी। इसके साथ ही वह नरैना रेलवे स्टेशन पर 21.37 बजे आगमन एवं 21.39 बजे प्रस्थान करेगी। इसी तरह से गाडी संख्या 19032, योगनगरी ऋषिकेश- अहमदाबाद रेलसेवा जो कि 4 मार्च से 11 मार्च तक योगनगरी ऋषिकेश से प्रस्थान करेगी। इसके साथ ही वह नरैना स्टेशन पर 4.28 बजे आगमन एवं 4.30 बजे प्रस्थान करेगी। इसके अलावा गाडी संख्या 19411, साबरमती-दौलतपुर चौक रेल सेवा जो कि 5 मार्च से 12 मार्च तक साबरमती से प्रस्थान करेगी। इसके साथ ही वह नरैना स्टेशन पर 19.07 बजे आगमन एवं 19.09 बजे प्रस्थान करेगी। इसी क्रम में गाडी संख्या 19412, दौलतपुर चौक-साबरमती रेलसेवा जो कि 4 मार्च से 11 मार्च तक दौलतपुर चौक से प्रस्थान करेगी। इसके साथ ही वह रेल सेवा नरैना स्टेशन पर 5.28 बजे आगमन एवं 5.30 बजे प्रस्थान करेगी।

इसके अलावा गाडी संख्या 19613, अजमेर-अमृतसर रेल सेवा जो कि 5 मार्च, 10 मार्च व 12 मार्च को अजमेर से प्रस्थान करेगी। इसके साथ ही वह ट्रेन नरैना स्टेशन पर 18.49 बजे आगमन एवं 18.51 बजे प्रस्थान करेगी। इसी क्रम में गाडी संख्या 19612, अमृतसर-अजमेर रेल सेवा जो कि 4 मार्च, 6 मार्च व 11 मार्च को अमृतसर से प्रस्थान करेगी। इसके साथ ही वह ट्रेन नरैना स्टेशन पर 7.34 बजे आगमन एवं 7.36 बजे प्रस्थान करेगी। इसके अलावा गाडी संख्या 19611, अजमेर-अमृतसर रेल सेवा जो कि 6 मार्च व 8 मार्च को अजमेर से प्रस्थान करेगी न। इसके साथ ही वह ट्रेन नरैना स्टेशन पर 18.49 बजे आगमन एवं 18.51 बजे प्रस्थान करेगी। इसी क्रम में गाडी संख्या 19614, अमृतसर-अजमेर रेल सेवा जो क 7 मार्च व 9 मार्च को अमृतसर से प्रस्थान करेगी। इसके साथ ही वह ट्रेन नरैना स्टेशन पर 7.34 बजे आगमन एवं 7.36 बजे प्रस्थान करेगी। गौरतलब है कि रेलवे प्रशासन द्वारा उक्त ट्रेनों का नरैना रेलवे स्टेशन पर अस्थाई ठहराव दादू मेले को लेकर किया गया है। ताकि मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी असुविधाओं का सामना नहीं करना पड़े।

## 49 करोड़ रुपए की पेयजल योजना पर संकट के बादल

**सांभरझील, (निसं)।** चारभुजा नाथ मंदिर परिक्षेत्र व इसके नीचे की तमाम बस्तियों के सैकड़ों लोगों को इस साल के अंत तक भी प्रदेश सरकार की ओर से मंजूर की गई करीब 5 करोड़ 49 लाख रुपए की पेयजल योजना का लाभ मिलता आसानी से नजर नहीं आ रहा है। तत्कालीन मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के शासन के समय पेयजल योजना को मंजूरी मिली और वर्तमान प्रदेश सरकार की मुखिया भजनलाल शर्मा ने इसकी प्रशासनिक और वित्तीय स्वीकृतियां जारी की। इस योजना में एक उच्च जलाशय का निर्माण सहित उन तमाम पुरानी पेयजल लाइनों को बदला जाना है जो विगत कई दशकों से जर्जर हो चुकी है। पेज़लाइन 80 तक चौक हो चुकी है, जिसकी वजह से लोगों के घरों में तुर तुर पानी आता है। चारभुजा नाथ मंदिर के ऊंचे इलाके मे बसे लोगों तक पानी की सप्लाई विगत 30 सालों से प्रेशर से नहीं पहुंच पा रही है। यहां के लोगों ने सेकंडों दफा विधायक, चेयरमैन और तमाम जनप्रतिनिधियों के अलावा विभाग को हाथ जोड़कर भी निवेदन किया कि उनकी पेयजल समस्या का समाधान करें लेकिन विभाग कुछ भी करने में असमर्थ ही रहा। अब जैसे तैसे प्रोजेक्ट को मंजूरी तो मिल गई लेकिन उच्च जलाशय के लिए नगर पालिका भूमि उपलब्ध नहीं करवा पा रही है और न ही भूमि की कोई सुनिश्चितता बन सकी है। यद्दिप लोगों के दुखों को देखते हुए यहां की पार्षद ज्योति कुमावत के पति टीकमचंद कुमावत ने तो अपनी स्वयं की भूमि भी उच्च जलाशय निर्माण के लिए सरकार को देने तक की घोषणा कर डाली। सभी तमाम औपचारिकताएं पूरी हो चुकी है। पहले इसका निर्माण नगर पालिका की जिम्मे सोंपा था, लेकिन सरकार ने जब देखा कि यह इतना बड़ा काम पालिका के बस की बात नहीं है तो फिर बाद में इस काम की जिम्मेदारी जलदाय विभाग को सुपुर्द कर दी। 5 करोड़ 49 लाख रुपए सार्वजनिक निर्माण विभाग के खाते में आना बताया जा रहा है जो करीब डेढ़ साल से पड़ा है। जिला से निर्माण के लिए पहले भूमि नहीं मिल रही थी, बताया जा रहा है कि काफी कोशिशें के बाद पुरानी कोतवाली स्थित जेल परिसर के सामने पड़ी भूमि पर इसका निर्माण किया जाना प्रस्तावित हुआ है। इसके लिए विभागीय समस्त प्रक्रिया पूरी हो चुकी है टंकी का निर्माण कब शुरू होगा, इस बारे में न तो यहां के जनप्रतिनिधियों को पता है और न ही विभाग इस बारे में कोई संतोषजनक जवाब देने की स्थिति में है। टंकी निर्माण का जो काम करीब 6 महीने पहले शुरू हो जाना चाहिए था।

# ‘विकास कार्यों को गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाना सुनिश्चित करें’

- साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित



अधिकारियों की बैठक लेती जिला कलेक्टर।

**कोटपूतली।** जिला कलेक्ट्रेट सभागार में मंगलवार को जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल की अध्यक्षता में साप्ताहिक समीक्षा बैठक का आयोजन हुआ।

बैठक में जिला कलक्टर ने विभागवार विभिन्न योजनाओं और कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुये कहा कि सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ बजट घोषणाओं सहित अन्य विकास कार्यों को तय समय में गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाना सुनिश्चित करें। बजट घोषणाओं एवं विकास कार्यों की प्रगति एवं गुणवत्ता की नियमित मॉनिटरिंग कर रिपोर्ट अपडेट करें। उन्होंने बजट 2025-26 में की गई घोषणाओं को समयबद्ध धरातल पर उतारने के लिये संबंधित विभागों द्वारा की जा रही कार्यवाहियों की विभागवार समीक्षा करते हुये आवश्यक भूमि चिन्हिकरण व नियमानुसार आवंटन प्रक्रिया हेतु शीघ्र आवेदन भिजवाने को कहा। उन्होंने घोषणाओं में जिले में बनाये जाने वाले जीएसएस, केवीएस, बस स्टैंड, सडकों का सुदृढ़ीकरण, सीवरेज व ड्रेनेज सिस्टम, स्वयं सिद्धा आश्रम, वर्किंग वुमन हॉस्टल, साईबर थाने सहित अन्य घोषणाओं की वस्तुस्थिति की समीक्षा कर समयबद्ध गुणवत्ता के साथ कार्य संपादित करने को कहा। उन्होंने गत बजट 2024-25 की घोषणाओं के क्रियान्वयन की भी समीक्षा की। उन्होंने संपर्क पोर्टल पर लंबित चल रहे परिवादों का समय पर निस्तारण कर आमजन को राहत पहुंचाने एवं एवरेज डिस्पोजल टाईम में सुधार करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि आमजन को बार-बार कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़े, यह सुनिश्चित करते हुए स्थानीय स्तर पर ही संवेदनशीलता के साथ नियमानुसार शीघ्र कार्यवाही करते हुये परिवादों का गुणवत्तापूर्ण निपटारा करें व पोर्टल पर भी जानकारी अपडेट करें।

जिला कलक्टर ने सार्वजनिक निर्माण विभाग को विभिन्न मार्गों एवं शहर में क्षतिग्रस्त सडकों के मरम्मत कार्य को गुणवत्ता के साथ पूरा कराने के निर्देश दिये। साथ ही बिजली विभाग से समन्वय कर मार्गों के बीच में लगे बिजली पोल्स का मौका मुआयना कर जल्द शिफ्ट करने को कहा। जिला कलक्टर ने सीएमएचओ को निर्देशित किया कि मौसम में बदलाव को देखते हुये मौसमी बीमारियों के रोकथाम के लिये उपयुक्त उपाय सुनिश्चित करें। पर्याप्त दवा भंडार सुनिश्चित करते हुये अन्य तैयारियां पुख्ता रखें। उन्होंने बीमारियों की रोकथाम की निरन्तर मॉनिटरिंग करते हुये अस्पतालों में सुविधायें बढ़ाने, मरीजों को सरकारी योजनाओं का लाभ देने एवं नियमित रूप से जनता क्लीनिकों एवं चिकित्सा संस्थानों के निरीक्षण के निर्देश दिये। उन्होंने पीएचईडी को नियमित रूप से शुद्ध पेयजल आपूर्ति बनाये रखने, जेजेएम के तहत लक्ष्यानुरूप नल कनेक्शन पूर्ण करने, अवैध कनेक्शन पर कार्यवाही करने को कहा।

## गौसेवा करके मनाया जन्मदिन

**शाहपुरा।** प्राचीन जगदीश महाराज मंदिर (जगदीशपुरी) के पुजारी सुलतान भोजगी ने मंगलवार को अपने जन्मदिन पर श्री कृष्ण गोशाला अजीतगढ़ में गौ सवामनी करके गौसेवा कार्यों के साथ जन्मदिन मनाया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि सनातन धर्म में गाय को माता का दर्जा दिया गया है, लेकिन वर्तमान दौर में गौवंश की काफी दुर्दशा हो रही है। पुजारी भोजगी ने कहा कि वर्तमान सरकार ने गौवंश के संरक्षण, संवद्धर्न के लिए गौशालाओं को अनुदान राशि बढ़ाया है। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि अजीतगढ़ शहर में आजादी से पूर्व वर्ष 1945 से स्थापित श्री कृष्ण गोशाला गत एक वर्ष में गौ भक्तों, समाजसेवियों, भामाशाहों के सहयोग से निरंतर प्रबंधन की अच्छी सोच के साथ विभिन्न सेवा कार्य संचालित करके अपने वैभव को हासिल करने की ओर बढ़ रही है। गोशाला प्रबंधन अध्यक्ष चैतन्य मीणा के नेतृत्व में पुजारी का स्वागत किया और उनके इस पवित्र कार्य की सराहना की। गोशाला में उपस्थित लोगों ने भी पुजारी जी को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं।गोशाला में गायों को दलिया, हरा चारा, गुड खिलाया करके सेवा की।

## सार-समाचार

### पोस्टर का किया विमोचन

**पावटा।** पावटा। निकटवर्ती ग्राम मांजूकोट श्री श्याम सेवक परिवार संरक्षक




राजेश शर्मा ने बताया कि मांजूकोट स्थित हनुमान जी की बगीची से 6 मार्च गुरुवार को श्री श्याम सेवक परिवार द्वारा पदयात्रा रवाना होगी। इससे पहले 5 मार्च बुधवार को बाबा श्याम की झांकी को नगर भ्रमण करवाया जायेगा। इस मौके पर अध्यक्ष सुंडाराम सैनी, दशरथ यादव, उमराव राबड, हरिराम सैनी, कैलाश सैनी, रामनिवास सीसोट, दयाराम यादव, दशरथ यादव, महेश यादव, पुष्करमल शर्मा, शंकर जांगिड, जयप्रकाश यादव सहित सभी श्याम भक्तों को अपनी अपनी जिम्मेदारी दी गई। वहीं निकटवर्ती ग्राम भैंसलाना में श्री श्याम शक्ति मंडल भैंसलाना की 33वीं पदयात्रा के पोस्टर का विमोचन श्याम प्रेमियों द्वारा किया गया। सामाजिक कार्यकर्ता धर्मसिंह भैंसलाना ने बताया श्री श्याम शक्ति मंडल भैंसलाना द्वारा 33वीं पदयात्रा भैंसलाना से खाटू श्याम जी दिनांक 07 मार्च 2025 को प्रातः 07:00 बजे रवाना होगी। इस दौरान राम सिंह शेखावत, दिलीप सिंह डीलर, सोहन लाल यादव, अमर सिंह यादव, गोपाल सिंह शेखावत, सतवीर सिंह शेखावत, गोदाराम यादव, घम्मन यादव, मोनू शेखावत, सूबे सिंह तंवर, महेंद्र सिंह शेखावत, पिंटू शुक्ल, गिरधारी लाल यादव, गिरवर सिंह, शिंभू यादव आदि श्याम प्रेमी मौजूद रहे।

### गौ आधारित जैविक खेती का संकल्प

**श्रीमाधोपुर ।** भारतीय किसान संघ के स्थापना दिवस के उपलक्ष में 4 मार्च को श्री कृष्ण नंदी गौशाला हांसपुर में भारतीय किसान संघ ग्राम समिति हांसपुर द्वारा गौ माता की पूजा कर गोवंश को गुड़ खिलाकर कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्व स्थापना दिवस मनाया। इस अवसर पर भारतीय किसान संघ के जिला अध्यक्ष सतवीर सामोता ने बताया कि गो आधारित जैविक खेती हमारे स्वस्थ जीवन का आधार है। इस संकल्प को पूरा करने के लिए किसानों को लाभकारी मूल्य देना होगा एव आधुनिक तकनीक से कृषि करने के लिए सरकार द्वारा किसानों को प्रोत्साहन देना होगा, मानव स्वास्थ्य को बचाये रखने के लिए गो आधारित जैविक खेती करना आवश्यक है । ग्राम समिति हांसपुर ने संकल्प लिया है कि गो आधारित जैविक खेती को बढ़ावा दीया जाएगा एव अच्छी नसल की देसी गायो को डेयरी उद्योग में में शामिल किया जाएगा। इस अवसर पर भारतीय किसान संघ के जिला कोषाध्यक्ष डॉ. मुकेश बाल्डवाल व तहसील अध्यक्ष राजेंद्र सिंह बिजारणियां और गौशाला संचालक बनवारी लाल मीना ने भी अपने विचार व्यक्त किए इस्के अतिरिक्त ग्राम समिति के अध्यक्ष ओमप्रकाश प्रधान, सचिव सुरेश कुमार सैनी, मोतीराम सैनी, प्रभु दयाल सैनी, गो सेवा प्रमुख बनवारी लाल मीना, रिंकू कुमार, शिवजी राम, श्रवण यादव, विनीत यादव,ओम प्रकाश वर्मा, सरवन कुमार महला , प्रवीण कुमार शर्मा साहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### चरणक्या देह में डूबे श्रद्धालु का पांचवे दिन शव बरामद

**बौंली-बामनवास।** क्षेत्र के बनास नदी में स्थित प्रसिद्ध धार्मिक स्थल चरणक्या देह में शुक्रवार शाम 4 बजे डूबे श्रद्धालु ठंडीराम मीणा का शव मंगलवार को 11:45 पर गहरे पानी में चट्टानों के निचे दबा मिला, जिससे जिला प्रशासन एवं परिजनों के साथ-साथ एसडीआरएफ व एनडीआरएफ की टीम ने राहत की सांस ली। प्राप्त जानकारी के अनुसार श्रद्धालु ठंडीराम मीणा शुक्रवार को धार्मिक स्थल चरणक्या देह पर नहाने व पूजा अर्चना करने गया था, इसी दौरान वह गहरे पानी में डूब गया। सूचना पाकर कृषि मंत्री डॉक्टर किरोडी लाल मीणा, सवाई माधोपुर जिला कलेक्टर शुभम चौधरी, जिला पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता सहित पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों के साथ एसडीआरएफ एवं एनडीआरएफ की टीमों के साथ मिलकर डूबे श्रद्धालुओं को तलाश कर रहे थे, लेकिन सिद्ध संत के चरणों द्वारा निर्मित शक्तिपीठ चरणक्या देह में भीषण अकाल पर भी पानी समाप्त नहीं होने के आशीर्वाद के कारण अथाह गहरा पानी होने के कारण श्रद्धालुओं का शव नहीं मिल पा रहा था। आखिर मंगलवार को 11:45 पर श्रद्धालु ठंडीराम मीणा का शव गहरे पानी में चट्टान के बीच फंसा मिला। रेस्क्यू ऑपरेशन जिला कलेक्टर शुभम चौधरी के नेतृत्व में कमांडेंट राजेंद्र सिंह सिसोदिया की देखरेख में 11 सदस्यों की दोनों टीमों ने शव को बाहर निकाला एवं जिला सवाई माधोपुर चिकित्सालय पहुंचाकर पोस्टमार्टम की औपचारिकता पूरी करने के बाद परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

### कलेक्टर से किसानों ने की चर्चा

**निवाई।** ब्लॉक के किसानों ने 13 सूत्रीय मांगों को लेकर जिला कलेक्टर सौम्या झा से बिन्दुवार चर्चा करके मागों को ज्ञापन सौंपा है। जिस पर जिला कलेक्टर ने जल्द कार्यवाही करने का आश्वासन दिया। मांगों के लिए लगातार प्रयास करने के उपरांत भी अधिकारी गम्भीरता पूर्वक जांच नहीं करते हैं एवं उच्चाधिकारियों को भी अवगत नहीं करवाते हैं। इस दौरान सरसों सत्याग्रह के माध्यम से टोंक जिले के किसानों को सरसों के 6 हजार रूपए क्विंटल से अधिक दाम मिले, न्यूनतम समर्थन मूल्य पर सरसों की तत्काल खरीद आरम्भ करें, खरीद 40 प्रति क्विंटल करें जिसके लिए राजफैड को प्रस्ताव भेजें, न्यूनतम समर्थन मूल्य को गारंटी कानून बनाया जाए, कर्मचारियों द्वारा उच्चाधिकारियों के आदेशों की पालना नहीं करने पर उनके खिलाफ कार्यवाही करने , प्लैटफॉर्म पर स्थाई अतिक्रमणों को हटवाने, मजदूरी दर वृद्धि किसान के पक्ष में लागू करने की मांग की गई। इस दौरान लोकसभा प्रभारी भरतराज मीना, जिलाध्यक्ष गोपीलाल जाट, संयोजक रामेश्वर चौधरी, उपाध्यक्ष सीताराम खादवाल, राजेश गुर्जर, महामंत्री हरिशंकर धाकड़, प्रचार मंत्री राधेश्याम गोहरपुरा, टोंक तहसील अध्यक्ष सीताराम मीना व तहसील उपाध्यक्ष हीरालाल चौधरी मौजूद रहें।

### अवैध बजरी परिवहन पर बड़ी कार्यवाही

**टोंक।** पीपलू अवैध बजरी खनन और परिवहन के खिलाफ सतर्कता दल, जिला खनन विभाग, राजस्व विभाग और प्रशासन की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई की। उपखंड अधिकारी गणराज बड़गोती,तहसीलदार कैलाश मीणा की मौजूदगी में देर रात ग्राम ककराज खुर्द में छापेमारी कर 5 वाहन जब्त किए गए, इनमें एक ट्रेलर और 4 डंपर शामिल हैं। ट्रेलर में अवैध बजरी भरी हुई थी, इस दौरान वाहन चालक अंधेरा का फायदा उठाकर भागने में सफल रहे। इसी प्रकार नाथड़ी-ढूंढिया रोड पर भी अवैध बजरी से भरे 2 ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त किए गए। इन्हें पीपलू थाने को सुपुर्द किया गया। मौके पर करीब 500 टन अवैध बजरी का स्टॉक भी जब्त किया गया। प्रशासन ने इसे सीज कर नियमानुसार कार्यवाही के निर्देश दिए।

### तीन वारंटियो को किया गिरफ्तार

**मालपुरा।** लम्बे समय से फरार चल रहै स्थाई वारंटियो की गिरफ्तारी को लेकर उच्चाधिकारियो के निर्देशो पर पुलिस महकमे द्वारा चलाये जा रहै विशेष अभियान के अन्तर्गत डिग्गी थाना पुलिस ने बजरी के मामले मे पांच वर्षो से फरार चल रहै स्थाई गिरफ्तारी वारंटी बाबूलाल पुत्र नारायण केवट निवासी कीरो की झोपडी खानपुरा थाना नैनवां जिला बूंदी को गिरफ्तार किया गया तो इसी प्रकार लूट के एक मामले मे वांछित व दस वर्षो से फरार स्थाई गिरफ्तारी वारंटी नारायण सिंह पुत्र श्योकरण उर्फ शिवकरण गुर्जर निवासी गोलेडा थाना टोडारायसिंह को गिरफ्तार किया गया। इसी प्रकार पचेवर थाना पुलिस ने फरार चल रहै स्थाई वारंटी मोहन उर्फ मोनू जाट निवासी जैवल्या का बास मौखमपुरा जिला जयपुर ग्रामीण को एमएमडीआर एक्ट मे गिरफ्तार किया गया। तीनो आरोपियो को न्यायालय द्वारा जारीशुदा गिरफ्तारी वारंट के तहत किया गया गिरफ्तार।

### भागवत कथा अनवरत जारी

**श्रीमाधोपुर।** निकटवर्ती ग्राम मऊ में चल रही सप्त दिवसीय भागवत कथा में 1 मार्च से 6 मार्च तक चलने वाली भागवत कथा में आज कृष्ण सुदाम चरित्र का प्रसंग सुनाया जाएगा। यज्ञचार्य पंडित कृष्णकांत शास्त्री ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन करते हुए कहा कि माखन चुराकर नाचकर व गोचारण के द्वारा श्रीकृष्ण ने समाज को खुशियां देने का कार्य किया।



*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मंगलवार को प्रदेश के विभिन्न धार्मिक, सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक स्थलों के विकास कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कहा, राज्य सरकार गौरवशाली विरासत के संरक्षण और विकास के लिए प्रतिबद्ध होकर कार्य कर रही है।*

# ‘आस्था स्थलों के संरक्षण से राज्य में पर्यटन का विकास होगा’

## मुख्यमंत्री भजनलाल ने विभिन्न धार्मिक, सांस्कृतिक व ऐतिहासिक स्थलों के विकास की समीक्षा की

जयपुर, 4 मार्च। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि हमारे सांस्कृतिक, धार्मिक और ऐतिहासिक स्थल हमारी प्राचीन विरासत का महत्वपूर्ण अंग है। राज्य सरकार इस गौरवशाली विरासत के संरक्षण और विकास के लिए प्रतिबद्ध होकर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि राजस्थान में धार्मिक और सांस्कृतिक पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। हमारे आस्था स्थलों का संरक्षण कर हम पर्यटन क्षेत्र को भी विकसित कर सकते हैं। इससे बड़ी संख्या में रोजगार का भी सृजन होगा।

शर्मा मंगलवार को मुख्यमंत्री निवास पर प्रदेश के विभिन्न धार्मिक, सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक स्थलों के विकास कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि विकास के साथ

- **मुख्यमंत्री ने कहा कि युवा पीढ़ी को राजस्थान की ऐतिहासिक, धार्मिक व सांस्कृतिक विरासत से रुबरु करने के लिए स्कूली विद्यार्थियों को प्रसिद्ध स्मारकों एवं ऐतिहासिक स्थलों की नियमित यात्राएं कराई जायेंगी।**

विरासत का संरक्षण हमारा ध्येय है और इस पर कार्य करते हुए हम आस्था धामों के विकास के लिए कार्य कर रहे हैं। प्रदेश के विभिन्न मंदिरों के जीर्णोद्धार और धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्धता से कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी को राजस्थान की गौरवशाली ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक विरासत से रूबरू कराया जाना आवश्यक है। इसके लिए स्कूली विद्यार्थियों को प्रसिद्ध स्मारकों एवं ऐतिहासिक स्थलों की नियमित यात्राएं करवाई जाएं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि संकल्प पत्र में ब्रज चौरासी सर्किट को भक्ति पर्यटन के रूप में विकसित किए जाने की घोषणा की गई थी। इस हेतु ब्रज चौरासी कोस परिक्रमा मार्ग पर पर्यटन सुविधाओं का विकास किया जा रहा है।

शर्मा ने अधिकारियों को जैसलमेर स्थित तनोट माता मन्दिर में विकास कार्य करवाने तथा वहां आने वाले श्रद्धालुओं के ठहरने की उचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जयपुर के पास स्थित सांभर लेक क्षेत्र भी गुजरात के रण क्षेत्र की तरह महत्वपूर्ण पर्यटन स्थल बन सकता है। यहां होने वाले सांभर फेस्टिवल में बड़ी संख्या में देशी-विदेशी सैलानी हिस्सा लेते हैं।

बैठक में राजस्थान धरोहर प्राधिकरण के अध्यक्ष ओंकार सिंह लखावत, अतिरिक्त मुख्य सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय शिखर अग्रवाल, अतिरिक्त मुख्य सचिव सार्वजनिक निर्माण विभाग प्रवीण गुप्ता, शासन सचिव देवस्थान विभाग डॉ. कृष्णा कांत पाठक, शासन सचिव पर्यटन रवि जैन सहित, संबंधित विभागों के उच्चाधिकारी उपस्थित थे। साथ ही, जिला कलक्टर जैसलमेर प्रताप सिंह, जिला कलक्टर भरतपुर डॉ. अमित यादव एवं जिला कलक्टर डीग उत्सव कौशल वीसी के माध्यम से बैठक से जुड़े।

# कांग्रेस ने आरोप लगाया कि भाजपा आर.टी.आई. व्यवस्था को कमज़ोर कर रही है

**-डॉ. सतीश मिश्रा-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 4 मार्च। कांग्रेस और उसके अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने भाजपा -नीत केन्द्र सरकार पर डेटा प्रोटैक्शन कानून लाकर आर.टी.आई. एक्ट को कमज़ोर करने का आरोप लगाया और कहा कि उनकी पार्टी जनता के अधिकारों के संरक्षण के लिए इस तानाशाह सरकार से लड़ने को प्रतिबद्ध है।

कांग्रेस पार्टी ने कहा, गत कुछ वर्षों से गलत या झूठी सूचना दिए जाने के क्षेत्र में भारत पहले नम्बर है और मोदी सरकार डेटा प्रोटैक्शन लॉ के जरिए कांग्रेस की पूर्व यूपीए सरकार द्वारा लाए गए सूचना के अधिकार कानून को कमज़ोर करने पर आमादा है।

- **कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा, उनकी पार्टी आर.टी.आई. एक्ट को कमज़ोर करने की इस कोशिश के खिलाफ संघर्ष करेगी।**
- **कांग्रेस का आरोप है कि केन्द्र सरकार डेटा प्रोटैक्शन एक्ट की आड़ में राइट टु इन्फॉर्मेशन एक्ट को कमज़ोर करने पर आमादा है।**

उन्होंने कहा कि सूचना चाहे पब्लिक सैक्टर से जुड़ी हो, जैसे राशन कार्ड की लिस्ट, मनरेगा के लाभान्वित, जनकल्याण कार्यों में शामिल लोगों की लिस्ट, मतदाता, स्कैम करने वाले अरबपति, जो बैंक से करोड़ों रुपए का कर्ज लेकर देश से भाग गए हो, यह सब पब्लिक होना चाहिए।

कांग्रेस ने कहा कि अभी मोदी सरकार डेटा प्रोटैक्शन के नाम पर आरटीआई को कमज़ोर कर रही है। अब ये नाम सार्वजनिक रुप से नहीं मिलेंगे।

कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने कहा कि निजता का अधिकार मूल अधिकार है और उनकी पार्टी इसके लिए लड़ी है। पर जब जनकल्याण की बात आती है तो सूचना का अधिकार एक अनिवार्यता है।

पूर्व कांग्रेस सरकार के अनुभव का हवाला देते हुए खड़गे ने कहा "कांग्रेस के राज में निजता के अधिकार का भी ख्याल रखा गया और सूचना के अधिकार का भी। पर इसका अर्थ यह नहीं कल्याणकारी योजनाओं के लाभान्वितों पर घोटालेबाजों के नाम सार्वजनिक नहीं किए जाने चाहिए।" कांग्रेस ने कहा कि वह आरटीआई को कमज़ोर नहीं होने देगी। पार्टी ने पहले भी इसके लिए आवाज़ उठाई हैं और आगे भी ऐसा करना जारी रखेंगे।

खड़गे, जो राज्यसभा में विपक्ष के नेता हैं ने कहा कि हमारी पार्टी इस तानाशाही सरकार से जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष करती रहेगी।

## दिलीप जायसवाल बिहार भाजपा के अध्यक्ष बने

पटना, 04 मार्च। बिहार भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष पद के लिए आज डॉ. दिलीप जायसवाल के नाम की औपचारिक घोषणा की गई। केन्द्रीय मंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता मनोहर लाल खट्टर ने मंगलवार को यहां बापू सभागार में पार्टी की राज्य परिषद की बैठक में भाजपा के नए प्रदेश अध्यक्ष के रूप में डॉ. जायसवाल की ताजपोशी

- **केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने राज्य परिषद की बैठक में यह घोषणा की।**

की घोषणा करते हुए कहा कि पार्टी की परंपरा रही है कि तीन साल में संगठन का नए सिरे से गठन किया जाता है। यह एक संवैधानिक प्रक्रिया है। खट्टर ने कहा कि बिहार में सांगठनिक रूप से 52 जिले हैं, जिनमें से 40 जिलों में इसकी प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। उन्होंने बताया कि पार्टी के चुनाव प्रभारी राजेश वर्मा के सामने सोमवार को ही डॉ. दिलीप जायसवाल ने नामांकन पत्र भरा था।

## अगले वर्ष के विधानसभा....

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

उन्होंने पत्र में लिखा कि प्रस्तावित प्रोजैक्ट के मरीन बायोस्फियर रिज़र्व में है, जो कोरल रीफ, सी ग्रास का घर है तथा यहाँ काफी दूरी तक फैले मैन्ग्रोव जंगल हैं, जो तटवर्ती राज्य के लिए उपयोगी है। इनसे भोजन, दवाएं व लकड़ी मिलती है, यहाँ कई ऐसे जानवरों व पक्षियों का आवास है, जो दुर्लभ हैं। यह राज्य को तूफानों व ज्वार-भाटे से सुरक्षा देता है। पाक बे में डुगोंग (समुद्री गाय) का संरक्षित आवास है और उस पर इस प्रोजैक्ट का विपरीत प्रभाव पड़ेगा। पाक बे में भारत व श्रीलंका के बीच एक ट्रांस बाउन्ड्री क्षेत्र है। यह क्षेत्र दुर्लभ समुद्री जीवों का घर है। यहाँ कई एकड़ क्षेत्र में समुद्री घास फैला है, जो इनका प्रमुख भोजन है।

डुगोन्डा को इन्टरनैशनल यूनियन फॉर कंज़र्वेशन ऑफ नेचर (आई.यू.सी.एन.) ने "वल्नरेबल" श्रेणी में रखा है, क्योंकि इसके अस्तित्व के लिए भारी खतरा है।

यहाँ खनन करने से लाखों मछुआरों की आजीविका प्रभावित हो सकती है, जो तटवर्ती क्षेत्र के मछुआरों की मुश्किलें बढ़ा सकती है।

उन्होंने कहा कि गल्फ ऑफ मन्नार के ब्लॉक्स को नीलामी के लिए अधिसूचित करने से पहले राज्य सरकार से विचार-विमर्श नहीं किया गया। स्टालिन ने प्रधानमंत्री से कहा, वे इसमें हस्तक्षेप करें और निर्णय वापस लें तथा जैव विविधता वाले क्षेत्र से जिन क्षेत्रों को चिन्हित किया गया है, उनका नाम पैट्रोलियम मंत्रालय में ओपन, एकरेज, लाईसैंसिंग प्रोग्राम (ओ.एल.ए.पी.) से हटाया जाए। यह अधिसूचना 11 फरवरी को जारी हुई थी, जिसमें गल्फ ऑफ मन्नार मरीन बायोस्फिअर क्षेत्र का 10,000 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र शामिल हैं, जिसमें 560 वर्ग किलोमीटर में फैला समुद्री नैशनल पार्क और 448 वर्ग किलोमीटर में फैला डुगॉन्ग रिज़र्व भी शामिल है।

## केजरीवाल ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

धर्म में निहित है और यह एक गैर-सांप्रदायिक तकनीक है, जिसका उद्देश्य मानसिक अशुद्धियों को दूर करना और मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देना है। इस पाठ्यक्रम में अनुशासन की एक सख्त संहिता का पालन किया जाता है। पांच मार्च से 15 मार्च तक चलने वाले 10 दिवसीय ध्यान शिविर में प्रतिभागियों को केन्द्र के नियमों का सख्ती से पालन करना होगा। उन्हें मोबाइल फोन, इंटरनेट, टेलीविजन या समाचार पत्रों का उपयोग करने से बचना चाहिए। पाठ्यक्रम एक सहायक शिक्षक द्वारा संचालित किया जाएगा, और प्रतिभागियों को ध्यान के घंटों के बाहर भी पूरी तरह से मौन रहना चाहिए।

## नाबालिग से अश्लीलता पर...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

ने बताया कि अभियुक्त ने दादी के कमरे में ले जाकर उसके साथ गलत काम करने की कोशिश की। रिपोर्ट पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने अभियुक्त को गिरफ्तार कर अदालत में आरोप पत्र पेश किया। दूसरी ओर, अभियुक्त की ओर से अदालत को बताया कि उसे प्रकरण में जबरन फंसाया गया है। पुलिस ने घर में काम करने वाली नौकरानी के बयान भी दर्ज नहीं किए। अभियोजन पक्ष के साक्ष्य में विरोधाभास है। ऐसे में उसे दोषमुक्त किया जाए। याचिका पर सुनवाई करते हुए अदालत ने अभियुक्त को सजा और जुर्माने से दंडित किया है।

## मद्रास व बॉम्बे हाईकोर्ट में आठ न्यायाधीश नियुक्त

नयी दिल्ली, 04 मार्च। सरकार ने मद्रास और बॉम्बे उच्च न्यायालयों में कुल आठ न्यायाधीशों की नियुक्ति की है, जिनमें चार मद्रास उच्च न्यायालय और चार मुंबई उच्च न्यायालय के लिये हैं। विधि एवं न्याय मंत्रालय की मंगलवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार, इनमें मद्रास उच्च न्यायलय में नियुक्त चार और मुंबई उच्च न्यायालय

- **मद्रास हाईकोर्ट में 4 अपर न्यायाधीशों को तथा बॉम्बे में 3 को स्थाई किया गया है।**

में नियुक्त तीन न्यायाधीश इन न्यायालयों में अपर न्यायाधीश के रूप में कार्य कर रहे थे। इन्हें उनके वर्तमान न्यायालयों में स्थायी किया गया है।

मुंबई न्यायालय में चौथी नियुक्ति अपर न्यायाधीय के पद के लिए है, जो आगामी अगस्त से एक वर्ष के लिए प्रभावी होगी। विज्ञिप्त में कहा गया है कि राष्ट्रपति दौपदी मुर्मु ने भारत के संविधान द्वारा प्रदत्त शक्ति का प्रयोग करते हुए इन उच्च न्यायालयों में स्थायी न्यायाधीश/अपर न्यायाधीश के रूप में नियुक्ति की है। विज्ञिप्त के अनुसार, मद्रास उच्च न्यायालय में जिन अपर न्यायाधीशों को स्थायी न्यायाधीश बनाया गया है, उनमें न्यायाधीश सर्वरामासामी शक्तिवेल, पी. धनबल, चिन्नास्वामी कुमारप्पन और कंडासामी राजशेखर का नाम शामिल है।

## क्षतिग्रस्त सुरंग में कन्वेयर बेल्ट चालू हुई

नगरकुरनूल, 04 मार्च। तेलंगाना में आंशिक रूप से ध्वस्त सुरंग के अंदर कन्वेयर बेल्ट को ठीक कर लिया गया है और उसने मंगलवार को काम करना शुरू कर दिया। एक अधिकारी ने बताया कि इससे बचाव कर्मियों को सुविधा होगी और अंदर फंसे मलबे आदि को निकालने में आसानी और तेजी आएगी। कन्वेयर बेल्ट 22 फरवरी को हादसे के बाद क्षतिग्रस्त हो गई थी। इस बीच दक्षिण मध्य रेलवे की विशेषज्ञ टीम ने सुरंग के अंदर बोरिंग मशीन के क्षतिग्रस्त प्लेटफॉर्म को काट दिया है।

अधिकारी ने बताया कि श्रीशैलम लेफ्ट बैंक कैनाल (एसएलबीसी) परियोजना की ध्वस्त सुरंग के अंदर बचाव अभियान में तेजी आएगी। उन्होंने बताया कि सुरंग के अंदर फंसे हुए आठ लोगों को खोजने के प्रयासों में अब तक कोई सफलता नहीं मिली है। बचावकर्मी हर दिन तीन पारियों में काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मलबा हटाने और पानी निकालने की प्रक्रिया जारी है।

दरअसल, सुरंग के अंदर भारी मात्रा में कीचड़ और पानी होने के कारण बचाव दलों के लिए चुनौती खड़ी हो गई है। नगरकुर्नूल के पुलिस अधीक्षक वैभव गायकवाड़ ने सोमवार को कहा था कि राज्य सरकार बचाव अभियान में बचाव दल को किसी भी खतरे से बचाने के लिए रोबोट तैनात करने पर विचार कर रही है। वैभव गायकवाड़ ने बताया

- **एक अधिकारी के अनुसार, इससे बचाव अभियान में तेजी आयेगी।**

कि आज सुबह कन्वेयर बेल्ट चालू कर दिया गया है। रेलवे प्लाज्मा मशीनें भी यांत्रिक मलबे को हटाने के लिए काम कर रही हैं।

एसएलबीसी सुरंग परियोजना के इंजीनियर प्रभु श्रीवास्तव का कहना है कि मशीनों द्वारा कटाई का काम युद्धस्तर पर चल रहा है। खुदाई करने वाली मशीनें अंदर जाएंगी और कन्वेयर बेल्ट पर मलबा बाहर भेजेंगी। रैट माइनर्स, एनडीआरएफ और अन्य टीमें उन जगहों पर काम कर रही हैं, जिन्हें चिन्हित किया गया है। हम नहीं कह सकते कि इसमें और कितने दिन लगेंगे।

## हाई कोर्ट ने...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

अपने गृह जिले या उसके नजदीक के स्थानों के महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम स्कूल में नियुक्ति के लिए आवेदन कर परीक्षा दी थी। याचिकाकर्ताओं के अधिक अंक लाने के बावजूद उन्हें गृह जिले में नियुक्ति नहीं दी, जबकि उनसे कम अंक लाने वाले दूसरे अभ्यर्थियों को गृह जिले या आसपास की स्कूल में नियुक्ति दी गई। याचिका पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने गत दिसंबर माह में याचिकाकर्ता को कहा था कि वह शिक्षा विभाग में इस संबंध में अपना अभ्यावेदन दे। वहीं, अदालत ने शिक्षा विभाग को कहा था कि वह इन अभ्यावेदनों को तय करे। याचिका में कहा गया कि अदालती आदेश के बावजूद शिक्षा विभाग ने उनके अभ्यावेदनों को तय नहीं किया है। याचिका पर सुनवाई करते हुए अदालत ने 19 मार्च तक अभ्यावेदन तय नहीं करने पर शिक्षा निदेशक को हाजिर होकर इस संबंध में अपना जवाब पेश करने को कहा है।

## हाईवे के किनारे अवैध...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

मीटर तक शराब की दुकानों का संचालन अवैध है। इसके बावजूद, प्रदेश में सुप्रीम कोर्ट व आबकारी अधिनियम के प्रावधानों की अवहेलना कर अवैध तरीके से हाइवे के किनारे ही दुकानें चलाई जा रही हैं।

इसलिए राज्य सरकार को निर्देश दिया जाए कि वह हाइवे किनारे अवैध तौर पर चल रही शराब की दुकानों को बंद करवाकर उनके लाइसेंस को रद्द करे। याचिका पर सुनवाई करते हुए खंडपीठ ने करीब एक साल पहले राज्य सरकार और आबकारी विभाग को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया था, लेकिन अभी तक कोई जवाब पेश नहीं किया गया।

# प्र.मंत्री मोदी ने सफेद शेर, बाघ व गैंडा के शावकों को दूध पिलाया


## विश्व वन्यजीव दिवस के अवसर पर प्र.मंत्री ने पशु संरक्षण केन्द्र वनतारा का उद्घाटन किया

जामनगर, 04 मार्च। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विश्व वन्यजीव दिवस के मौके पर गुजरात के जामनगर स्थित पशु संरक्षण केंद्र ‘वनतारा’ का, शंख ध्वनियों, मंत्रोच्चार और लोक कलाकारों के गायन-वादन के बीच उद्घाटन किया और सफेद शेर, बाघ, गैंडा के शावकों को अपने हाथों से दूध पिलाया। वनतारा, वन्य जीवों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिये समर्पित केंद्र है।

‘वनतारा’ की ओर से मंगलवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, मोदी ने तीन हजार एकड़ में फैले वनतारा में काफी वक्त बिताया और वहां जानवरों के लिए बनाई गई विश्व स्तरीय सुविधाओं का जायजा लिया। प्रसिद्ध उद्योगपति मुकेश अंबानी के पुत्र अनंत अंबानी की पहल पर वनतारा बनाया गया है। वनतारा पहुंचने पर अंबानी परिवार ने पारंपरिक तरीके से प्रधानमंत्री का स्वागत किया।

प्रधानमंत्री ने परिसर में बने मंदिर में हुई पूजा-अर्चना में भी भाग लिया। वह वनतारा में जानवरों के लिए विशेष रूप से तैयार मल्टी स्पेशलिटी

- **वनतारा में अम्बानी परिवार ने पारंपरिक तरीके से प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत किया।**
- **अम्बानी परिवार ने गुजरात के जामनगर में 3000 एकड़ में "वनतारा" बनवाया है जहां जानवरों की मल्टी स्पैशलिटी अस्पताल व नर्सरी है जिनमें जानवरों के नवजात बच्चों की देखरेख की जाती है।**



*प्रधानमंत्री मोदी ने विश्व वन्यजीव दिवस "वनतारा" में जानवरों के साथ मनाया। यहां उन्होंने सफेद शेर, बाघ व गैंडा के शावकों को दूध पिलाया।*

हॉस्पिटल का मुआयना करने गये और विशेष चिकित्सीय उपकरणों, जैसे सीटी स्कैन, एमआरआई, अल्ट्रासाउंड और एंडोस्कोपी का लाइव प्रदर्शन देखा। जानवरों के लिए बनाए गए आईसीयू और ऑपरेशन थियेटर में भी उन्होंने दिलचस्पी दिखाई। वनतारा में हाल ही में पैदा हुए जानवरों के छोटे बच्चों के लिए नर्सरी भी बनाई गई है। उन्होंने वनतारा में काम करने वाले कर्मचारियों की लगन और मेहनत की प्रशंसा की।

उन्होंने एशियाई शेर के शावकों, सफेद शेर के शावक, दुर्लभ और लुप्तप्राय प्रजाति, क्लाउडेड लैपर्ड तेंदुआ शावकों को देखा और अपने हाथों से सफेद शेर, बाघ, गैंडा के शावकों को दूध पिलाया।

# भारत चैम्पियंस ट्रॉफी के फाइनल में ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

दिये। शुभमन गिल (आठ) और कप्तान रोहित शर्मा (28) रन बनाकर आउट हुये। इसके बाद विराट कोहली और श्रेयस अय्यर की जोड़ी ने पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच तीसरे विकेट के लिए 91 रनों की महत्वपूर्ण साझेदारी हुई और 27 वें ओवर में ऑस्ट्रेलियन गेंदबाज एडम जम्पा ने श्रेयस अय्यर को बोल्ड कर इस साझेदारी को तोड़ा। श्रेयस अय्यर ने 62 गेंदों में (45) रनों की पारी खेली। फिर विराट और अक्षर पटेल के बीच 44 रन की साझेदारी हुई। अक्षर पटेल (27) को नेथन एलिस ने बोल्ड कर साझेदारी तोड़ी, 43 वें ओवर में एडम जम्पा ने शतक की ओर बढ़ रहे विराट कोहली को आउट कर भारत को पांचवां झटका दिया। विराट कोहली ने 98 गेंदों में पांच चौके लगाते हुए (84) रनों की अद्भुत पारी खेली। तूफानी बल्लेबाजी कर रहे हार्दिक पंड्या को 48वें ओवर में नेथन एलिस ने मैक्सवेल के हाथों कैच आउट कराकर ऑस्ट्रेलिया को छठी सफलता दिलाई। हार्दिक ने 24 गेंदों में एक चौका और तीन छक्के लगाते हुए (28) रनों की पारी खेली। के एल राहुल ने 34 गेंदों में दो चौके और दो छक्के लगाते हुए (नाबाद 42) रन बनाये। रवींद्र जडेजा (दो) रन बनाकर नाबाद रहे। भारत ने 48.1 ओवर में छह विकेट पर 267 रन बनाकर मुकाबला चार विकेट से जीत लिया। इसी के साथ भारत टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंच गया है, जहां उसका मुकाबला दूसरे सेमीफाइनल की विजेता टीम से होगा।

ऑस्ट्रेलिया की ओर से एडम जम्पा और नेथन एलिस ने दो- दो विकेट लिये। बेन ड्वारशिवस और कूपर कॉनोली ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

इससे पहले आज यहां ऑस्ट्रेलिया के कप्तान स्टीव स्मिथ ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने चार रन के स्कोर पर कूपर कॉनोली (शून्य) का विकेट गवां दिया। कूपर कॉनोली को मोहम्मद शमी ने आउट किया। इसके बाद कप्तान स्टीव स्मिथ ने ट्रैविस हेड के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया। नौवें ओवर में वरूण चक्रवर्ती ने ट्रेविस हेड को आउट कर भारत को दूसरी सफलता दिलाई। ट्रेविस हेड ने 33 गेंदों में पांच चौके और दो छक्के लगाते हुए 39 रनों की पारी खेली। मार्नस लाबुशेन (29) को एल.बी.डब्ल्यू आउटकर रवींद्र जडेजा ने ऑस्ट्रेलिया को तीसरा झटका दिया। जॉश इंग्लिश (11) भी जडेजा का शिकार बने। शतक की ओर बढ़ रहे स्टीव स्मिथ को मोहम्मद शमी ने 37वें ओवर में बोल्ड कर दिया। स्टीव स्मिथ ने 96 गेंदों में चार चौके और एक छक्के की मदद से (73) रनों की पारी खेली। ग्लेन मैक्सवेल (सात) को अक्षर पटेल ने बोल्ड किया। बेन ड्वारशिवस (19) को चक्रवर्ती ने आउट किया। एलेक्स कैरी को श्रेयस अय्यर ने रनआउट किया। एलेक्स कैरी ने 57 गेंदों में आठ चौके और एक छक्का लगाते हुए (61) रनों की पारी खेली। नेथन एलिस (10) को शमी ने नौवें विकेट के रूप में आउट किया। आखिरी ओवर करने आये हार्दिक पंड्या ने एडम जम्पा (सात) रन को बोल्ड कर ऑस्ट्रेलिया की पारी का 264 के स्कोर पर अंत कर दिया।

भारत की ओर से मोहम्मद शमी को तीन विकेट मिले। रवींद्र जडेजा, हार्दिक पंड्या और वरूण चक्रवर्ती ने दो-दो विकेट लिये। अक्षर पटेल ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

सेमीफाइनल में प्लेयर ऑफ द मैच बने चेज़ मास्टर विराट कोहली, जिन्होंने 84 रन की बेहद अहम पारी खेली। दुबई के इंटरनेशनल स्टेडियम में मंगलवार को खेले गए सेमीफाइनल में कोहली ने रन चेज़ में 3 बड़ी साझेदारियां भी कीं।

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी 2025 सेमीफाइनल के दौरान चैंपियंस ट्रॉफी के इतिहास में भारत के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गए। कोहली ने वनडे रन चेज़ में 8000 रन भी पूरे कर लिए हैं। उन्होंने 265 रन के चुनौतीपूर्ण लक्ष्य का पीछा करते हुए 21 रन बनाकर ये उपलब्धि हासिल की। कोहली ने 301 मैचों के करियर में वनडे में दूसरे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए सिर्फ 159वीं पारी में 8000 रन का रिकॉर्ड बनाया।

## इजरायल ने संघर्ष विराम के लिये नई शर्तें रखीं

यरूशलम, 04 मार्च। इजरायल ने जनवरी में लागू हुए संघर्ष विराम समझौते के अगले चरण में आगे बढ़ ने के लिए गाजा पट्टी से विसैन्यीकरण और हमास के शासन की समाप्ति की मांग की है। यह जानकारी इजरायली विदेश मंत्री गिदोन सा'र ने मंगलवार को दी।

गिदोन ने एक प्रेस ब्रीफिंग में कहा कि हमारे पास दूसरे चरण पर कोई समझौता नहीं है। हम गाजा से पूरी तरह से विसैन्यीकरण की मांग करते हैं, और हमास और इस्लामिक जिहाद को बाहर निकाल कर अपने बंधकों की वापसी की मांग करते हैं। उन्होंने कहा कि अगर हमास इन मांगों पर सहमत हो जाता है तो "हम कल ही समझौते को लागू कर सकते हैं।" रविवार सुबह से गाजा में मानवीय सहायता रोकने के इजरायल के कदम का उल्लेख करते हुए, सा'र ने दावा किया कि हमास द्वारा इस सहायता का उपयोग अपने उद्देश्यों को पूरा करने के लिए किया जा रहा था। उन्होंने कहा कि मानवीय आपूर्ति हमास के लिए बजट की सबसे बड़ी आय बन गई है।

# चंडीगढ़ में प्रदर्शन से पहले किसान नेता गिरफ्तार किये गये

## मुख्यमंत्री भगवंत मान और संयुक्त किसान मोर्चा की बैठक बेनतीजा रहने के बाद कार्यवाही की गई

चंडीगढ़, 04 मार्च। चंडीगढ़ में बुधवार को होने वाले संयुक्त किसान मोर्चा के प्रदर्शन से पहले पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। मोर्चा नेता बलबीर सिंह राजेवाल को देर रात 1.30 बजे हिरासत में ले लिया गया। कई जिलों में किसान नेताओं के घरों पर छापेमारी की गई और उनको हिरासत में लिया गया है। किसानों ने जगह-जगह पुलिस का विरोध किया। गौरतलब है कि सोमवार को मुख्यमंत्री मान और संयुक्त किसान मोर्चा की बैठक बेनतीजा रही थी। तभी सीएम मान बैठक छोड़कर बाहर निकल गए थे, जिसके बाद किसान नेताओं ने अपनी नाराजगी जाहिर की थी। इसके बाद किसानों ने 5 मार्च को चंडीगढ़ कूच का ऐलान किया था। पुलिस कार्रवाई पर नेता विपक्ष प्रताप

- **मुख्यमंत्री मान ने कहा कि किसानों की मांगें केन्द्र से हैं, मुझसे संबंधित नहीं हैं।**

सिंह बाजवा ने मुख्यमंत्री मान पर तंज कसते हुए कहा, ‘महाराजा सतोज, अपना होश गवा बैठा, समां हुआ 5 बजे का, दिन-दहाडे शराब ले बैठा’।

विवाद बढ़ ने पर मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा- मैंने किसानों से पूछा था कि प्रदर्शन का क्या रहेगा? किसानों का कहना था कि जारी रहेगा। फिर मैंने कहा कि मुझे ढ ाई घंटे तक क्यों बैठाया? ये मांगें मुझसे संबंधित नहीं थीं। ये मांगें केन्द्र से सम्बन्धित हैं। इस पर किसानों का कहना था कि डर कर आप मीटिंग में आए हैं। मैं उन्हें यह कहकर आया था कि मैं मित्र की तरह हूं। मीटिंग और मोर्चा साथ नहीं चलेगा।

पंजाब के कृषि मंत्री गुरमीत सिंह खुड्डियां ने कहा कि किसान जब चाहे मीटिंग कर सकते हैं। किसान हमारे सत्कार योग हैं। कल मीटिंग काफी अच्छे माहौल में चल रही थी। किसान 18 मांगे लेकर आए थे, 8 मांगों पर चर्चा हुई।

चंडीगढ़ पुलिस ने कल होने वाले किसानों के चंडीगढ़ कूच को देखते हुए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं। चंडीगढ़ में एंट्री करने वाले 12 पॉइंट्स पर रूट डायवर्ट किए गए हैं और करीब 2500 पुलिसकर्मी और सीनियर अफसर तैनात किए जाएंगे।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक:- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908